राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 20 मार्च 2025
वर्ष 06, अंक 170, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

किशोरी का अपहरण करके किया बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार...08


परीक्षा देकर लौट रही युवती की सुनसान इलाके में मिली लाश,जांच शुरू...03

## सुप्रीम कोर्ट मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी याचिकाओं पर 16 अप्रैल को करेगा सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए बुधवार को 16 अप्रैल की तारीख तय की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख तय की। इससे पहले अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने न्यायालय में कहा कि मामला 38वें क्रमांक पर सूचीबद्ध है और आज इस पर सुनवाई होने की संभावना नहीं है। वकील प्रशांत भूषण ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जड़ से जुड़ा है और यह मुद्दा 2023 के संविधान पीठ के फैसले के अंतर्गत आता है। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि अदालत इन सभी दलीलों को समझती है, लेकिन हर दिन कई जरूरी मामले सूचीबद्ध होते हैं। पीठ ने कहा, ''हम इसे 16 अप्रैल के लिए रखते हैं, ताकि मामले की अंतिम सुनवाई हो सके।'' याचिकाकर्ता एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से पेश भूषण ने कहा कि इस मामले में एक छोटा कानूनी प्रश्न यह है कि क्या प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश की भागीदारी वाले पैनल के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी 2023 के संविधान पीठ के फैसले का पालन किया जाना चाहिए या 2023 के कानून का पालन किया जाना चाहिए, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को पैनल से बाहर रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 फरवरी को कहा था कि वह मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर ''प्राथमिकता के आधार'' पर सुनवाई करेगा। भूषण ने कहा कि सरकार 2023 के कानून के तहत नए मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करके ''लोकतंत्र का मजाक उड़ा रही हैं। सरकार ने 17 फरवरी को चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था। कुमार नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं और उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा, जिसके कुछ दिन बाद निर्वाचन आयोग अगले लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित करेगा। हरियाणा कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। जोशी (58) 2031 तक चुनाव आयोग में सेवाएं देंगे। भूषण ने 2023 के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि इसमें कहा गया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक स्वतंत्र पैनल करेगा जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश शामिल हों। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च 2024 को 2023 के कानून के तहत नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को चयन पैनल से बाहर रखा गया था और नियुक्तियों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी थी।

## उपजिलाधिकारी ने मुडीला गांव में की छापामारी, खाद्यान बरामद



**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी उर्फ मुडीला गांव में तस्करी की सूचना पर राजस्व टीम ने छापामारी की जिसमें दो मकान में रखा नौ बोरी गेहूं बरामद किया गया।एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल सिंह को सूचना मिली कि कोतवाली कपिलवस्तु क्षेत्र के। मुडीला गांव में तस्करी के लिए गोदाम में भारी मात्रा में खाद्यान्न स्टॉक है। एसडीएम ने तहसीलदार अजय मौर्य को जांच के लिए मौके पर भेजा। कुछ देर बाद खुद गांव पहुंच गए। संदिग्ध घरों की तलाशी ली गई। जिसमें एक घर से चार बोरी तथा दूसरे घर से पांच बोरी बरामद हुआ। जांच में कोटे के अनाज का शक होने पर एक कोटेदार के दुकान को चेक करने पहुंचे,क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शोहरतगढ़ सतीश चंद्र ,द्वारा के खाद्यान्न के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। कोटेदार मौके पर नहीं रहा तीन घंटे तक प्रशासन को घुमाता रहा।उसके बाद गोलमाल करने के बाद ताला खोला, जो संदिग्ध दिख रहा था। एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल सिंह ने कहा जांच में बिलंब और प्रशानिक अधिकारी को गुमराह कर घंटों परेशान किया गया।इसकी जांच रिपोर्ट संबंधित उच्च अधिकारी को दिया जाएगा। बरामद नौ बोरी गेहूं कोतवाली के सुपुर्द कर संलिप्त लोगों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम में तहसीलदार अजय कुमार मौर्य,राजस्व निरीक्षक रामचंद्र प्रसाद,सुनील कुमार,राजस्व कर्मी कमलेश कुमार। कुमार मौर्या शामिल रहे।

## महिला आयोगने महिला जनसुनवाई में सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्यायें



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग गीता विश्वकर्मा के द्वारा बुधवार को सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, अवैध कब्जे से सम्बंधित शिकायतों सहित अन्य कई शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर महिला जनसुनवाई में जरूर आये। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जायेगी। महिला जनसुनवाई में कुल 11 प्रकरण सुनवाई के लिए आये।। जनसुनवाई में प्रार्थिनी सुषमा केसरी पत्नी शिव प्रताप केसरी निवासी ग्राम हरभानपुर थाना व तहसील फूलपुर के द्वारा ससुराल के परिवार के पट्टीदार के द्वारा फर्जी मुकदमा लिखाकर उत्पीड़न किए जाने की शिकायत की, जिसपर माननीय सदस्य महोदया ने सम्बंधित एसीपी एवं नोडल आफिसर वुमेन क्राइम को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए कहा है। प्रार्थिनी श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी त्रिलोकी लाल शुक्ल निवासी ग्राम गोसेसीपुर थाना फूलपुर एवं प्रभावती देवी पत्नी राम अभिलाष गौड़ ने दबंगो द्वारा जेसीबी के माध्यम से उनकी बाउंड्रीवाल, सीमेण्टसेट व सरकारी शौचालय को गिराकर भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने तथा उसपर शिकायत किए जाने पर भी कोई कार्यवाही न होने की शिकायत की, जिसपर मा0 सदस्या ने नोडल आफिसर वुमेन क्राइम को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। सदस्या ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई

**प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही करने के दिए निर्देश।**

महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती है, तो पूरी गम्भीरता/संवेदना के साथ महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाये। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि महिला जन सुनवाई में आने वाले शिकायती प्रकरणों के निस्तारण की मानिटरिंग सुनवाई के बाद नियमित रूप से आयोग के स्तर पर की जाती है इसलिए प्रकरणों को बेवजह लम्बित करने तथा पीड़ित महिलाओ को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सर्वजीत सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कुत्ते के झुंड ने किया बंदर पर हमला, राहगीरों बचाई जान

**पनियरा।** स्थानीय थाना अन्तर्गत बुधवार को दोपहर में ग्राम सभा बैदा में कुत्तों के एक झुंड ने एक बंदर को घेर कर हमला कर दिया और उसे घायल कर दिया। उसी समय कुछ



राहगीरों ने रुक कर डंडे से डरा कर कुत्ते को भगाया और घायल बंदर को चौरी चौराहे स्थित पशु चिकित्सालय पर लाया। जहां पर मौजूद डाक्टर अक्षय लाल चौधरी ने इलाज किया। घायल बंदर भी इलाज के दौरान शरारत नही किया जो देखने लायक था। बंदर का मदद करने वालों में स्वयम्बर मौर्य, हेमंत कुमार, मंजित मौर्य, राम भोग प्रसाद इलाज के दौरान मौजूद रहे।

### हाईवे पर अनाधिकृत खड़े वाहनों पर हुई कार्रवाई

**कानपुर।** यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा जी0टी0 रोड/ राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनधिकृत रूप से खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया । टीआई दक्षिण जोन द्वारा वाकरगंज से यशोदा नगर व यशोदा नगर से वाकरगंज तक टीआई दक्षिण जोन द्वारा सागर हाई-वे पर टीआई



पश्चिम जोन द्वारा भौति हाईवे पर,टीआई पश्चिम जोन (द्वितीय) द्वारा कानपुर- कन्नौज हाईवे पर सड़क के किनारे खड़े भारी वाहनों को हटाया गया व कुल 37 वाहनों पर वैधानिक कार्यवाही की गयी तथा भविष्य में सड़क के किनारे वाहन खड़ा न करने हेतु निर्देशित भी किया गया । उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा दिनांक-18.03.2025 को यातायात नियमों का पालन न करने वालो पर की कार्रवाई की गई। रॉन्ग साइड 287, ट्रिपल सवारी टू व्हीलर176, एचएसआरपी 22, अन्य 1041 कुल 1526 वाहनों पर कार्यवाही की गई।

## राज्य महिला आयोग सदस्य ने आंगनबाड़ी केंद्र बख्तियारी का भ्रमण किया,बच्चो के विकास के कार्यों जताया संतोष

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र बख्तियारी का भ्रमण किया गया जहां पर चलाए जा रहे हैं कार्यक्रमों और बच्चों की विकास के कार्यों को देखकर संतोष व्यक्त किया गया तथा उसे जारी रखने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिला कारागार की महिला बंदी गृह का परीक्षण किया गया। वहां की स्वच्छता एवं महिला बंदियों के बच्चों की शिक्षा से काफी प्रसन्नता व्यक्त की गई और उन्हें बेहतर सुविधाएं तथा कार्यों में व्यस्त रखने के निर्देश दिए गए। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चाका प्रयागराज का निरीक्षण किया गया तथा विद्यालय में आवासित बालिकाओं से उनका हाल जाना गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को उच्चीकृत किए जाने के संबंध में भी कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की गई। इसके बाद जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया और वार्डो में भर्ती महिलाओं से मुलाकात कर महिला चिकित्सालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई तथा उनके जल्द स्वस्थ होकर घर जान की कामना की गई। इसी प्रकार स्ह्रष्ट वार्ड में भर्ती नवजात बच्चों का भी हाल जाना गया और भर्ती महिलाओं एवं बच्चों को बेहतर से बेहतर सुविधा शासन की मंशा के अनुरूप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जनपद में संचालित राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण कर आवासित महिलाओं से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई और उनके कुशलक्षेम जाना गया तथा उपलब्ध कराई जारी व्यवस्था और साफ सफाई को देखकर संतोष व्यक्त किया गया। गया जहां पर चलाए जा रहे हैं कार्यक्रमों और बच्चों की विकास के कार्यों को देखकर संतोष व्यक्त किया गया तथा उसे जारी रखने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिला कारागार की महिला बंदी गृह का परीक्षण किया गया। वहां की स्वच्छता एवं महिला बंदियों के बच्चों की शिक्षा से काफी प्रसन्नता व्यक्त की गई और उन्हें बेहतर सुविधाएं तथा कार्यों में व्यस्त रखने के निर्देश दिए गए। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चाका प्रयागराज का निरीक्षण किया गया तथा विद्यालय में आवासित बालिकाओं से उनका हाल जाना गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को उच्चीकृत किए जाने के संबंध में भी कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की गई। इसके बाद जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया और वार्डो में भर्ती महिलाओं से मुलाकात कर महिला चिकित्सालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई तथा उनके जल्द स्वस्थ होकर घर जान की कामना की गई। इसी प्रकार स्ह्रष्ट वार्ड में भर्ती नवजात बच्चों का भी हाल जाना गया और भर्ती महिलाओं एवं बच्चों को बेहतर से बेहतर सुविधा शासन की मंशा के अनुरूप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जनपद में संचालित राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण कर आवासित महिलाओं से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई और उनके कुशलक्षेम जाना गया तथा उपलब्ध कराई जारी व्यवस्था और साफ सफाई को देखकर संतोष व्यक्त किया गया।

**कार्रवाई** 12 सर्वेक्षण नंबरों में फैली 15 एकड़ जमीन को खाली कराया जाएगा

## केंद्रीय मंत्री के कब्जे से खाली करायी जाएगी 15 एकड़ जमीन, जेसीबी लेकर पहुंचे अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात



**रामनगर/बेंगलुरु।** कर्नाटक में राजस्व विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश पर केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी और अन्य के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है. इस अभियान के तहत 12 सर्वेक्षण नंबरों में फैली 15 एकड़ जमीन को खाली कराया जाएगा, जिस पर अवैध कब्जे का आरोप है.। रामनगर के जिला मजिस्ट्रेट यशवंत वी. गुरुकर अन्य अधिकारियों के साथ कोर्ट के आदेश और सर्वे रिपोर्ट लेकर कुमारस्वामी के आवास के पास केथागनहल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से जुड़ी कथित रूप से अतिक्रमित भूमि को खाली कराने का अभियान शुरू किया गया. डिप्टी कमिश्नर गुरुकर ने मीडिया को बताया, अदालत के निर्देश के अनुसार, हमने अतिक्रमित भूमि को खाली कराने का काम शुरू कर दिया है. अभियान पूरा होने के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट अदालत को सौंपी जाएगी.। राजस्व विभाग के प्रधान सचिव ने कथित अतिक्रमण की जांच के लिए पहले एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था. सर्वेक्षण संख्या 7, 8, 9, 10, 16, 17 और 79 के अंतर्गत बिदादी के केथागनहल्ली में विभिन्न भूमि खंडों में सर्वेक्षण किया था।

**कुमार स्वामी ने बताया राजनीतिक साजिशः**

केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विवादित जमीन चार दशक पहले कानूनी तौर पर खरीदी गई थी. नई दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ÷मैंने कभी किसी अवैध गतिविधि में भाग नहीं लिया. यह जमीन 40 साल पहले खरीदी गई थी और मैं कानूनी तरीकों से।

**इस राजनीतिक साजिश का मुकाबला करूंगा.**

कर्नाटक के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके कुमारस्वामी ने मामले को लेकर सरकार के रवैये की आलोचना की. उन्होंने कहा, ÷कानून के अनुसार किसी भी बेदखली से पहले 15 दिन पहले नोटिस देना अनिवार्य है, यहां तक कि आम नागरिक के लिए भी. हालांकि, मुझे अभी तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है. उन्होंने आगे आरोप लगाया कि मौजूदा प्रशासन उन्हें गलत तरीके से निशाना बना रहा है. बेंगलुरु के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि भूमि संबंधी मामले में मेरे खिलाफ एसआईटी गठित की गई है. कुमार स्वामी ने मीडिया से रिपोर्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों में इस भूमि की कई बार जांच की जा चुकी है. भूमि निकासी अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है, जिसके पूरा होने पर अधिकारी न्यायालय को अंतिम रिपोर्ट सौंपेंगे. आने वाले हफ्तों में इस मामले में कानूनी और राजनीतिक बहस छिड़ने की संभावना है.। इसके पहले अक्तूबर 24 में केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं.कुमारस्वामी के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कुमारस्वामी के साथ-साथ, जदएस के पूर्व विधान पार्षद रमेश गौड़ा पर भी अमृतहल्ली थाने ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है. विजय टाटा नामक एक व्यवसायी ने आज शहर के अमृतहल्ली पुलिस स्टेशन में केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी और पूर्व विधान परिषद सदस्य रमेश गौड़ा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने 50 करोड़ रुपये देने की धमकी दी. पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## निर्मला पासवान के जिला अध्यक्ष बनने पर वरुणा मंडल के कार्यकर्ताओं ने दी बधाई।

प्रयागराज भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा पूर्व एमएलसी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्मला पासवान को जिला अध्यक्ष गंगा पार बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी वरुणा मंडल के मंडल अध्यक्ष मनोज पाठक



एडवोकेट एवं उनकी टीम द्वारा नव चयनित जिला अध्यक्ष को घर पर जाकर बधाई दी गई एवं भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन चुनाव समिति का आभार व्यक्त किया । मंडल अध्यक्ष मनोज पाठक के साथ बधाई देने वालों में चंचल पांडे ,सुनील पासी, कृष्णकांत शर्मा, दीपक केसरवानी ,समरजीत मौर्य, प्रमोद राठौर ,मिथिलेश बिन्द एवं वरुणा मंडल के समस्त पदाधिकारी रहै।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिलाधिकारीने कस्तूरबा गाँधीआवासी बालिका विद्यालय, कप्तानगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया



**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कस्तूरबा गाँधी आवासी बालिका विद्यालय, कप्तानगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कस्तूरबा गाँधी आवासी बालिका विद्यालय के कक्षाओं, रसोई एवं शयन स्थल सहित पूरे परिसर को देखा। उन्होने पाया कि विद्यालय में स्मार्ट कक्ष बने है तथा सीसी टीवी कैमरे लगे है। उन्होने कक्षा-8, 7 व 6 की छात्राओं से गणित व अंग्रेजी का प्रश्न पूछा। छात्राओं द्वारा अंग्रेजी विषय के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया तथा गणित के प्रश्न का उत्तर संतोषजनक नहीं था। उन्होने शिक्षिकाओं से संवाद कर आवश्यक निर्देश दिया। मध्यान्ह भोजन में चने की दाल, चावल, साग, रोटी बनी थी। उन्होने दाल को चख कर देखा और गुणवत्ता ठीक पाया गया। उन्होने शयनकक्ष एवं शौचालय की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होने प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया कि छात्रों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाय।

## झोपड़ी में आग लगने से युवक और मवेशी झुलसे

**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनहा गाँव में एक झोपड़ी में आग लगने से झोपड़ी जलकर राख हो गई। झोपड़ी में बंधी भैंस भी झुलस गई। आग बुझाने में एक युवक भी झुलस गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया



गयागर्मी के मौसम आते ही आंग कीघटना के अनुसार, शिव कुमार मौर्या ने अपने घर से उत्तर तरफ में चन्ननी में मक्खी भगाने के लिए आग धूइहर किए थे। हवा तेज होने के कारण चरनी की झोपड़ी तेजी से जलने लगी। पर जनों ने शोर मचाया तब आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर किसी तरह से आग पर काबू पाया तब तक झोपड़ी जलकर राख हो गई और तथा झोपड़ी में बधाई एक भैंस जलकर घायल हो गई जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दिया मौके पर पहुंची कप्तानगंज पुलिस घटना के बारे में जानकारी लिया घटना में भैंस भी झुलस गई। उसे बचाने के चक्कर में ही शिवकुमार मौर्या का हाथ बुरी तरह से झुलस गया। ग्रामीणों के कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। परिजनों ने झुलसे शिवकुमार मौर्या और भैंस का इलाज कराने में जुटे हुए हैं। मौके पर बड़ी घटना होने से बच गई।

## वन रेंज कोन में संबंधित विभाग की मिलीभगत से वन भूमि पर कब्जा कर घर बनवाने का लोगों ने लगाया आरोप, विभाग बेखबर



**कोन/ सोनभद्र-** वन रेंज कोन अन्तर्गत सम्पूर्ण वन रेंज में वन भूमि पर कब्जा करने का सिलसिला अनवरत जारी। इसी क्रम में बतातें चलें कि कोन वन रेंज के चांचीकलां में भू माफियाओं द्वारा वन भूमि पर कब्जा करके घर तक बनाया जा रहा है। जिसकी शिकायत चांची कलां निवासी सत्यानंद चौबे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए वन विभाग के स्थानीय वाच और वन दरोगा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा धन वसूली करते हुए वन भूमि पर घर तक बनवाया जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा से सेल फोन पर किया था जिसके संबंध में उन्होंने लिखित शिकायत करने की बातें कही थी। उसके बाद उनके द्वारा वन क्षेत्राधिकारी कोन से किया था किन्तु उन्होंने कॉल रीसिव नहीं किया और न ही उक्त प्रकरण पर आज तक कार्यवाही हो सका। गौरतलब है कि इन दिनों कोन वन रेंज का सम्पूर्ण सेक्सन माफियाओं के गिरफ्त में है और वन विभाग तमाशबिन बना हुआ है जो कि वन रेंज कोन इन दिनों समाचार पत्रों की सुर्खियां बटोर रही है। जिसके क्रम में शिकायत कर्ता द्वारा कई बार स्थानीय वाच, वन दरोगा को कॉल किया किन्तु कॉल रीसिव नहीं किया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री के जन शिकायती पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए व संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि तत्काल वन भूमि को खाली कराते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# फार्मासिस्ट के सहारे संचालित हो रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलुआ

● मीडिया टीम की पड़ताल में पीएचसी हलुआ में 03 कर्मचारी उपस्थित मिले- डा0 प्रवीण कुमार पटेल पीएचसी हलुवा पर डियूटी से लगातार रहते हैं गायब- सूत्र



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर के अंतर्गत हलुआ बाजार में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ड्यूटी से गायब डा0 प्रवीण कुमार पटेल मिले और फार्मासिस्ट के सहारे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलुआ पर मरीजो का इलाज किया जा रहा है। फार्मासिस्ट बाबूलाल प्रजापति ओपीडी में मरीजों का इलाज कर रहे हैं। मीडिया टीम के पूछताछ में पीएचसी हलुआ पर कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि प्रभारी डॉक्टर प्रवीण कुमार पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर पर ओपीडी देख रहे हैं इस समय सीएचसी गौर पर डाक्टरों की कमी है। मीडिया टीम ने सीएचसी गौर पर पूछताछ किया तो पता चला कि डा0 अनिल कुमार मिश्रा ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं और डा0 प्रवीण कुमार पटेल सीएचसी गौर पर उपस्थित नहीं है। सूत्रों की माने तो डा0 प्रवीण कुमार पटेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलुआ से लगातार डियूटी से गायब रहते हैं और महीने में दो-तीन बार पीएचसी पर आकर उपस्थिति रजिस्टर हस्ताक्षर बनाकर चले जाते हैं। मीडिया टीम ने पड़ताल किया तो पता चला कि सूत्रों से मिली जानकारी सत्य मिली। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलुआ पर दिनांक - 18-03-2025 दिन मंगलवार को 03 कर्मचारी उपस्थित मिले जिसमे फार्मासिस्ट बाबू लाल प्रजापति, लैब टेक्निशियन विपिन कुमार शुक्ला व रवीश कुमार त्रिपाठी तीन कर्मचारी अस्पताल परिसर में कार्य करते मिले। डॉ प्रवीण कुमार पटेल के द्वारा लगातार ड्यूटी से गायब रहने के कारण मरीजों को बेहतर/ समुचित इलाज नही हो पा रहा है और गरीब रोगियों को बेहतर/ समुचित इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा हा। प्राइवेट अस्पतालों/नर्सिंग-होम में मजबूर होकर गरीबों को इलाज करवाना पड़ रहा है। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलुआ प्रभारी डा0 प्रवीण कुमार पटेल से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो डा0 प्रवीण कुमार पटेल ने फोन रिसीव करना उचित नही समझा। उक्त प्रकरण में नवागत सीएचसी गौर प्रभारी डा0 जे0 पी0 कुशवाहा ने बताया कि एक दिन पहले ही हमें सीएचसी गौर का अधीक्षक बने। मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है कल जाकर जांच करूंगा और जांच के आधार पर पीएचसी प्रभारी डा0 प्रवीण कुमार पटेल के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया



**बलरामपुर** बुधवार को बलरामपुर चीनी मिल के परिसर में 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के संबंध में यह जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 25 टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को पोषण पोटली वितरित किया। पोषण पोटली वितरण बलरामपुर चीनी मिल के सहयोग द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य भूमिका बलरामपुर चीनी मिल के जनरल मैनेजर प्रोडक्शन उदय वीर सिंह की रही। पोषण पोटली वितरण के मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी अजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पांडेय, जिला कार्यक्रम समन्वयक अविनाश विक्रम सिंह एवं चीनी मिल और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विभागीय योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाना सुनिश्चित करें- जिलाधिकारी



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के कलेक्टेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता गम्भीरता से लिया जायेगा। उन्होने ब्लाकवार पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की संख्या को समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आकड़ों को अद्यतन रखा जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर महीने में कम से कम एक हजार ओपीडी की जाय। उन्होने कहा कि जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत अवशेष धनराशि का भुगतान नियमानुसार कराया जाय। प्रसव के दौरान नवजात शिशु की संख्या को मंत्रा पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होने टीकाकरण से छूटे बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण एवं नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश भी दिया है। बैठक का संचालन डीपीएम राकेश पाण्डेय ने किया। इसमें सीडीओ सार्थक अग्रवाल, सीएमओ डा. राजीव निगम, बीएसए अनूप तिवारी, समस्त एमओआईसी तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा जबरिया होलिका जलाने से रोष: एसपी को सौंपा ज्ञापन

● दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई न हुई तो आन्दोलन करेगा विश्व हिन्दू महासंघ-अखिलेश सिंह



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में बुधवार को वाल्टरगंज थाना क्षेत्र गनेशपुर नगर पंचायत के अम्बेडकर वार्ड दक्षिण द्वारा निवासी सत्या चौधरी ने विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। मांग किया कि गनेशपुर कस्बे में मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडे जाने के मामले में दोषियों और जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय।

एसपी को दिये पत्र में कहा गया है कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की नीयत से कस्बे के मुस्लिम समुदाय के मो. अजीज पुत्र अख्तर अली, मो. कलीम पुत्र मो. मुस्तफा, मो. रिजवान पुत्र सबीहुल अली, मो. अजमत पुत्र मो. अख्तर, अब्दुल पुत्र अब्दुल हसन, मो. रहीम पुत्र मो. कासिम, मो. बंजारा पुत्र शेर मोहम्मद आदि ने गत 13 मार्च को होलिका मं मुर्हुत से पहले आग लगा दिया। विरोध करने पर उक्त लोग गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगे। इसकी सूचना वाल्टरगंज थाने पर दी गई किन्तु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। स्थिति बिगडते देख चौकी प्रभारी चन्द्र प्रकाश यादव की तहरीर पर मामले के अल्पीकरण करने की नीयत से मुकदमा दर्ज करने की खाना पूर्ति कर दी गई। मोहल्लेवासियों की तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। अब हिन्दू समुदाय के लोगों को पुलिस द्वारा धमकियां दी जा रही है कि चुप रहो वरना फर्जी मुकदमें में फंसा दिया जायेगा।विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता के बाद बताया कि एसपी ने मामले की विवेचना अन्य थाने से कराने और प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। यदि कड़ी कार्रवाई न हुई तो महासंघ आन्दोलन को बाध्य होगा। एसपी को पत्र सौंपने के दौरान मुख्य रूप से विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता प्रकोष्ठ कुलदीप मिश्रा, सौरभ त्रिपाठी, डॉ. परशुराम साहनी, उपेंद्र सिंह, बृजेश चौधरी बंटी, शिव सहाय गुप्ता, बिजेन्दर अग्रहरि, मनीष कुमार, ललित यादव, मनोज प्रजापति, अजय सोनकर, अमरजीत यादव, जमुना प्रसाद के साथ ही स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत की कार्यवाही शून्य न घोषित करने पर बेमियादी धरने की चेतावनी मण्डलायुक्त को दिया ज्ञापन

● जिला पंचायत सदस्यों की मांग, शून्य घोषित हो बैठक की कार्यवाही,वरना बृहदआन्दोलन-चेतावनी दी



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिला पंचायत की बैठक में हाथापाई के मामले में सभी जिला पंचायत सदस्य आंदोलन के मूड में दिखाई दे रहे हैं 15 फरवरी को हुई जिला पंचायत की हंगामेदार बैठक की कार्यवाही को शुन्य घोषित किये जाने की मांग पर कोई निर्णय न लिये जाने से आहत जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कुमार उर्फ गिल्लम चौधरी ने मण्डलायुक्त को ज्ञापन देकर कार्यवाही शून्य घोषित न किये जाने की स्थिति में बेमियादी धरने की चेतावनी दिया है।जिपंस. प्रमोद कुमार उर्फ गिल्लम चौधरी ने कहा 15 फरवरी की बैठक में सदस्यों ने प्रस्ताव संख्या 01 का मुखर विरोध किया, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अपर मुख्य अधिकारी बैठक से चले गये, इसके बावजूद कार्यवाही को शून्य नही घोषित किया। समाचार लिखे जाने तक मण्डलायुक्त की ओर से इस सम्बन्ध में जिला पंचायत को कोई निर्देश जारी किया जाना सज्ञान मे नही है। प्रमोद कुमार ने ज्ञापन देकर मण्डलायुक्त से एक बार फिर 15 फरवरी की बैठक की कार्यवाही शून्य घोषित किये जाने की मांग किया है। उन्होने कहा अन्यथा की स्थिति में मण्डलायुक्त खुद जिम्मेदार होंगे और सदस्यों के पास लोकतांत्रित ढंग से रचनात्मक आन्दोलन, धरना प्रदर्शन, आमरण अनशन का ही विकल्प बंचेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से ज्योति सिंह, लवकुश, मीरा सिंह, शुशबू जायसवाल, नौशाद अहमद, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, सुबाष चन्द यादव, असलम खान, मालती, गीता देवी, मो. शुरशीद, अंजुला देवी, अबूबकर, प्रियंका, जवाहर लाल, कंचन, राजबहादुर, कु. यादव सहित अन्य सदस्य व उनके प्रतिनिधि आदि शामिल थे।

# मूल्यांकन कर रहे परिक्षकों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाय- संजय द्विवेदी

● जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल जिला विद्यालय हरिशचंद्र नाथ से मिला। मुलाकात के दौरान प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी व जिलाध्यक्ष महेश राम ने दस सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया है और विन्दुवार वार्ता की। प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कई महीनों से एनपीएस अपडेट नहीं है। एनपीएस खातों को अपडेट किया जाय। पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों के एनपीएस खातें को 31 मार्च के पूर्व अपडेट किया जाय। पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों का जीपीएफ खाता जारी करते हुए उक्त खाते में एनपीएस की धनराशि अन्तरित किया जाय। जिले में लम्बित प्रकरणों का यथा राष्ट्रीय इण्टर कालेज पारसनगर, बेलहर व पीबी0 गर्ल्स इण्टर कालेज खलीलाबाद की समस्याओं का निस्तारण अविलम्ब किया जाय। द्विवेदी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन 2025 में कार्य कर रहे परीक्षकों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित की जाय। 31 मार्च 2025 तक सेवा निवृत्त प्रधानाचार्यो / शिक्षकों की पत्रावली उप शिक्षा निदेशक बस्ती मण्डल बस्ती कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित की जाय।जिले के सभी विद्यालयों की वरिष्ठता सूची दिनांक 31 मार्च 2025 तक जारी की जाय। प्रकरण में संगठन द्वारा कई बार पत्र व्यवहार किया गया परन्तु अद्यतन उक्त प्रकरण पर कार्यवाही नहीं की जा रही है।जिले भर के शिक्षकों के किसी भी प्रकार के पावती का अविलम्ब भुगतान इसी माह में किया जाय। नोशनल पेंशन इन्क्रीमेन्ट अवशेष बचे फाइलों को अविलम्ब उप शिक्षा निदेशक बस्ती मण्डल बस्ती को प्रेषित की जाय। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश राम जिला मंत्री गिरिजानन्द यादव, शिवजीत कुशवाहा, अवधेश तिवारी,मोहिबुल्लाह खान, शैलेन्द्र कुमार, जितेंद्र कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।समस्याओं का त्वरित समाधान होगा-डीआईओएस

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रेषित सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। पेंशन, जीपीएफ, चयन वेतन मान, प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति प्रकरणों का परीक्षण कर निस्तारण कर दिया जाएगा। ट्रांसफर की जो भी पत्रावली प्राप्त हो रही है उसकी एनओसी तुरंत दे दी जाएगी।

# पूनम व चंदा का यूपी पुलिस में चयन से परिजनों में हर्ष का माहौल, संघर्षो के बदौलत दोनों ने हासिल की मुकाम

● जीतेंगे हम ये वादा करो, कोशिश हमेशा ज्यादा करो। किस्मत भी रूठे पर हिम्मत ना टूटे, मजबूत इतना इरादा करो।



स्वतंत्र प्रभात

**दुद्धी सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के रंन्नू गांव की आदिवासी लड़की ने पुलिस विभाग में जाने का मजबूत इरादा बना लिया था।और अपनी तैयारी शुरु कर दी। गरीब परिवार में जन्मी पूनम कुमारी ने शुरू से ही जीवन की शुरुआत संघर्षो से की और पढ़ाई के साथ ही साथ घर के कामों को भी हमेशा साथ लेकर चली। रंन्नू गांव निवासिनी पूनम पुत्री शिव प्रसाद व मलदेवा गांव निवासिनी चंदा चौरसिया पुत्री हीरालाल चौरसिया दोनों पढ़ाई में धीरे -धीरे आगे बढ़ती गई।और मन में वर्दी पहनकर देश सेवा करने की ठान ली और यूपी पुलिस भर्ती निकली तो फॉर्म भरकर पढ़ाई करो एकेडमी से परीक्षा की तैयारी में जुट गई। और आखिरकार यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम सूची में दोनों का चयन हुआ है। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणाम की अंतिम सूची जारी होते ही शिक्षकों व परिजनों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। पूनम व चंदा ने बताया कि दुद्धी के डीसीएफ कालोनी में संचालित पढ़ाई करो एकेडमी से निरंतर यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयार करती रही। एकेडमी के शिक्षक प्रिंस कुमार ने शिक्षा देने के साथ ही साथ विद्यार्थियों के मजबूत इरादे को भी हमेशा प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही परिवारजनों का भी सहयोग मिलता रहा। पढ़ाई करो एकेडमी से रन्नु गांव निवासी पूनम और मलदेवा की चंदा चौरसिया का महिला आरक्षी के पद पर चयन हुआ है। पूनम और चंदा ने यह साबित कर दिखा दिया कि इरादे अगर मजबूत हो तो कुछ भी असम्भव नही हैं। वही दिवाकर कुमार पुत्र जय प्रकाश मेहता ने भी पढ़ाई करो एकेडमी से तैयारी किया था। और अपनी कड़ी मेहनत के बदौलत वह अरुणाचल प्रदेश में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में जूनियर इंजीनियर के पद पर तैनात है।

# प्राथमिक विद्यालय अछरेला में न्यायपंचायत पाटनपुर की मासिक संकुल शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

उत्कृष्ट तथा नवाचारी शैक्षिक प्रथाओं को साझा किए जाने, निपुण लक्ष्य को समयबद्ध प्राप्ति हेतु विचार विमर्श करने तथा आगामी रणनीति विकसित किए जाने के दृष्टिगत माह मार्च की गुणवत्तापूर्ण मासिक संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय अछरेला मौदहा में वरिष्ठ एआरपी गुरु तेजप्रताप एवं हरिप्रकाश कुशवाहा की अध्यक्षता में न्याय पंचायत पाटनपुर के सभी संकुल शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात सभी उपस्थित अध्यापकों का बैज लगाकर उनका स्वागत किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को जीतेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा स्टेशनरी वितरित की गई। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा गया एक समूह प्राथमिक शिक्षकों का दूसरा उच्च प्राथमिक शिक्षकों का।



प्रथम समूह से बिना उठाये पेन से फूल बनाए का कार्य दिया गया जिसमें अमित कुमार ने बनाया और उन्हे एक अंक भी मिला और दूसरे समूह से ए से जेड तक बोलने के लिए कहा गया जिसमें देवकुमार ने गलती की और उन्हें एक भी अंक नही मिला। द्वितीय बिंदु पॉज, रिफ्रेश एवं रिफ्लेक्ट शेयर के तहत सभी शिक्षकों से निम्न बिंदुओं पर संकुल शिक्षक योगेश कुमार द्वारा पूंछा गया 2024-25 के लिए आपका मुख्य लक्ष्य, कक्षा अनुभव पर सोचना- किन चीजों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, सत्र की उपलब्धियाँ, चुनौतियों को दूर करने पर चर्चा हुई। तृतीय बिंदु आगे की योजना पर नोड़ल संकुल शिक्षक हरिमोहन गुप्ता द्वारा सभी शिक्षकों से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई इस संकुल मंच ने आपके कक्षा शिक्षण में किस तरह सहायता की, पिछले महीने की बेस्ट प्रैक्टिसेस जिससे आपको विशेष लाभ हुआ, आगामी शैक्षिक सत्र में किन क्षेत्रों में विशेष रूप से कार्य किए जाने की आवश्यकता है उनको पहचान करें। हर शिक्षक एक कमिटमेंट साझा करें जो वह आगामी शैक्षिक सत्र में हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बहरेला से गौरी शिवहरे एवं भरसवां से रामप्रकाश ने अपने अपने विचार साझा किए। अब अगले बिंदु आगामी शैक्षिक सत्र के लिए नामांकन वृद्धि पर रणनीति के तहत चर्चा हुई जिसमें निम्न शिक्षकों प्रीति शिवहरे, रवि कुमार एवं रामलाल के उक्त सुझाव प्राप्त हुए। अगला सत्र प्राथमिकता एवं प्रशंसा का रहा जिसमे न्यायपंचायत में सर्वाधिक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित छात्रों वाले विद्यालय को विशेष प्राथमिकता देते हुए सिलौली एवं पिपरौंदा को प्रशंसा पत्र वितरित किये गए। इसके पश्चात आशीष कुमार, जीतेन्द्र कुमार गुप्ता एवं प्रतिमा देवी ने अपने नवाचार, नई तकनीकों का उपयोग और छात्र केंद्रित दृष्टिकोणों की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र वितरित किये गए। तत्पश्चात आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारी, बच्चों का रिवीजन, समय प्रबंधन, तकनीक, मॉडल प्रश्न पत्रों का अभ्यास, और परीक्षा तनाव प्रबंधन जैसी रणनीतियां शामिल हों इस पर एआरपी हरिप्रकाश कुशवाहा द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। सभी संकुल शिक्षकों द्वारा डीसीएफ भरा गया।अंत मे एआरपी हरिप्रकाश कुशवाहा एवं गुरुतेजप्रताप सिंह को उनके एआरपी के कार्यकाल के पूर्ण होने पर सभी के द्वारा उनकी प्रशंसा की गई एवं सभी की उपस्थिति में भावभीनी विदाई दी गई एवं प्रधानाध्यापक जीतेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा मोमेंटों भेंट किया गया एवं अतिथि के रूप में शामिल संकुल शिक्षक इचौली विवेक कुमार दीक्षित एवं संकुल शिक्षक नरायच रमजानी को भी मोमेंटों भेंट किए गए। अंत मे स्वल्पाहार के पश्चात प्रधानाध्यापक जीतेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं बैठक का समापन किया गया।

# सोनभद्र में 21 मार्च, 2025 को रोजगार मेले का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है की जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 21 मार्च, 2025 को प्रातः 10ः00 बजे से रघुवीर राम निजी आई0 टी0 आई0 कॉलेज, पसहीं खुर्द, हिन्दुआरी, बभनौली, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में वृहद् रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 19 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम (सोनभद्र डिपो) में संविदा पर चालक की भर्ती, विजन इण्डिया लि0 (हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनूकुट, सोनभद्र), हॉयर एप्लायेन्सेज इण्डिया प्रा0 लि0, नोएडा, एस0पी0एम0 ऑटोकाम्प सिस्टम प्रा0लि0, पूणे, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, सोनभद्र, मेरॉकी, नोएडा, डीसेट्स, फरीदाबाद (पॉलिमेडिक्योर लि0, प्रणव विकास इण्डिया प्रा0 लि0, सन्देन विकास इण्डिया प्रा0 लि0), ग्रीनटास इंडस्ट्रीज प्रा0 लि0, वाराणसी, एस0बी0आई0 कार्ड, वाराणसी, मीडलैण्ड माइक्रोफीन, सोनभद्र, महिन्द्रा ऑटो एच0आर0डिपार्टमेन्ट, कानपुर, बजाज ऑटो जैन्वीन पार्ट, गाजियाबाद, जे0पी0वी0एम0जी0 प्रा0लि0, गीगा कार्पसोल, गुजरात, जी0एस0 इण्टरप्राईजेज, वाराणसी, वज्ज इण्डस्ट्रीज, राबर्ट्सगंज, सोलेरा इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0, मधुपुर, सोनभद्र, टाटा मोटर्स, सानन्द, गुजरात एवं नेशनल सेक्योरिटी सर्विसेज, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा रघुवीर राम निजी आई0 टी0 आई0 कॉलेज, पसहीं खुर्द, हिन्दुआरी, बभनौली, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

# दबंगों का कहर- राहगीरों पर किया हमला, कर्वी कोतवाली में मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**कर्वी,चित्रकूट।** जिले के कर्वी क्षेत्र में बीती रात कुछ दबंगों ने राहगीरों पर हमला कर दहशत फैला दी।कोलगदहिया निवासी अल्ला रक्खू ने इस मामले की शिकायत कर्वी कोतवाली में दर्ज कराई है। पीड़ित अल्ला रक्खू ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ कर्वी अपने दवाखाना से घर जा रहे थे। जब वे चमड़ामंडी के आगे पुलिया के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाए ग्राम कालूपुर पाही के सलीम, हकीम, दानिश, चुन्नू, बबुली और हाफिज ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद लाठी-डंडों और बंदूक के बट से हमला कर दिया।

हमलावरों ने बिना किसी कारण अल्ला रक्खू और उनकी पत्नी को बेरहमी से पीटा, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचे और फिर कर्वी कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इलाके में इस वारदात से डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। यह घटना कर्वी क्षेत्र में एक गंभीर अपराध को दर्शाती है, जिससे न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा पर सवाल उठता है, बल्कि स्थानीय निवासियों में भय का माहौल भी बन गया है। अल्ला रक्खू द्वारा मुकदमा दर्ज कराने से यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कानून का सहारा लिया है। इस तरह के हमले समाज में असुरक्षा का भाव पैदा करते हैं, और ऐसे मामलों में पुलिस की तत्परता और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके और समाज में शांति बनाए रखी जा सके।

## चोरी के आरोपियों को न्यायालयों ने सुनाई सजा

**मानिकपुर, चित्रकूट-** जीआरपी द्वारा चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में सजा सुनाई है। एपीओ सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि रैपुरा थाने के इटवा गांव के निवासी समरजीत पुत्र शंकरलाल के विरुद्ध चोरी का मामला जीआरपी मानिकपुर थाने में दर्ज हुआ था। न्यायालय में आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया था। जिसके बाद ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चंद्रा ने आरोपी को धारा 380 और 411 में जेल में बिताई गई अवधि के साथ 10 दिन कारावास और 3500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इसी प्रकार ऊंचाडीह निवासी राजकुमार कोल को भी जेल में बिताई गई अवधि के साथ पांच दिन कारावास और अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। इसके अलावा प्रयागराज जिले के बारा थाने के नींबी लोहगरा निवासी रंजीत कुमार को 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। इन सभी मामलों में जीआरपी थाना प्रभारी विनेश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के पैरोकार यशराज ने प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय में समय से गवाहों को पेश कराया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एमएलसी से ग्राम प्रधानों ने सामुदायिक केंद्र/बारात घर की मांग की

**कछौना, हरदोई।** वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में सांस्कृतिक केंद्र व बरात घर व सामुदायिक केंद्र की निशांत आवश्यकता है। क्योंकि विद्यालयों व ग्राम सचिवालय में वैवाहिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध है। वैवाहिक कार्यक्रम के कारण विद्यालयों व ग्राम सचिवालय का प्रांगण प्रभावित होता था। विद्यालयों के भवनों की दशा खराब हो जाती थी। वैवाहिक कार्यक्रम होने के कारण नौनिहालों का शिक्षण कार्य प्रभावित होता था। ग्रामीण क्षेत्र में बरात घर न होने के कारण आम जनमानस के सामने संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। उनकी माली हालत यह नहीं है कि वह कस्बा क्षेत्र में जाकर मैरिज लॉन किराए पर लेकर कार्यक्रम संपन्न कर सके। ग्रामीणों की मांग पर विकासखंड कछौना की ग्राम सभाओं के प्रधानों ने एमएलसी अशोक अग्रवाल से ग्राम सभा में बारात घर बनवाने की मांग की। जिस पर एमएलसी ने ग्राम प्रधानों को आश्वासन दिया, ग्रामीणों की मांग को ध्यानगत रखते हुए शासन को अवगत कराते हैं, सरकार से विशेष बजट धनराशि स्वीकृत कराके ग्राम सभा में सामुदायिक केंद्र/बरात घर बनवाया जाएगा। जिसमें ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम व वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कर सके।

### बिलग्राम मल्लावां स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने को लेकर सदन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से उठाई मांग।

हरदोई/बेनीगंजद्बजिले के बिलग्राम मल्लावां उन्नाव राज्य राजमार्ग को फोरलेन करने और राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने को लेकर जिले के लोग काफी दिनों से कयास लगाए बैठे थे। लोगों के भरोसे पर अमल करते हुए मिश्रिख से भाजपा सांसद अशोक रावत ने 17 मार्च को सदन में मांग की है। सांसद अशोक रावत ने नियम 377 के तहत लोकसभा में यह मामला उठाया है सांसद ने सदन में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को बताया है कि बिलग्राम मल्लावां उन्नाव राज्य राजमार्ग संख्या 38 है यह हरदोई जनपद होते हुए एक तरफ उन्नाव और दूसरी तरफ शाहजहांपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 से जुड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग फोर लेन है। हरदोई और उन्नाव में इस सड़क की चौड़ाई बहुत कम है इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। सांसद ने कहा है लगभग डेढ़ साल पहले मल्लावां नगर पालिका के तत्कालीन अध्यक्ष अंकित जयसवाल का इसी मार्ग पर दुर्घटना में निधन हो गया था। 25 नवंबर 2024 को भी भीषण दुर्घटनाएं में 15 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री ने भी ट्वीट करके इस हादसे पर दुख जताया था। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक के परिवारों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि दी गई थी। आए दिन दुर्घटनाओं का लोग शिकार हो रहे हैं। उपरोक्त बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए उक्त राज्य राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने की स्वीकृत और मार्ग के लिए फोरलेन बनवाए जाने की मांग सांसद द्वारा सदन में की गई है। जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सकेगी।

### जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण

हरदोई जिला जज संजीव शुक्ला, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार कैदियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। बैरकों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों से बातचीत की। जिला जज ने कि जिन कैदियों के पास वकील न हो उन्हें वकील उपलब्ध कराया जाए। जेल में अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीमार कैदियों का तत्काल इलाज कराया जाए। इलाज में किसी प्रकार की कोताही न की जाए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार यादव ने कहा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जब जिलाधिकारी बोले दद्दा अब आपको दुबारा नहीं आना पड़ेगा

हरदोई जन सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट कक्ष का माहौल उस समय भावुक हो गया जब धोंधी गाँव के एक 94 वर्ष के एक बुजुर्ग शिवकरन द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय सोमेश्वर द्विवेदी जिलाधिकारी मंगला प्रसाद के समक्ष पहुँचे और शिकायत की कि उनके खेत पर गाँव के कुछ लोगों ने कब्ज़ा कर लिया है। वह पहले भी दो बार 31 दिसम्बर व 23 जनवरी को शिकायत कर चुके हैं लेकिन लेखपाल द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। बुजुर्ग ने लड़खड़ाती हुई आवाज़ में अपनी बात रखी। जिलाधिकारी ने खड़े होकर बुजुर्ग की बात को ध्यान से सुना। उन्होंने तत्काल वर्चुअल माध्यम से उप जिलाधिकारी बिलग्राम से बात की व सम्बंधित लेखपाल की जवाबदेही तय करते हुए खेत की मेड़बंदी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही करने वाले लेखपाल व कानून गो को निलंबित करने तथा नायब तहसीलदार, तहसीलदार व उपजिलाधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैमाइश करने के उपरांत पत्थर लगाकर सीमा का चिन्हांकन किया जाये। मेड़ तोड़कर कब्ज़ा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने भावुक होकर बुजुर्ग शिवकरन से कहा कि दद्दा अब आपको दुबारा नहीं आना पड़ेगा।

# परीक्षा देकर लौट रही युवती की सुनसान इलाके में मिली लाश,जांच शुरू

स्वतंत्र प्रभात



**मलिहाबाद,लखनऊ।** कोतवाली मलिहाबाद क्षेत्र से बुधवार को एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। मिली जानकारी के अनुसार, मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद नगर तालुकेदारी स्थित एक आम की बाग में 32 वर्षीय एक युवती का शव बरामद हुआ। बताया जाता है कि युवती बनारस से बीती रात परीक्षा देकर लखनऊ पहुंची थी। बस से उतरकर उसने ऑटो किया लेकिन वह घर नहीं पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी मिलने के बाद उसकी लोकेशन ट्रेस की, जिसके बाद बाग में उसका शव बरामद हुआ। परिजनों की ओर से ऑटो चालक व उसके साथियों द्वारा गैंगरेप की आशंका जताई जा रही है। वहीं, पुलिस पोस्टमार्टम के बाद मौत की वजह साफ होने की बात कह रही है।

**परिजनों के संपर्क में थी युवती**

परिजनों की ओर से पुलिस को बताया गया कि बनारस से परीक्षा देकर उनकी बेटी लखनऊ बस से आ रही थी। बीती रात वह आलमबाग बस अड्डे पर पहुंची तो वहां से ऑटो पर बैठकर अपने घर चिनहट जाने के लिए रवाना हुई। बताया जाता है कि ऑटों में बैठने के बाद तक वह कॉल के जरिये परिवार के संपर्क में थी। इसी बीच पता चला कि ऑटो चालक युवती को गलत रास्ते पर ले जा रहा है, जिसके बाद युवती ने अपनी लोकेशन परिजनों को भेजी। परिवार के मुताबिक, कुछ देर बाद उसका कॉल कट हो गया, तब उसकी लोकेशन मोहम्मद नगर तालुकेदारी थाना मलिहाबाद क्षेत्र में दिख रही थी।

**सूचना पर पुलिस ने शुरू की थी जांच**

युवती की लोकेशन ऑफ होने के बाद परिजनों ने कई बार कॉल भी किया लेकिन फोन स्विच ऑफ जा रहा था। जिसके बाद परिवार ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम एक्टिव हुई। मौके पर थाने की पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से युवती की तलाश शुरू की। इसी बीच युवती मोहम्मद नगर तालुकेदारी के पास स्थित आम के बाग में अचेत अवस्था में मिली, जिसको मौके पर मौजूद पुलिस ने आनन फानन में इलाज के लिए के जी एम यू पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**युवती के शरीर पर मिले चोट के निशान**

पुलिस सूत्रों की माने तो युवती के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। परिजनों की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। परिजन युवती के साथ गैंगरेप की आशंका जताते हुए मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट होगी। पुलिस टीमें घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करके आरोपी ऑटो चालक और उसके साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई




स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 19 मार्च, 2025 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सभी मूल्यांकन केन्द्रों पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बाहों में काली पटटी बांधकर मूल्याकंन कार्य किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में लखनऊ में सम्पन्न राज्य कार्यकारिणी की बैठक में पुरानी पेंशन की बहाली, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा धारा 21, शिक्षकों की पदोन्नति सम्बन्धी धारा 12, प्रधानाचार्य की तदर्थ पदौन्नति सम्बन्धी धारा 18 की बहाली, शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन सम्बन्धी मांगों को लेकर चरणबद्व संघर्ष किए जाने का निर्णय किया गया था। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र एवं महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि संघर्ष के प्रथम चरण में दिनांक 25 फरवरी से 15 मार्च, 2025 तक स्टिकर अभियान चलाया गया और अब संघर्ष के दूसरे चरण में राज्य सरकार को प्रेषित मागों के समर्थन में प्रदेश के सभी मूल्याकनं केन्द्रों में शिक्षकों द्वारा बाहों में काली पटटी बाधकर मूल्याकनं कार्य शुरू किया गया है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि यदि मूल्याकन की समाप्ति तक राज्य सरकार द्वारा मागों पर प्रभावी कार्यवाही नही की जाती है तो दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को कानपुर में आयोजित राज्य परिषद की बैठक में संघर्ष की अगली रूपरेखा निर्धारित की जाएगी।

# लेसा ने पहले जबरन खेत में बिजली का पोल लगाया,अब हटवाने के लिए मांग रहा पैसा

**...... किसान को रोजगार के लिए जमीन का टुकड़ा पट्टे में मिला था**
**.........पट्टे में मिली जमीन पर पोल लगाकर बिछा दी हाइटेंशन लाइन**
**...... मोहनलालगंज सब स्टेशन में लेसा की लापरवाही से किसान परेशान।**




स्वतंत्र प्रभात

**विनीत कुमार मिश्रा**

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज में किसान का आरोप है कि पट्टे में मिली भूमि पर पहले लेसा ने जबरन ग्यारह हजार लाइन का पोल लगाकर लाइन बिछा दी।अब हटाने के लिए एसडीओ पैसे मांग रहे है।किसान ने पूरे मामले की शिकायत एसडीएम मोहनलालगंज बृजेश वर्मा से न्याय की गुहार है। हुलासखेड़ा गांव के रहने वाले किसान शंकर प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि गांव में उसे रोजगार करने के लिए गांव में पट्टे पर भूमि का एक टुकड़ा मिला था।जिस पर कुछ दिन पहले लेसा ने जबरन बिजली का पोल लगाकर हाइटेंशन लाइन बिछा दी।और लाइन इतने नीचे लगा दी कि उस पर रोजगार करना मुश्किल हो रहा है।इसके बाद किसान मोहनलालगंज के एसडीओ से मिलकर अपनी समस्या बताकर पोल हटाने की गुहार लगाई तो एसडीओ ने कहा पोल हटवाने के लिए पैसे लगेगे तब किसान ने परेशान होकर पूरे मामले की शिकायत एसडीएम मोहनलालगंज बृजेश वर्मा से कर न्याय की गुहार लगाई है । जिसके बाद एसडीएम ने पूरे मामले की जांच एक्सियन मोहनलालगंज को सौंप दी। इस संबंध में एक्सियन श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि उपभोक्ता क़ो न्यूनतम दर का एस्टीमेट उपलब्ध कराने हेतु एसडीओ मोहनलालगंज क़ो निर्देशित किया गया है।

**सरकारी इस्टीमेट जमा करने के लिए कहा से लाए पैसे**

पीड़ित किसान ने बताया कि पहले तो लेसा ने जबरन उसे पट्टे में मिले खेत के बीच में अवैध तरीके से बिजली का पोल लगा दिया।जिसके चलते वह अपने खेत में कोई रोजगार नहीं कर पा रहा है।अब पोल हटवाने के लिए सरकारी इस्टीमेट का पैसा जमा करने के लिए कहा से पैसा लाए ।

**पहले ही मानक के अनुसार हाईटेंशन लाइन लगाते तो क्यों होती दिक्कत***.........

किसान ने आरोप लगाया कि अगर पहले ही लेसा मानक के अनुसार बिजली का पोल लगाकर लाइन बिछाती तो उसे इतनी दिक्कत क्यों होती।अब वहीं उससे पैसे वसूलकर मानक के अनुसार बिजली लगाने लिए तैयार है।

# मिलेट्स पुनरुद्धार योजना के तहत कृषक जागरूकता गोष्ठी आयोजित



स्वतंत्र प्रभात

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद विकासखंड में बुधवार दोपहर बाद कृषि विभाग द्वारा मिलेट्स पुनरुद्धार योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मानवेन्द्र सिंह ने श्री अन्न (मोटे अनाज) के महत्व एवं उसमें मौजूद सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कुटकी आदि मिलेट्स की खेती के वैज्ञानिक तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रगतिशील किसान गिरजा शंकर मौर्या ने जलवायु परिवर्तन और मोटे अनाजों की खेती के बढ़ते महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज कम पानी में भी उपजाए जा सकते हैं और बदलते मौसम में किसानों के लिए लाभकारी हैं। गोष्ठी में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सहायक विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती योजना, और मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने वाली अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर एटीएम विमल सिंह, क्षेत्र के सैकड़ो प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कालेज, वेणीमाधव इंटर कालेज एवं आर आर इंटर कालेज में बोर्ड की कपियों का मूल्यांकन शुरू



स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** बुधवार को राजकीय इंटर कालेज हरदोई में मूल्यांकन प्रभारी राजीव मिश्रा ने बताया कि 87 उप प्रधान परीक्षक 920 परीक्षक उपस्थित रहे लगभग 9000 कापियाँ मूल्यांकित की गई आर आर इंटर कालेज में सह उप नियंत्रक सत्येंद्र सिंह ने जानकारी दी कि 73 उपप्रधान परीक्षक 445 परीक्षकों द्वारा 11178 कापियाँ जांची गई। वहीं वेणीमाधव इंटर कालेज हरदोई मूल्यांकन केन्द्र की उपनियंत्रक गीता शुक्ला ने बताया कि हमारे केन्द्र में 64 उप प्रधान परीक्षक तथा 290 परीक्षकों द्वारा 10480 कापियां मूल्यांकित कराई गई। उप नियंत्रक श्याम नारायण यादव ने बताया कि यू पी बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन जिले में तीन मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं जी आई सी हरदोई, में इन्टर की वेणीमाधव इ कालेज तथा आर आर इ कालेज हरदोई में हाईस्कूल की कापियों का मूल्यांकन किया जायेगा वेणीमाधव इंटर कालेज में 137891 कापिया जांचने के लिए 80 उप प्रधान परीक्षक,817 परीक्षक लगायें गये हैं। इसी तरह आर आर इंटर कालेज में 126512 कापियाँ 76 उप प्रधान परीक्षक 739 परीक्षक मूल्यांकन करेंगे जबकि जी आई सी में 83 उप प्रधान परीक्षक मूल्यांकन करायेंगे। तीनों ही केन्द्रों में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। सह उप नियंत्रक सुधाकर बाजपेई ने कहा कि कापियों का मूल्यांकन छात्र हित को ध्यान में रख कर करना है गलती पर शासन द्वारा इस वर्ष कड़े कदम उठाए गए हैं।पारिश्रमिक में कटौती के साथ अनुशासतमक कार्य वाही हो सकती है। इस अवसर पर राजेश तिवारी, राजीव मिश्रा, संयुक्त मोर्चा शिक्षक संघ हरदोई के सह संयोजक राजबीर सिंह, प्रधानाचार्य सुमन द्विवेदी, शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री सत्यम दीक्षित, मुन्ना लाल पाल, आदि उप प्रधान परीक्षक, परीक्षक उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं शिक्षा के मामले में अव्वल है कंपोजिट विद्यालय टूक : सचिन यादव

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय टूक में पहला वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम महराजगंज सचिन यादव और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव व खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण से किया गया, तत्पश्चात बच्चों ने स्टेज पर संस्कृत और राष्ट्र को समर्पित गीत तथा लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों को स्टेज पर थिरकता देख सामने बैठे अभिभावक भी खुशी से झूम उठे। इस समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। रंग-बिरंगे कपड़ों में स्कूल पहुंचे बच्चों के डांस को देखकर उसके अभिभावक भी झूमने को मजबूर हो गए। स्कूल के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने बताया कि, कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में प्राइवेट विद्यालयों की तुलना में सरकारी विद्यालय भी शिक्षा और बच्चों के परफॉर्मेंस करने के मामले में पीछे नहीं हैं, इसके अलावा बच्चों के मन से सबके सामने परफॉर्म करने के डर को निकालना भी है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों और अभिभावकों का भी आभार जताया है। वार्षिकोत्सव समारोह एवं शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम के मंच पर नन्हे बच्चों ने भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अलग-अलग प्रसंगों पर आधारित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। साथ ही अपने मनपसंद गानों पर भोली-भाली अदाओं और आत्मविश्वास से डांस कर अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज रहा था। एसडीएम महराजगंज सचिन यादव ने अपना अतिथीय संबोधन एक गीत ÷बुलाकर देख लेना दौड़ कर आता रहूंगा मैं÷ से किया। उन्होंने कहा कि, कंपोजिट विद्यालय के अध्यापक जब भी उनकी जरूरत समझेगे, उन्हें विद्यालय बुला सकते हैं। वह इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और विद्यालय के सतत् विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार की तारीफ करी, जिन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस से लेकर उच्च कोटि की सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध करा रखी है। एसडीएम सचिन यादव ने कहा कि, इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का शारीरिक और मानसिक दोनो विकास होते है। इस समारोह से ये फायदा है कि, 2 से 6 साल के बच्चे भी अपनी प्रतिभा की बदौलत हजारों लोगों के सामने आकर बोल सकते हैं। बच्चों को शुरुआत से ही ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। जिससे उसका आगे का ग्रोथ होगा। कार्यक्रम में बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव व खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि, अपने बच्चों को आप सब उचित मार्गदर्शन में सरकारी विद्यालयों में दाखिला कराकर पढ़ने भेजें, तभी हमारा टूक ग्राम पंचायत आगे बढ़ सकता हैं, क्योंकि आज के बच्चे ही आने वाले कल के भविष्य हैं। जो राष्ट्र निर्माण में अपना अहम किरदार निभाते हैं। उन्होंने शारदा संगोष्ठी का मतलब बताते हुए कहा कि, हमारे बेसिक विद्यालय भी किसी प्राइवेट विद्यालय की तुलना में कम नही हैं। चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हों, या फिर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर, खेल के क्षेत्र में भी सरकारी विद्यालयों के बच्चे अव्वल परफॉर्मेंस देकर क्षेत्र ही नहीं, प्रदेश और देश स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। तू ही तो वही कार्यक्रम के आयोजक वह कंपोजिट विद्यालय टुक के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने आए हुए अतिथियों अभिभावकों व ऑन निहाल बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी ने विद्यालय परिसर में आकर विद्यालय परिवार की शोभा बढ़ाई है मैं हमेशा आप सभी का आभारी रहूंगा। इस मौके पर मधुकर सिंह शिव शंकर सिंह संजय कनौजिया जगदेव शुक्ला ग्राम प्रधान सुनील मौर्य हेमंत सिंह प्रदीप कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह ने की।

# ग्रामीणों का आरोप.... साहब! लेखपाल नाई आ रहे पंचायत चौराहे पर बुलाए केरे काम केरे बदलेम मांगत हैं पईसा

**......राज्य सरकार की 34 बीघा भूमि पर दबंगों का कब्जा**
**......ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत**




स्वतंत्र प्रभात

**काकोरी, लखनऊ।** थावर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लेखपाल पारस वर्मा पर अपनी मर्जी से कार्य करने पंचायत में न आने सहित कार्य के बदले सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल पारस वर्मा पर थावर पंचायत के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी लखनऊ को शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाया है कि यह कभी गांव नहीं आते हैं,घरौनी बनाने, वरासत संबंधी कार्य करने में कोई रुचि नहीं दिखाते हैं।सभी ग्रामीणों के कार्य पेंडिंग पड़े हुए हैं।साथ ही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि किसी कार्य के लिए फोन करने पर लेखपाल गोपरामऊ चौराहे पर बुलाते हैं।साथ ही कार्य के बदले में सुविधा शुल्क भी मांगते हैं।

**गोपरामऊ चौराहे से पुराना नाता**

अगर बात करें लेखपाल की तो ग्रामीणों ने बताया कि गोपरामऊ चौराहे से लेखपाल का पुराना नाता है,अभी कुछ दिन पूर्व गोपरामऊ में चल रहे अवैध खनन में लेखपाल की संलिप्तता पाए जाने पर मंडलायुक्त के द्वारा निलंबित किया गया था।फिर बहाली करवाकर ग्रामीणों के कार्यों में शिथिलता बरत रहे हैं।

**संलिप्तता या लापरवाही**

शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की 34 बीघा भूमि पर दबंग कब्जा जमाए रखे हैं।कहने को तो पंचायत में लेखपाल सरकारी जमीनों के सुरक्षा मद में तैनात हैं,पर यहां तो कितने हाकिम राजस्व महकमे के आए और गए लेकिन दबंग बेशकीमती जमीन पर से हटे ही नहीं।जमीन का कब्जा लेखपाल की कार्यशैली की पोल खोलता है।वहीं दबंगों के हौसले बुलंद हैं। इसमें लेखपाल की संलिप्तता समझी जाए या फिर लापरवाही।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध में जब लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी से संपर्क किया गया तो फोन उनके पीआरओ ने उठाया बताया कि साहब अभी मीटिंग में हैं बाद में बात होगी।

# धड़ल्ले से हो रहा सिंथेटिक दूध का कारोबार विभाग बेखबर; लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** तहसील क्षेत्र संडीला में सिंथेटिक दूध का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिससे मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पूरे मामले की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पटेल ने शासन प्रशासन से की है, दिए गए पत्र में स्वास्थ्य विभाग व खाद विभाग की अनदेखी के चलते तहसील क्षेत्र में सैकड़ो दूध डेयरी मानकों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं। दूध का संग्रह कर नामी गिरामी कंपनियों में दूध भेजने के साथ शहरों में सप्लाई करते हैं। अधिकांश दूध डेयरी संचालक हानिकारक रसायन रिफाइन्ड तेल, टूथपेस्ट, यूरिया, वाशिंग पाउडर इत्यादि विषाक्त पदार्थों को मिलाकर बनाते हैं। फलतः इन डेयरियों से निकला यह सफेद दूध मीठा जहर बनकर लोगों को बीमारियां बांट रहे हैं। जाने अनजाने में आम नागरिक दूध व दूध से तैयार खाद्य पदार्थों का सेवन कर गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। दूध की हमारे दैनिक जीवन में छोटे बच्चों से लेकर रोजाना चाय, लस्सी, मिठाई, आइसक्रीम मिल्क पाउडर, घी आदमी प्रयोग होता है, जबकि मिलावटी दूध पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती की है, कानून में उम्र कैद का प्रावधान है। यह दूध डेरियां मानकों को ताक पर रखकर संचालित होती हैं। दूध रखने के स्थान पर साफ सफाई की व्यवस्था नहीं की जाती है। दूध रखने हेतु ड्रम खुले में रखे होते हैं। जिनमें मक्खियां धड़ल्ले से पड़ी रहती हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पटेल ने जन स्वास्थ्य के हित में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोषियों पर कार्यवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ की गयी गोष्ठी



अमेठी। पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ मीटिंग की गयी, जिसमें जनपद अमेठी के व्यापारी बन्धु उपस्थित हुए। मीटिंग में व्यापारी बन्धुओं को "ऑपरेशन दृष्टि" के तहत जागरुक कराते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र मौजूद रहे।

### नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना अमेठी पुलिस द्वारा 18 ग्राम स्मैक के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



अमेठी। जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत उपनिरीक्षक मंजीत सिंह थाना अमेठी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त श्रीराम विश्वकर्मा पुत्र स्व0 पारसनाथ विश्वकर्मा निवासी रामचरन का पुरवा मजरे टेवा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 18 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### प्रख्यात आल्हा गायक कलदार सिंह के निधन पर शोक की लहर



लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के सरेनी गांव निवासी शिक्षक व प्रख्यात आल्हा गायक कलदार सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे 76 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गेंगासों गंगातट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र मनीष सिंह ने दी। वे मशहूर आल्हा गायक थे। साहित्यनिष्ठ आल्हा गायन में उन्हें महारत हासिल थी। बुद्धि जीवी वर्ग उनके आल्हा गायन से आनंदित होते थे। वे 2010 में कतिकहा प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके अंतिम दर्शन हेतु घर में तांता लग गया। उनके अजीज मित्र व साथ में शिक्षण कार्य करने वाले छम्मीखेड़ा गांव निवासी पूर्व शिक्षक शिवभूषण द्विवेदी ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि वे एक बेहद नेक और दिलदार इंसान थे। उनके निधन से आल्हा और साहित्य जगत की अपूर्णीय क्षति हुई है। पूर्व विधायक अशोक सिंह, भाजपा वरिष्ठ किसान नेता रमेश बहादुर सिंह,जितेन्द्र सिंह, गुड्डू सिंह, भल्ला सिंह, बीरेन्द्र सिंह, ऊषा सिंह, दिव्या सिंह, विजय शंकर त्रिपाठी, राममोहन आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

### मखाना एवं सिंघाड़ा के उत्पादन के प्रशिक्षण हेतु कृषकों की टीम को रवाना किया गया



प्रतापगढ़। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मखाना एवं सिंघाड़ा के उत्पादन सम्बन्धी तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 31 कृषकों की टीम को 19 मार्च से 21 मार्च तक प्रसार निदेशालय सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय नैनी प्रयागराज भेजा गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषकों को मखाना एवं सिंघाड़ा के उत्पादन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### जनपद में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति का आगमन 21 मार्च को

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति इंजी0 अवनीश कुमार सिंह सभापति, समिति के सभापतित्व में 21 मार्च को अपरान्ह 3 बजे सड़क मार्ग द्वारा जनपद बाराबंकी से प्रस्थान कर जनपद प्रतापगढ़ पहुंचेंगी एवं रात्रि विश्राम करेंगी। समिति 22 मार्च को विकास भवन सभागार में अपरान्ह 3 बजे अधिकारियों के साथ दैवीय आपदा प्रबन्धन जांच समिति की बैठक करेंगी।

# योगी सरकार की विकास कार्यों की पोल खोल रही गड्ढा मुक्त सड़के

## दर्जनों गांव की लगभग 10000 आबादी का चलना हुआ दुश्वार ग्रामीणों ने जेई और ठेकेदार पर लगाया धांधली का आरोप

स्वतंत्र प्रभात



रायबरेली विकासखंड सतांव देश केंद्र व प्रदेश सरकार के देश व प्रदेश के कागजी सर्वांगीण विकास की पोल आए दिन मीडिया की सुर्खियों में बने रहने की बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी अपनी गैर जिम्मेदार हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं वह जिम्मेदार चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या किसी अन्य क्षेत्र में अधिकारियों व कर्मचारी की लेक्चरर कार्यशाली के चलते सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं ताजा मामला संताव विकास खंड का है जो बांदा बहराइच रोड से बखरी टिकाहा संपर्क मार्ग पूरी तरह से झज्जर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा में तब्दील हो चुका है हैरत की बात तो यह है कि रात के अंधेरे में बिना मिट्टी सफाई किए बिना दूसरी सड़क का खोदन डलवाया जा रहा था जो कि जेई और ठेकेदार की मिली भगत से कार्य हो रहा था

वही बिना मिट्टी सफाई किया कबाड़ डालने पर ग्रामीणों ने जेई और ठेकेदार परआरोप लगाते हुए विरोध किया आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि अगर प्रदेश स्तर के उच्च अधिकारी हकीकत तौर पर जीरो ग्राउंड पर जाकर मौके का मोईना करें तो मिलावटी दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा क्योंकि सूखी मिट्टी डालकर केवल खाना पूर्ति की जा रही है जिससे तुरंत गिट्टी उखड़ रही हैरत की बात यह है कि जब चुनाव आते हैं तो क्षेत्रीय विधायक सांसद मंत्री गांव के सर्वांगीण विकास की बड़ी-बड़ी बातें करके चले जाते हैं उसके बाद चुनाव में किए गए वादे को पूरा ना होने की वजह से क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस करती है बखरी टेकहा संपर्क मार्ग से क्षेत्र के धर्म सिंह खेड़ा बखरी पूरे बेनी माधव टेकहा भूप खेड़ा बाबुरा ईट बंद सहित लगभग 10000 की आबादी का झज्जर सड़क होने के कारण आना-जाना मुश्किल हो गया है आए दिन सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढो के कारण राहगीर आए दिन गिरकर छोटहिल होते रहते हैं

जिम्मेदार सांसद व विधायक तथा लोग निर्माण विभाग की लापरवाही से ग्रामीण आक्रोशित हैं सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीण का आक्रोश लगातार जिम्मेदारों के प्रति बढ़ता जा रहा है सबसे बड़ी मुसीबत यह है कि सुबह वक्त स्कूल छात्र-छात्राएं एवं रागिरो जब आवश्यक कार्य से घर से निकलते हैं तो किस समय कितना बड़ा हादसा हो जाए यह डर हमेशा बना रहता है प्रदेश सरकार तथा लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी तथा कर्मचारी शीघ्र ही मानव कल्याण की सोच को जहां में रखते हुए झज्जर मार्ग की रिपेयरिंग करवा कर लोगों को आने-जाने की परेशानी से निजात दिलाने का पूरा प्रयास करें यदि यही स्थिति बनी रही तो कभी भी बड़ा हादसा गठित हो सकता है यह मामला सातव विकासखंड के बांदा बहराइच से बखरी टिकहा संपर्क मार्ग का है

# अलीपुर गांव के होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

स्वतंत्र प्रभात



महराजगंज/ रायबरेली। होली जैसे पावन पर्व की धूम गांव सहित दूर दराज क्षेत्र तक रहती है, तथा अबीर गुलाल खेल कर गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देने व आपसी प्रेम सौहार्द बनाकर आपसी भाईचारे से होने वाले त्योहार को होली का पर्व कहा जाता है। यह उद्धार क्षेत्र के अलीपुर गांव में विशाल होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के आयोजक व भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह राठौर उपस्थित जन समुदाय को व्यक्त कर रहे थे। बताते चलें कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी तहसील क्षेत्र के अलीपुर गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर के आवास पर विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी लोकगीत व फागुन गीत व धवारी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तो वही आने वाले संभ्रांत लोगों को भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर ने अबीर गुलाल लगाकर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वही कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे का प्रतीक होली का पावन पर्व हम सभी को गले मिलकर गिले शिकवे मिटाकर आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश देता है, तथा इस होली मिलन समारोह में लोकगीत व फागुन गीत सुनकर व देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि गांवों में भी बहुमुखी प्रतिभा के कलाकार विद्यमान है, और इन सभी को आगे बढ़ते रहना चाहिए। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, अभितेज प्रताप सिंह, पिंटू सिंह, देवेंद्र प्रताप उर्फ नीलू सिंह, अन्नू सिंह, रोहित सिंह, पूर्व प्रधान पुत्तन सिंह, शरद सिंह, जन्मेजय सिंह, पूर्व सभासद विजय धोनी, पीयूष श्रीवास्तव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में किए दर्शन, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत





स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने बुधवार को बाबा बाल्हेश्वर धाम पहुंचकर विधिवत दर्शन और पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर में जय श्रीराम और भाजपा जिंदाबाद के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री राजेश निर्मल ने कहा कि बुद्धि लाल पासी के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी और विशेष रूप से दलितों की भागीदारी और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में हर वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, जिससे पार्टी को आगामी चुनावों में लाभ मिलेगा। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास के तहत सभी वर्गों को एकजुट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से जिले में भाजपा का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, विजय कुमार सिंह टप्पू, विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, मंडल अध्यक्ष लालगंज मनोज कुमार अवस्थी, मंडल महामंत्री राजेश कुमार निर्मल, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बुद्धि लाल पासी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन की मजबूती के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने सभी से आगामी चुनावों में पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ जुटने की अपील की।

### सीएचसी बछरावां का उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने किया औचक निरीक्षण

#### स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं डॉक्टरों में मचा हड़कंप



रायबरेली-बछरावां सीएचसी में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने औचक निरीक्षण किया। महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह को 19 मार्च 2025 को लगभग 10:00 बजे सीएचसी बछरावां में पहुंचते ही कर्मचारियों व डॉक्टरों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान जच्चा बच्चा वार्ड में महिला आयोग की सदस्य पहुंची तो महिलाओं से हाल-चाल पूछने पर चादर ना मिलने की बात कही गई। जिस पर महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह ने जच्चा बच्चा स्टाफ नर्स को फटकार लगाई।और गंदगी देखकर साफ सफाई करके स्वच्छ रखने की हिदायत दी वहीं सीएचसी बछरावां अधीक्षक जे के जैसल नदारत मिले। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बछरावां अधीक्षक डॉक्टर जे के जैसल से फोन पर बात की गई तो पता चला कि किसी मीटिंग में गए हुए थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



अमेठी। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी गई। किसान दिवस में किसानों ने ढीले तारों की समस्या उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सर्वे करा कर ढीले तारों को सही कराने का कार्य किया जाए, मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों में एक रजिस्टर बनाया जाए तथा एक टोल फ्री नंबर जारी करें जिससे किसान भाई ढीले तारों तथा अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं को बता सके जिससे उनकी समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा सके। इसके साथ ही किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराने में आ रही समस्याओं के बारे में बताया गया जिस पर उप कृषि निदेशक द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री करने में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। किसान दिवस में किसानों द्वारा मृत पशुओं के उठान की समस्या बताई गई जिस पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत कार्यालय से मृत पशुओं को उठाने वाले ठेकेदारों एवं अन्य व्यक्तियों की सूची प्राप्त कर ली गई है जिसे शीघ्र ही सभी गांवों व किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही किसान दिवस में कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत खेती करने तथा फसल को कीट, पतंगों व चूहों से बचाने के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया। किसान दिवस में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए। उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई/नलकूप/विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

# पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश) ने राममिलन शर्मा को बनाया प्रदेश उपाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज, रायबरेली। पत्रकारों के हितों की रक्षा और कल्याण के उद्देश्य से कार्यरत पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस बैठक में संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने लालगंज, रायबरेली निवासी वरिष्ठ पत्रकार राममिलन शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया। यह नियुक्ति संगठन की भावी कार्ययोजना और पत्रकारों के अधिकारों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता संयोजक विजय वर्मा ने की, जिसमें वरिष्ठ संरक्षक यतीन्द्र नाथ मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, प्रदेश महामंत्री प्रेम वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह, संरक्षक रामचन्द्र राजपूत और आशीष शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

**राममिलन शर्मा की नियुक्ति पर खुशी-** वरिष्ठ पत्रकार राममिलन शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के सदस्यों और पत्रकारिता जगत में हर्ष का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों और अन्य सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को मजबूती मिलेगी।

**राममिलन शर्मा का योगदान और भविष्य की योजनाएं**

राममिलन शर्मा लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने हमेशा निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता को बढ़ावा दिया है। उनकी नियुक्ति से संगठन को नई दिशा मिलेगी और पत्रकारों के हितों की रक्षा



के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अपनी नियुक्ति पर राममिलन शर्मा ने संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और पत्रकारिता को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश) के इस निर्णय से संगठन के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की उम्मीद की जा रही है।

### हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुटिलिया साड़देई में आरोपीगणों द्वारा एक राय होकर वादिनी के साथ गाली-गलौज, धमकी व लाठी डण्डे से जानलेवा हमला करने के संबंध में 15 मार्च को थाना जेठवारा में तीन नामजद व तीन अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

थाना प्रभारी जेठवारा धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 बंशीधर राय मय हमराह मुखबिर की सूचना पर थाना जेठवारा में पंजीकृत मु0अ0सं0 40/ 25 धारा 115(2), 352, 351(3), 109, 333 बीएनएस में वांछित एक अभियुक्त साबिर अली उर्फ रजाई पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम कुटिलिया साड़देई थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र अन्तर्गत समशेरगंज से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद लाठी बरामद किया गया।

### फतेहपुर छात्रावास ने अमेठी और भदोही ने देवरिया की टीम को हराकर जीते मैच

स्वतंत्र प्रभात



प्रतापगढ़। स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओपन आमंत्रण सीनियर पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार का पहला मैच फतेहपुर छात्रावास और अमेठी के बीच खेला गया।टॉस जीतकर अमेठी ने फतेहपुर छात्रावास को पहले बल्लेबाजी के लिए निमंत्रित किया।राजवीर सिंह के 41 और सचिन यादव के 41 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 144 रन बनाए।अमेठी के लिए आशुतोष मिश्रा ने 3 और अनुराग ने 2 विकेट झटके।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेठी के लिए निशांत तिवारी ने 34 और मोहम्मद फैज के 28 रनों की बदौलत टीम 20 ओवरों में 106 रन ही बना पाई।फतेहपुर के लिए आशुतोष मिश्रा ने 3 और अनुराग ने 2 विकेट झटके। इस मुकाबले को फतेहपुर छात्रावास ने 38 रनों से जीत लिया।इस मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन 4 ओवरों में 16 रन देकर 3 विकेट झटकने वाले अतुल पाल को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच के निर्णायक सक्षम सिंह और कार्तिकेय तिवारी रहे। दिन का दूसरा मैच देवरिया और भदोही के बीच खेला गया।टॉस जीतकर पहले टेस्ट बल्लेबाजी करने उतरी देवरिया की टीम के लिए दिव्यांश यादव के 22 और साहिल मिश्र की बदौलत 19.5 ओवरों में 108 रनों पर ढेर हो गई। भदोही के लिए ऋतिक मिश्र ने 3 और मोहम्मद कैफ ने दो विकेट झटके।जवाब देने उतरी भदोही की टीम 15.3 ओवरों में 5 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।भदोही के विशाल सुसलीन ने नाबाद 35 रनों का योगदान और अनुराग गुप्ता ने भी 35 रनों का नाबाद योगदान दिया। इस मुकाबले को भदोही ने 5 विकेट से जीत लिया।इस मैच के निर्णायक उत्कर्ष पाल और कृष्ण सरोज रहे। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विशाल सुसलीन रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नि:शुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम का उठाये लाभ, 25 मार्च तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2025-26 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र 25 मार्च तक जमा कर सकते है।उन्होने बताया है कि प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं यथा रेलवे, बैकिंग, कर्मचारी चयन आयोग, समूह 'ग' समीक्षा अधिकारी, बीएड, पीईटी, टीईटी की तैयारी करायी जायेगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षार्थियों को दो सौ रूपये प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति भी दी जाती है। उन्होने बताया है कि इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी उपरोक्त प्रमाण पत्रों सहित बैंक पासबुक की फोटो कापी एवं दो फोटो के साथ विलम्बतम 25 मार्च तक जमा कर सकते है। उक्त वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय में आनलाइन पंजीकरण होना अनिवार्य है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 27 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के प्रांगण में होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा।

### हीट वेव से बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, हल्के और ढीले कपड़े पहने, संतुलित आहार लें- अपर जिलाधिकारी**



प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने जनपद में हीट वेव से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी करते हुये बताया है कि दिनभर में कम से कम 3-4 लीटर पर्याप्त मात्रा में पानी पियें, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी और फलों का रस भी लें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर ठंडा रहे।दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच सूरज की तेज किरणों से बचे, अगर जरूरी हो तो छाता, टोपी या गमछे का इस्तेमाल करें। पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करें और घर को हवादार बनाये रखें, ठंडी जगह पर रहें। ताजे फल, हरी सब्जियां और दही जैसे ठंडे और पोषक खाद्य पदार्थो का सेवन करें, संतुलित आहार लें। ज्यादा देर तक धूप में न रहें, बिना सुरक्षा के तेज धूप में जाने से हीट स्ट्रोक हो सकता है। गर्म और तैलीय भोजन न करें, अधिक मसालेदार, तली-भुनी चीजें और अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से शरीर में गर्मी बढ़ती है। ठंडे पानी से न नहायें, बहुत ज्यादा ठंडे पानी से नहाने से शरीर को शॉक लग सकता है, हल्के गुनगुने पानी से नहाना बेहतर रहेगा। शराब और कैफीन युक्त चीजों से बचे, चाय, काफी और अल्कोहल डिहाइड्रेशन बढ़ा सकते है।

### हत्या के अभियोग में दो वांछित हुए गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना रानीगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम रामगढ़ बभनमई में टीन शेड व रास्ते के विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा वादी के पिता को मारपीट कर घायल कर देने से घायल की मृत्यु हो गई।जिसके सम्बन्ध में वादी की ओर से थाना रानीगंज में नामजद तीन अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना रानीगंज प्रभारी निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह मय हमराह द्वारा क्षेत्र देखभाल, विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान थाना रानीगंज के मु0अ0सं0 68 / 2025 धारा 3(5)/352/109(1)103 (1) भा0न्या0सं0 से संबंधित वांछित दो अभियुक्तों विनीत कुमार ओझा उर्फ राजकुमार पुत्र स्व0 रवीन्द्र नाथ ओझा निवासी ग्राम रामगढ़ बभनमई थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ व रिचा ओझा पत्नी बृजेश ओझा निवासी ग्राम बभनमई रामगढ़ थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को मूखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र रानीगंज के भागीपुर देवासा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# करकी गाँव की तीन बहनें जिला का किया नाम रोशन, अपना दल के नेताओं ने किया सम्मानित

रॉबर्टसगंज /सोनभद्र। जिले के करमा थाना क्षेत्र के करकी गांव की तीन बहनें सुमन सिंह पटेल, मंजू सिंह पटेल और आराधना सिंह पटेल ने एक साथ यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा पास कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव और जिले का नाम रोशन कर दिया है। उनके पिता अनिल सिंह पटेल किसान हैं, और माता राजकुमारी देवी गृहिणी हैं। इनके दादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यज्ञ नारायण सिंह पटेल थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था।यह परिवार अपनी संघर्ष गाथा के साथ-साथ नई पीढ़ी की शानदार उपलब्धियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है। सेनानी यज्ञ नारायण सिंह पटेल के पांच पुत्रों के बच्चे-बच्चियों में 4 सिपाही, 1 असिस्टेंट मैनेजर (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) श्याम ललित सिंह पटेल, 1 इंजीनियर (क्क्षरु) शिवललित सिंह पटेल, और अवधेश सिंह पटेल यूपी पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। तीनों बहनों ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हंस वाहिनी इंटरमीडिएट कॉलेज, कसया कला से प्राप्त की और आगे की शिक्षा छ्वस्क्क महाविद्यालय, कसया कला से ग्रहण की, जिसके प्रबंधक डॉक्टर प्रसन्न पटेल हैं। गांव में ही रहकर तीनों बहनों ने कठिन परिश्रम से पढ़ाई और पुलिस भर्ती की तैयारी की, जिसके बाद उन्होंने यह बड़ी कामयाबी हासिल की। बेटियों के जज्बे को सलाम- इनकी इस शानदार उपलब्धि पर सोनभद्र के अपना दल (एस) के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल , आनंद पटेल "दयालु" (प्रदेश उपाध्यक्ष, युवा मंच एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट), श्याम चरण गिरी (पूर्व जिला महासचिव, अपना दल एस),



संतोष कनौजिया (जिला सचिव, अपना दल एस), और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विकास कुमार ने संयुक्त रूप से तीनों बहनों को राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट की ओर से प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, और आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। कुर्मी कुल के गौरव और सम्मान की

जनपद सोनभद्र की विधानसभा घोरावल, ग्राम पंचायत करकी में कुर्मी कुल के गौरव, स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा और उन्नति के लिए हम सभी संकल्पित हैं।इस मौके पर सत्यनारायण पटेल ने कहा कि कुर्मी कुल की तीनों गौरवशाली बेटियों, जिन्होंने अपने साहस, मेहनत और प्रतिभा से पूरे समाज का सम्मान बढ़ाया है, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। ये बेटियाँ आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेंगी और समाज को नई दिशा देंगी। जनपद सोनभद्र में विधानसभा घोरावल, ग्राम पंचायत करकी के कुर्मी कुल गौरव, स्वाभिमान और सम्मान की प्रतीक इन तीनों बहनों का भविष्य उज्जवल हो, ऐसी शुभकामनाएं और बधाई देता हूँ। इसके बाद आनंद पटेल "दयालु" जी ने कहा कि यह तीनों बेटियाँ न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे समाज का गौरव हैं। इनकी मेहनत, लगन और संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणादायक है। इन्होंने साबित कर दिया कि बेटियाँ किसी से कम नहीं हैं। मैं इन्हें हार्दिक बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि ये आगे भी नई ऊंचाइयों को छूएंगी। आज हर बेटी को इनसे सीख लेनी चाहिए कि अगर इरादे मजबूत हों, तो गांव से भी निकलकर सफलता की बड़ी कहानी लिखी जा सकती है।वहीं, श्याम चरण गिरी ने अपने संबोधन में कहा कि इन बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि सफलता के लिए संसाधनों से ज्यादा मजबूत इरादों की जरूरत होती है। समाज को इनसे सीख लेनी चाहिए कि अगर दृढ़ निश्चय हो तो गांव से भी बेटियां बुलंदियों तक पहुंच सकती हैं।यह परिवार और इन बहनों की कहानी आज के समाज में बेटियों की ताकत, आत्मनिर्भरता और परिवार के सपनों को साकार करने की एक अनोखी मिसाल बन गई है।

# कानपुर का ऐतिहासिक गंगा मेला आज, सरसैया घाट पर

## एक सप्ताह तक चली होली का समापन गंगा मेला पर होता है

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर का नाम औधोगिक शहर के साथ साथ इतिहास के पन्नों में भी दर्ज है हां लेकिन यह कहा जा सकता है कि कानपुर के राजनेताओं ने कानपुर के इतिहास को कभी उस तरह प्रसारित करने की कोशिश नहीं की जैसे कि अन्य नगरों, शहरों में है। इसी इतिहास में छिपा है कानपुर का गंगा मेला जो कि हर साल होली के बाद रंगपंचमी के दूसरे दिन होता है। बताया जाता है कि अंग्रेजी हुकूमत के समय होली के दिन शहर के हटिया में कुछ क्रांतिकारी होली खेल रहे थे जिसकी भनक अंग्रेजी अफसरों को लग गई और उन्होंने उन क्रांतिकारियों को जेल में डाल दिया था। इसके विरोध में उस समय कानपुर वासियों ने होली नहीं खेली थी और इसका जोरदार विरोध किया था। इस विरोध के चलते अंग्रेजी हुकूमत के अफसरों ने आज के दिन ही उन क्रांतिकारियों को जेल से रिहा किया था तब पूरे कानपुर ने जम कर होली खेली। और यह प्रथा आज भी चली आ रही है।

गंगा मेला के दि हटिया बाजार से रंगों का ठेला निकलता है और लोग जमकर होली खेलने हैं। इनमें आम आदमी, व्यापारी तथा राजनेता सभी शामिल होते हैं। यह रंगों का ठेला शहर के सभी प्रमुख मार्ग से गुजरता है। फिर बिरहाना रोड पर तो कपड़ा फाड़ होली देखते ही बनती है। होली का यह क्रम दोपहर तक चलता है। और शाम को गंगा किनारे सरसैया घाट पर मेला लगता है। जहां हर वर्ग के लोग एक दूसरे से मिलते हैं और शुभकामनाएं देते हैं। अबीर लगाते हैं। तमाम प्रतिष्ठानों, मीडिया, प्रशासन के स्टाल लगते हैं जहां सभी एक दूसरे से मिलते हैं। बड़े नेताओं से लेकर बड़े अधिकारी तक गंगा मेला में मौजूद रहते हैं। इस तरह कानपुर में गंगा मेला के साथ ही होली का समापन भी होता है। इतनी लंबे समय तक होली शायद कानपुर के अलावा कहीं नहीं खेली जाती है।

# बेसमेंट की खुदाई से कई मकानों का पिछला हिस्सा ढहा, तीन घायल

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** आज दिनांक 19 मार्च को पीआरवी से सूचना प्राप्त हुई कि मोती महल टॉकीज के पीछे किसी मकान की दीवार गिर गई है , जिसकी जांच हेतु पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि 77/2 हालसी रोड कुली बजार थाना अनवरगंज नगर जिसकी स्वामी रेखा जैन पत्नी अजीत कुमार जैन है द्य

आज लगभग दोपहर 13.00 बजे मकान नं0 77/154 लाटूस रोड की दीवार ढह गई और पड़ोस में एक रेडीमेट गारमेंट का कारखाना है जिसकी दीवार भी ढह गई, कारखाने में 04 कारीगर कार्य कर रहे थे। जिनमें से 03 कारीगर अरशद,मुर्तजा,वसीम को दीवार ढहने के कारण चोटे आई हैं जिनको मनामा अस्पताल थाना क्षेत्र चमनगंज में भर्ती कराया गया जिनकी हालत सामान्य है, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बेसमेंट की खुदाई के दौरान आधा दर्जन मकानों का पिछला हिस्सा ढह गया। पिछला हिस्सा गिरने तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल। जैन ब्रदर्स द्वारा की जा रही थी बेसमेंट की खुदाई। 2 साल पहले भी यहीं पर चल रही थी बेसमेंट की खुदाई केडीए ने किया था बेसमेंट के इलाके को शील। बिना मानक बिना कानपुर विकास प्राधिकरण के परमिशन के अवैध रूप से चल रही थी बेसमेंट की खुदाई।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**कानपुर।** प्रधानाचार्य, अटल आवासीय विद्यालय, सरिता ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम रामपुर नरूआ तहसील बिल्हौर, जनपद- कानपुर नगर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा दिनांक 16 फरवरी, 2025 का परीक्षा फल घोषित कर दिया गया है। उक्त प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 हेतु 70 छात्र एवं 70 छात्रायें तथा कक्षा 9 हेतु 70 छात्र एवं 70 छात्रायें प्रवेश हेतु मेरिट के आधार पर चयनित किये गये है। इस प्रकार कानपुर मण्डल के कुल 280 छात्र एवं छात्राओं का प्रवेश आगामी सत्र हेतु कक्षा 6 एवं कक्षा-9 में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तत्क्रम में मेरिट के आधार चयनित किये गये छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम कार्यालय अपर श्रमायुक्त, कानपुर क्षेत्र, कानपुर, अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम रामपुर नरूआ तहसील-बिल्हौर, जनपद- कानपुर नगर, कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी, कानपुर नगर, कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, कानपुर नगर एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरिक्षक, कानपुर नगर के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित है। सूचनीय है कि जनपद कानपुर नगर एवं कानपुर देहात के चयनित छात्र-छात्राओं की काउसिलिंग दिनांक 21 मार्च, 2025 को समय 11:00 बजे एवं जनपद औरैया, फरूखाबाद, इटावा, कन्नौज के चयनित छात्र/छात्राओं की काउसिलिंग दिनांक 22 मार्च, 2025 को समय 11:00 बजे अटल आवासीय विद्यालय रामपुर नरूआ तहसील-बिल्हौर, जनपद- कानपुर नगर में सम्पादित की जाएगी।

## गुण्डा एक्ट में एक को किया जिला बदर, उन्नाव छोड़ा



**कानपुर।** थाना चकेरी कानपुर नगर पर प्राप्त आदेश बाद संख्या 439 / 2024 सरकार बनाम गौरव निषाद उर्फ अनुराग धारा 3/4 उ0 प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 थाना चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर आदेश दिनांक 11/3/2025 अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था)/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के आदेश के अनुपालन में अभियुक्त गौरव निषाद उर्फ अनुराग पुत्र उमाचन्द्र निवासी 61 सफीपुर प्रथम थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष को आज दिनांक 19.03.2025 को प्रभारी निरीक्षक चकेरी मय हमराहीयान उ0नि0 विनीत त्यागी व उ0नि0 राहुल पाण्डेय व आरक्षी सुशील कुमार के साथ मय लाउड हेलर व डुगडुगी वादक के साथ अभियुक्त गौरव निषाद उर्फ अनुराग को न्यायालय के जिला बदर आदेश पर कानपुर जनपद की सीमा के बाहर गंगा घाट क्षेत्र जनपद उन्नाव में छोड़ा गया।

## कानपुर आर्डिनेंस की गोपनीय सूचनाएं भेजने वाला गिरफ्तार



**कानपुर।** यूपी- एटीएस ने कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से जूनियर वर्क्स मैनेजर विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। विकास कुमार पर आरोप है कि ये पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट नेहा शर्मा को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय सूचनाएं भेज रहा था। विकास का साथी रविन्द्र 13 मार्च को फिरोजाबाद ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से पकड़ा जा चुका है।

## गोतस्करी मामले में आक्रोश फैलाने वाले दो गिरफ्तार

**जौनपुर सिरकोनी।** जफराबाद थाने के हल्का प्रभारी धनुषधारी पाण्डेय ने दुल्हेपुर गांव में गोतस्करी कर आक्रोश फैलाने वाले दो व्यक्तियों को सूचना पर उनके घर से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि पकड़े गये दोनो आरोपी अम्बुज सरोज व पिन्टू सरोज गोतस्करी के मामले में पूर्व में भी अभियुक्त रह चुके हैं। उन्हे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया है।

## मुखबिरी के आरोप को लेकर मारपीट कर रहे दो गिरफ्तार

**जौनपुर** सिरकोनी जफराबाद थाना पुलिस ने पुलिस से मुखबिरी के आरोप को लेकर जलालपुर थाना क्षेत्र के दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया है उसमें से एक जलालपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी बताया जा रहा है। मंगलवार को गस्त पर निकले हल्का प्रभारी धनुषधारी पाण्डेय को सूचना लगी कि धनेजा गांव में तीन लोग आपस में झगड़ा झंझट कर रहे हैं जिसमें में धनेजा निवासी एक व्यक्ति से दो व्यक्ति इस बात पर मारपीट कर रहे थे कि वह उन दोनों की पुलिस से मुखबिरी करता है। इसी बात को लेकर विवाद कर रहे लक्ष्मीशंकर यादव निवासी सुरहुर व विकास उर्फ नसुद्दी निवासी सेहमलपुर थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि उक्त दोनों आरोपियों को शान्ति भंग में चालान कर दिया गया है।

## मनबढ़ों ने युवक को पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज

**जौनपुर सिरकोनी।** जफराबाद थाना क्षेत्र के राजेपुर मतुला गांव में बारात में आये युवक को खाना खाकर बारात से निकलते समय मनबढ़ो ने पीट दिया। तहरीर दिए जाने पर जफराबाद पुलिस ने चार के विरूद्ध केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी है। जलालपुर क्षेत्र सियाराम यादव के लड़के की बारात बीते 11 मार्च को कचगांव के राजेपुर मतुला गांव में आयी थी। शादी में मसहुदपुर निवासी मूल सिंह चौहान बारात आये थे। आरोप है कि जब वे बारात लगने के बाद खाना खाकर वापस अपने घर को निकल रहे थे कि उसी समय बारात में आए 4 लोगों ने उन्हे गाली देते हुए मारने पीटन लगे। उक्त सम्बन्ध में जफराबाद पुलिस ने घटना 7 दिन बाद मंगलवार को केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जेपी यादव ने बताया कि चार के विरूद्ध मुकदमा लिख गया है कार्यवाही की जा रही है।

# शर्करा संस्थान में विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में एक विशेष हिंदी कार्यशाला का आज आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व महाप्रबंधक, विभिन्न विभागों में उच्च प्रशासनिक पदों पर आसीन रहे सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी, सम्प्रति उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में सलाहकार एवं वरिष्ठ विद्वान शैलेन्द्रनाथ को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। निदेशक, प्रो.सीमा परोहा तथा अतिथि वक्ता द्वारा मां शारदा के दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में 50 से अधिक अधिकारियों ने भागीदारी की। कार्यशाला में शैलेन्द्र नाथ ने अपने व्याख्यान में कहा कि समय-समय पर भारत सरकार के द्वारा हिंदी के विकास के लिये जो प्रयास आरंभ किये गये हैं, उनके सार्थक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। अब हिंदी को विदेशों में भी सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा है। इसका स्पष्ट प्रमाण बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा हिंदी में प्रचार माध्यमों को बढ़ावा दिया जाना है। हिंदी की प्रगति यात्रा पर संतोष व्यक्त करते हुए संस्थान की निदेशक, प्रो.सीमा परोहा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब हिंदी को भी विदेशों में संपर्क भाषा के माध्यम के रूप में मान्यता मिलेगी। इसके लिये सरहद पार विदेशों में बसे कोटि-कोटि हिंदुस्तानियों को साधुवाद दिया जाना समीचीन होगा जो अपनी भाषा और संस्कृति को वहां पर भी बढ़ा रहे हैं। सच्चे मन से किया गया प्रयास लक्ष्य की प्राप्ति में सफलता दिलाता है, इसलिये हम सबको हिंदी में काम कर हिंदी को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मल्लिका द्विवेदी, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने कार्यशाला में व्याख्यान हेतु पधारे विद्वान अतिथि वक्ता और अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में दया शंकर मिश्र, निदेशक के निजी सचिव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर कैंडल मार्च निकाला गया

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर अर्चना गेस्ट हाउस समीप गुजैनी स्टेट बैंक चौराहे पर गौरैया के चित्र पर टीका लगाकर जन्मदिन मनाया गया एवं गौरैया के प्रति जन जागरूकता हेतु कैंडल मार्च निकाला गया जो आसपास के क्षेत्र में घूम कर वापस शिव काली मंदिर गुजैनी टेंपो स्टैंड चौराहे पर पहुंचा। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष एवं दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य विनोद मिश्र ने कहा वातावरण में बढ़ रहे तेजी से प्रदूषण एवं बढ़ते शहरीकरण के कारण गौरैया चिड़िया विलुप्त होने के कगार पर पहुंच रही है। गौरैया के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है पर्यावरण एवं प्रक्रति का संतुलन बनाए रखने में गौरैया अहम भूमिका अदा करती है गौरैया एक ऐसा पक्षी है जो आबादी वाले क्षेत्रों में आसपास पेड़ों पर प्रजनन हेतु घोंसला स्वयं बनाती है लेकिन वर्तमान समय में बढ़ रहे। शहरीकरण के कारण पेड़ों की बड़ी मात्रा में कटान होने से गौरैया के समक्ष प्रजनन रहने एवं दाना पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है गौरैया जैव विविधता का प्रतीक है पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका अदा करती है यह कीट पतंगो को खाकर प्राकृतिक कीट नियंत्रण का कार्य करती है यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है गौरैया दिवस वर्ष 2010 में पहली बार आयोजित किया गया था हमारी भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं में भी गौरैया को शुभ माना जाता है गौरैया के आवास एवं दाना पानी की कमी की वजह से उनकी संख्या तेजी से घट रही है गौरैया एक ऐसी पंछी है जो हम सब के बीच में रहना पसंद करती है।

हमारी संस्था जन जागृति मंच हर साल गौरैया दिवस पर बिना कोई सरकारी आर्थिक सहायता चंदा या अनुदान लिए बगैर निस्वार्थ भाव से जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करती है जिसमें प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन विभाग कानपुर पधारते रहे हैं हमारी संस्था हर वर्ष कम से कम 21 निशुल्क घोसला वितरण भी करती है इस वर्ष भी गौरैया के लिए संस्था द्वारा 21 पेड़ों पर उनके दाना पानी पात्रों को लगवाया जा रहा है एवं उचित स्थान पर लकड़ी के निशुल्क 21 घोसला टगवाऐ जाएंगे मोबाइल टावरों से निकलने वाली तरंगें भी गौरैया के घटने का कारण है गौरैया पर्यावरण के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है कीटों को अपने बच्चों को खिला ती है हम सभी को आज संकल्प लेना चाहिए कि अपने-अपने घरों के आवास की छत पर सुरक्षित स्थान में लकड़ी के घोंसले एवं दाना पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे इस अवसर पर सर्वश्री विनोद मिश्र, प्रकाश वीर आर्य, दीपक श्रीवास्तव अनिल गुप्ता, अंशु गुप्ता, हरबंस लाल चुघ,मुकेश शुक्ला आदि थे।

# महिला होली मिलन कार्यक्रम में उड़े अबीर गुलाल होली मिलन समारोह में शामिल हुई महिलाएं

स्वतंत्र प्रभात



**शाहगंज,जौनपुर।** शाहगंज की महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए पहली बार बरसाने की होली के तर्ज पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नगर की महिलाओं ने एक दूसरे को गले लगाकर एक दूसरे को रंग लगाया।इसके पहले आयोजकों में नगर पालिका अध्यक्ष गीता जायसवाल, गोपेक्षर मंदिर से जुड़ी निदेशिका सुनीता अग्रवाल, डॉक्टर मौलश्री चित्रवंशी,जागृति चित्रवंशी आराधना अग्रवाल,गीता मुन्नी जयसवाल,मीरा रानी जायसवाल,को अबीर लगाकर होली की बधाई देने के साथ ही सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजिका खुशबू जायसवाल ने विशेष आभार व्यक्त किया। वहीं आराधना अग्रवाल, सपना गुप्ता, रंजना सेठ, विश्वावानी जायसवाल, पिंकी सेठ, सोनम जायसवाल, शिवांगी त्रिपाठी,नूपुर अग्रहरि, सुनीता अग्रहरि, डॉली जायसवाल, रूबी अग्रहरि, रितिका अग्रहरि, ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग दिया। इसके बाद युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें शिप्रा जायसवाल,अमिता गुप्ता, विजेता, रचना जायसवाल आदि प्रतिभागियों ने जीत हासिल कर पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल फूल आदि से होली खेलते श्याम बाबा के भजन पर खूब नृत्य हुआ। वहीं सुनीता जायसवाल और संध्या चौरसिया ने खुशबू जायसवाल के लिए कहा कि श्याम बाबा की कृपा आपके ऊपर ऐसे ही बनी रहे और ऐसे ही सफल कार्यालय आपकी देख रेख में होते रहे।वही सभी आपस में भी अबीर गुलाल लगाकर होली के गीतों पर सभी युवतियों ने जमकर नृत्य किया और एक दूसरे को हैप्पी होली बोलती नजर आई। बताते चलें कि निहारिका ब्यूटी सैलून की डायरेक्टर खुशबू जायसवाल की देखरेख में नगर के महिलाओं में होली खेलने का कार्यक्रम चौथी बार आयोजित किया गया, जो पूरी तरह से महिलाओं के लिए समर्पित था। होली मिलन समारोह को सफल बनाने में सुष्मा जायसवाल, नीलम जायसवाल, निशा जायसवाल, रीमा सोनी, पिंकी अग्रहरि, प्रशंसा गुप्ता, कामना जायसवाल, अर्चना साहू, पूनम जायसवाल, तान्या जयसवाल, गुप्ता, श्वेता जायसवाल, धान्या अग्रहरि, अंकिता पांडे, छवि अग्रहरि, किरण पंडित, सौम्या गुप्ता, रेनू सेठ, अंजू मोदनवाल, अमृता सिंह, प्रियंका अग्रहरी, प्रियंका चित्रवंशी, रूबी सेठ, खुशबू अग्रहरी, रचना जायसवाल, पायल जायसवाल, प्रीति जायसवाल, शेफाली जयसवाल, पूजा अग्रहरी अग्रहरी, भूमिका जयसवाल, रूपम जायसवाल, प्रियंका, अनुपमा मोदनवाल, अंकिता पांडे, रजनी, अनामिका, लाडो पावनी सेठ, शकुंतला जायसवाल, मुक्ता जायसवाल, बैजनाथ अग्रहरी, ऋषिराज जायसवाल, सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी के प्रति खुशबू जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।

# जिला बनेगा भाजपा का मजबूत किला–डॉ अजय कुमार सिंह



**जौनपुर** बुधवार को सिहिपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा मछलीशहर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रथम जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत में डॉ. अजय कुमार सिंह ने हाल ही में संपन्न हुए पार्टी कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विगत आयोजनों की सफलता और कमियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए और अधिक समर्पण का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पेश की, जिसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका और जमीनी स्तर पर जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुँचाने की रणनीति शामिल थी।डॉ. सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में सभी मंडल अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा, हमें ऐसा वातावरण बनाना है, जिसमें हर कार्यकर्ता और नागरिक भाजपा के साथ जुड़ाव महसूस करे। यही एकता आगामी पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का परचम बुलंद करने का आधार बनेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ताओं का विश्वास और मेहनत ही वह नींव है, जिस पर मछलीशहर जिला भाजपा का मजबूत किला बनेगा।बैठक में संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने, बूथ स्तर तक प्रभावी संवाद स्थापित करने और जनता के बीच पार्टी की उपलब्धियों को प्रचारित करने पर भी गहन विचार-मंथन हुआ। डॉ. सिंह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएँ और विपक्ष के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दें।इस दौरान मंडल अध्यक्षों ने भी अपने सुझाव और योजनाएँ साझा कीं, अंत में सभी ने एकजुट होकर पार्टी के लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प लिया। संचालन स्कन्द पटेल ने किया। इस अवसर पर राजेश सोनकर,जयेश सिंह, आशीष सरोज, रणविजय सिंह, रजनीश चौबे, मुकेश सिंह, शिवम पाल, महेश चौरसिया, राजेश जायसवाल,अभिनव सिंह, मिथिलेश गिरी, प्रदीप पासी, योगेश मिश्रा, हरिहर राजभर, संतोष मौर्य, सुशील निषाद, उद्रेज पटेल, जगदीश चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मकान में लगी आग दो बाइक सहित आठ लाख रुपये का सामान जलकर राख

● -अस्पताल में लगे फायर सिस्टम और पडोसियों की मदद से बुझाई गई आग

स्वतंत्र प्रभात



**शाहगंज, जौनपुर।** नगर के पुरानी बाजार हड्डी अस्पताल गली स्थित एक मकान में मंगलवार की शाम विद्युत शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई।जिसमें दो बाइक सहित लगभग आठ लाख रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। लोगों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।पुरानी बाजार मोहल्ला हड्डी अस्पताल गली निवासी विपिन कुमार श्रीवास्तव का मकान है।

उक्त मकान में मंगलवार की शाम करीब 6 बजे विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई। मकान से धुआं निकलता देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने बगल स्थित आरके हास्पिटल हड्डी अस्पताल में लगे फायर सिस्टम को चालू कराकर किसी तरह से आग पर काबू किया।काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। मकान मालिक ने बताया कि आग की चपेट में आने से दो बाइक सहित करीब आठ लाख रुपए मूल्य का सामान जल कर राख हो गया है। सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड न पहुंचने से लोगों में रोष है।

# किसान दिवस के अवसर पर बैठक सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुयी उसे तत्काल निस्तारित करें। उन्होने कहा कि किसानों की समस्यओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान दिवस आयोजन करने का उददेश्य है कि किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाए और उनसे जुडी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित की जाए।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा किसानों को वाल और टेबल कैलेण्डर, बैग एवं प्राकृतिक खेती के विषय पर आधारित चार्ट वितरित किया गया डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र 17 मार्च से संचालित हो गए हैं। इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में गत वर्ष से 150 रुपए प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। प्रति कुंतल गेहूं की एमएसपी 2425 रुपए है। गेहूं विक्रय के लिए किसान बंधु किसी भी जन सेवा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं। किसान बंधु द्वारा स्वयं अपने मोबाइल में किसान मित्र ऐप डाउनलोड करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इसके अलावा अपने नजदीकी किसी भी धान क्रय केंद्र पर जाकर निःशुल्क अपना पंजीकरण करा सकते हैं।किसान बंधुओं की सुविधा के लिए जिलाधिकारी द्वारा कुल 40 मोबाइल क्रय केंद्र भी बनाए गए हैं। जिस गांव में एक ट्रक लोड गेहूं मिलने की संभावना हो, वहां मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसान के घर जाकर तौल कराई जाएगी। एक दिन पहले किसान बंधु कंट्रोल रूम के नम्बर 05452350857 पर गेहूं तौल के लिए फोन कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेंद्र सोनकर ने किसानों को बताया कि अधिक से अधिक वर्मी कंपोस्ट बनाकर खेत में डाले जिससे मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और गुणवत्ता युक्त अन्न उगाया जा सकेगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उप निदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी, सहित अन्य अधिकारीगण और किसान उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी का होगा ऑटोमेशन

● -लाइब्रेरी में इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों की बढ़ेगी संख्या

विश्वविद्यालय परिसर की पुस्तकालय समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तकालय समिति की बैठक कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई. विश्वविद्यालय परिसर में संचालित नए पाठ्यक्रमों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के कारण संशोधित पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तकों के क्रय की प्रक्रिया के लिए लिए समिति का गठन होगा. लाइब्रेरी का ऑटोमेशन किया जाएगा जिससे विद्यार्थियों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम की पुस्तकों की जानकारी मिलेगी और आने वाले समय में पुस्तकों की सुरक्षा के लिए चिप लगाये जाएंगे। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थी पुस्तकों से जुड़े रहे इसके लिए उन्हें निरंतर प्रेरित करते रहे. बैठक का संचालन करते हुए मानद पुस्तकालय अध्यक्ष प्रोफेसर राज कुमार ने पुस्तकालय में पुस्तकों की अद्यतन स्थिति के बारे में प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि पुस्तकालय के नए भवन में शिक्षकों तथा शोध छात्रों के लिए बने रिसर्च कैरल्स में इंटरनेट कनेक्टिविटी कराए जाने, उच्च स्तर के बौद्धिक संसाधन को बढ़ाने एवं नवीन तकनीकों के माध्यम से संसाधनों के अधिकतम उपयोग करने पर सहमति बनी।

पुस्तकालय के दो हाल में वातानुकूलन की सुविधा प्रदान करने तथा क्रमबद्ध तरीके से पुरे पुस्तकालय को वातानुकूलित करने पर भी सहमति बनी और भविष्य में पुस्तकालय को ऑटोमेशन की ओर बढ़ाये जाने का सुझाव दिया गया. उन्होंने कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय दिन में 12 घंटे खुला रहता है, स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत पुस्तकालय के अंदर एक कैफे कॉर्नर की सुविधा प्रदान कराई जाएगी। लाइब्रेरी में इंटर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 मनीष कुमार गुप्ता ने किया. बैठक में समिति सदस्य के रूप में कुल सचिव महेंद्र कुमार, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. श्रीश कुमार सिंह, प्रो. बिजय कुमार उपाध्याय, प्रो. सत्य प्रकाश, प्रो. अजय कुमार दुबे, प्रो. राघवेन्द्र कुमार पांडेय, डॉ0 नृपेन्द्र सिंह, पुस्तकालय प्रभारी डॉक्टर इंद्रेश कुमार तथा सहायक अवधेश प्रसाद उपस्थिति रहे।

# मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव- विश्व रिकॉर्ड के लक्ष्य के साथ अभियान

● -शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 21 से 24 मार्च तक जनपद में रक्तदान शिविरों का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**जौनपुर।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (NIFA) के संवेदना-2 अभियान के तहत देशभर में 16 से 30 मार्च के बीच 2,400 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य 1.5 लाख यूनिट रक्त एकत्रित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के 94वें बलिदान दिवस को समर्पित है। उत्तर प्रदेश में 500 रक्तदान शिविरों का आयोजन NIFA के फाउंडर चेयरमैन डॉ. प्रीतपाल सिंह पन्नू और प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिलीप दुबे के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में करीब 500 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। संस्था की यूपी संरक्षक एवं ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की प्रबंधक/सचिव डॉ. अंजू सिंह ने बताया कि इस अभियान का मकसद रक्तदान को प्रोत्साहित करना और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उन्होंने युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से इस महाअभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने वाले रक्तदाताओं को शहीदों के परिजनों के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। जनपद में रक्तदान शिविरों का कार्यक्रम- समय- प्रातः 10 बजे से

# सल्तनत बहादुर महाविद्यालय जनपदीय समागम में विजेता

स्वतंत्र प्रभात



**बदलापुर/जौनपुर** जनपदीय समागम-2025 का आयोजन सहकारी पी.जी.कालेज मिहरावां,जौनपुर में सम्पन्न हुआ। सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय बदलापुर रेंजर्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके विजेता बना। मोहम्मद हसन कालेज को द्वितीय स्थान मिला। रोवर्स प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन कालेज प्रथम तथा सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय बदलापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सल्तनत बहादुर महाविद्यालय के रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ.कर्मचन्द यादव एवं डॉ.रेखा मिश्रा ने रोवर्स-रेंजर्स छात्र-छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि प्रबंधक श्री राजीव कुमार सिंह से विजेता ट्राफी ग्रहण किया। सल्तनत बहादुर महाविद्यालय के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, प्रबंधक श्याम सिंह, प्राचार्य प्रो.सुनील प्रताप सिंह सहित महाविद्यालय परिवार ने प्रभारी और छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सोमपाल शर्मा के भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर ब्लॉक प्रमुख ने मिष्ठान वितरित किया



**बरेली**/भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर भाजपा हाई कमान द्वारा सोमपाल शर्मा को बरेली का जिला अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने लोगों को मिठाईयां खिलाकर हर्ष व्यक्त किया और कहा भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा सोमपाल शर्मा जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को कार्य करने का अवसर दिया है इसके तहत कार्य कर्ताओं को बल मिलेगा और पार्टी उच्च स्तर पर अपना स्थान बनाएगी इस दौरान उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ग्राम प्रधान तेग बहादुर जयवीर वर्मा महेश पाल मास्टर जमुना प्रसाद गंगवार पप्पू गंगवार लखन गंगवार सर्वेश कुमार समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महिला अधिवक्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज होने पर वकीलों ने की वापसी की मांग



**बरेली**/नवाबगंज थाने में महिला अधिवक्ता संतोष कुमारी के विरुद्ध दर्ज की गई रिपोर्ट वापस के लिए अधिवक्ताओं ने कोतवाली में पहुंचकर मांग की और कहा अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट निरस्त की जाए क्योंकि उनका इस विवाद से कोई लेना देना नहीं है इस मामले को लेकर पुलिस ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया और कहा विवेचना के दौरान न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी आना आवश्यक किसी के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी यहां पर अधिवक्ता माजिद अली लक्ष्मी नारायण गंगवार शीशपाल सिंह गंगवार रमेश चंद आर्य मोहन स्वरूप गंगवार समेत भारी संख्या में अधिवक्ता गढ़ उपस्थित थे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जाना कैदियों का हाल



**शाहजहांपुर**/बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्या सुजीता कुमारी शाहजहांपुर जेल में बंद महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों का हालचाल जानने पहुंची। सर्वप्रथम उनके द्वारा बच्चों के लिए बनाई गई क्रैच का निरीक्षण किया गया बेसिक शिक्षा विभाग की दो सहायक शिक्षिकाएं बच्चों को पढ़ा रही थी ।क्रैच में बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न प्रकार के झूले एवं खिलौने तथा शिक्षाप्रद पोस्ट आदि सजे हुए थे। बच्चों से शिक्षा संबंधी जो प्रश्न किया उसका उन्होंने इंग्लिश में उत्तर दिया, जिसको देख और सुनकर राज्य महिला आयोग की सदस्य बहुत प्रसन्न हुई जेल की व्यवस्थाएं और कैदियों से बातचीत के बाद प्रसन्न हुई महिला आयोग की सदस्य ने जेल अधीक्षक मिजाजीलाल का धन्यवाद किया और सराहना की। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा व अन्य अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे

## खेत की मेड़ को छाटने को लेकर हुआ विवाद विपक्षी ने सर पर मारी कुदाल। आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी डेविड 30 वर्षीय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जानकारी के मुताबिक थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम हैदराबाद निवासी मूल चन्द्र पुत्र बल्ला का खेत गाव के पास है उसी जमीन के निकट विपक्षी डेविड पुत्र बनवारी लाल का खेत है। विपक्षी डेविड आये दिन मूल चन्द्र की मेड़ को छांटता रहता था। 18/03/2025 की सुबह करीब 8 बजे डेविड मूल चन्द्र के खेत की मेड़ को छांट रहा था जिस पर मूल चन्द्र ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों में विवाद होने लगा विवाद इतना बढ़ा कि डेविड ने कल्लू पुत्र बल्ला के सिर पर कुदाल से वार कर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल कल्लू को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया। हालत में सुधार न होने के बाद डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके मूल चन्द्र ने हैदराबाद पुलिस को लिखित तहरीर देकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल करा कर आरोपी डेविड के विरुद्ध धारा 109/352/351 में पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# वार्ड नंबर 8 सिंगाही में कराए जा रहे नाला निर्माण में मानकों की अनदेखी के आरोप

● पुराने नाले की ईट को खोदकर नए नाले में लगवाए जाने के साथ मानक विपरीत मसाला लगाए जाने

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** जनपद खीरी की नगर पंचायत सिंगाही के अंतर्गत वार्ड नंबर आठ में कराए जा रहे हैं नाला निर्माण में व्यापक स्तर पर धाधंली किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सिंगाही के वार्ड नंबर आठ में डामर रोड से सरकारी अस्पताल को जाने वाली रोड पर पशु चिकित्सालय से सटे हुए नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है उक्त नाले का निर्माण कार्य पहले से बने हुए पुराने नाले को खोदकर कराए जाने की जानकारी प्रकाश में आई है उक्त नाले का निर्माण कार्य नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा करवाए जाने की चर्चा आम हो रही है अब नाले की निर्माण जल निकासी की समस्या को देखते हुए कराया जा रहा है पर नाला निर्माण कार्य भारी भ्रष्टाचार किए जाने की जन चर्चा का विषय बना है सूत्र बताते हैं कि नाले से निकली पुरानी ईटो का भी प्रयोग इस नवनिर्मित नाले में किए जाने के साथ-साथ एस्टीमेट में प्रथम श्रेणी ईटा होने के बावजूद दोयम दर्जे की ईटों का प्रयोग किया जा रहा है और मसाला भी घटिया किस्म एवं मानक के विपरीत लगा गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया जा रहा है उक्त आरोप कस्बा वासियों द्वारा लगाते हुए नाला निर्माण में लगाई जा रही सामग्री की जांच कराए जाने की मांग करने की बात कही गई है यदि उक्त मामले की कराई जाए जांच तो होगा दूध का दूध और पानी का पानी फिलहाल मामला जांच का विषय है




**क्या कहते हैं जिम्मेदार** इस संबंध में अधिशासी अधिकारी एसडीएम निघासन के मोबाइल नंबर 7037976990 पर कॉल करके जब उनका पक्ष जाना तो उन्होंने लगाए जा रहे आरोपों का खंडन करते हुए बताया मैं अभी वहीं से आ रहा हूं ऐसा कुछ नहीं है

**इस संबंध में जब जेई** सरोज कुमार से जानकारी चाही गयी तो उन्होंने बताया मुझे मीडिया को जानकारी देने से मना किया गया है आप कार्यालय अध्यक्ष से जानकारी ले निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच व जानकारी जेई नहीं देंगे कार्यालय अध्यक्ष साहाब ही जब गुणवक्ता एवं निर्माण की जांच कर लेंगे तो यहा जेई की जरूरत क्या है जेई साहब मीडिया को जानकारी देने से क्यों मना कर रहे।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने किया थाने का निरीक्षण सब कुछ मिला ठीक



स्वतंत्र प्रभात



**बरेली**/पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्रा ने आज आकस्मिक क्यों लड़िया थाने का निरीक्षण किया यहां पहुंचने पर उन्होंने पुलिस की परेड को सलामी दी इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण किया भोजनालय बैरिंग पेड़ पौधों के साथ निर्माण अधीन आरक्षी आवासों को भी देखा साफ सफाई ठीक मिलने पर उन्होंने यहां के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को बधाई दी।

इसके बाद में अभिलेखों का निरीक्षण किया गया जिसमें छूट पुठ मामलों को लेकर सब कुछ सामान मिला शस्त्रों का निरीक्षण किया गया पुलिस के बीड डायरिया चेक की गई तो कुछ लोगों की डायरी अपूर्ण थी उन्हें पूर्ण करने की चेतावनी दी गई साथ ही थाना परिसर में खड़े वाहनों का भी निरीक्षण किया गया 2 घंटे चले गहन निरीक्षण के बाद सब कुछ ठीक-ठाक मिलने पर उन्होंने यहां के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह की पीठ थपथपाई और कहा पुलिस पर नियंत्रण बनाए रखना प्रभारी की अहम जिम्मेदारी है इसी क्रम में उन्होंने यहां के महिला आरक्षी एवं अन्य के साथ भी निरीक्षण में आवश्यक निर्देश दिए।

## जिला अधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**शाहजहांपुर**/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित वी0सी0 कक्ष में बैठक आयोजित कर निर्वाचक नामावलियों एवं अन्य बिन्दु के सम्बंध में जानकारी दी गई। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी व त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानूसार प्रत्येक बूथ पर सभी राजनैतिक दलो के द्वारा बूथ लेबल एजेंट नियुक्त किए जाए। जिलाधिकारी ने कहा मतदाता सूची का भली भांति अध्ययन कर ले यदि किसी का नाम छूट गया हो अथवा किन्ही कारणवश मृतक या अन्य स्थान पर हो गया हो तो नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरवाकर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 उपलब्ध करवा दें।

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर बी0एल0ओ0 निर्धारित समय से उपस्थित होते हुए कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम डिलीट करने से पूर्व उच्चाधिकारी से जांच अवश्य करा ली जाए। उन्होंने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूची में निम्न निर्धारित प्रारूपो में दावा / आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है-फार्म-6 जो व्यक्ति दिनांक-01.01.2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया है और किसी निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत नहीं है तो फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। फार्म-7 जिन मतदाताओं की मृत्यू हो गयी है या उन्होने अपना निवास स्थान बदल दिया है या किन्हीं अन्य कारणों से अयोग्य हो गये हैं, के नाम निकालने हेतु। फार्म-8 विद्यमान निर्वाचक नामावली में मतदाता के निवास का स्थानांतरण, प्रविष्टियों में सुधार, बिना किसी सुधार के इपिक प्रतिस्थापन एवं दिव्यांगजन चिन्हांकन करने सम्बन्धी प्रविष्टियों के सुधार हेतु फार्म-8 से आवेदन किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वर्तमान में कार्यरत सभी बीएलओ के नाम एवं मोबाइल नंबर सहित सूची उपलब्ध करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## दीक्षितपुर के अंबेडकर पार्क में बौद्ध धम्म तीन दिवसीय मेले का आयोजन



**मैगलगंज खीरी।** दिसतापुर के अम्बेडकर पार्क में बौद्ध धम्म महासम्मेलन मेले का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। जहां इस मेले में लखीमपुर खीरी के तेजतर्रार युवा बसपा जिलाध्यक्ष विपिन कुमार गौतम मेले के समापन के अवसर पर पहुंचे। जहां बसपा जिला अध्यक्ष को कमेटी के अध्यक्ष अतुल कुमार मित्रा ने माला पहनकर सम्मानित किया। वहीं बौद्ध धम्म प्रचारक एवं नाट्य कला मंडल दिसतापुर पार्टी के प्रबंधक मनोहर लाल मित्रा को कोट पहनाकर सम्मानित किया। और ग्राम प्रधान नीलम देवी फरिया पिपरिया व सुनील कुमार ग्राम विकास अधिकारी एवं विश्वराज गौतम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति मैगलगंज के मेले के समापन के तीसरे दिन कार्यक्रम में पहुंचे जहां मेला कमेटी अध्यक्ष अतुल कुमार मित्रा ने आए हुए अतिथियों को माला पहनकर सम्मानित किया। वहीं मेले में पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विपिन कुमार शर्मा व अन्य अतिथियों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया।पार्टी प्रबंधक मनोहर लाल मित्रा ने बताया कि पंचशील के माध्यम से बताया पंचशील का पालन करें। और डॉ भीमराव अम्बेडकर के बतायें हुए मार्ग पर चलेगें। तभी आप सभी का कल्याण हो होगा। और अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचें बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। इस अवसर पर हजारों की संख्या में सम्मानित लोग और माताएं बहने मौजूद रहीं।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** प्र माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, में आयोजित किया गया। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि जो किसान पहले साठा धान कर रहे थे, वे अब संकर मक्का करने लगे हैं। संकर मक्का 100 दिनों की फसल होती है, किसान भाई गन्ना काटने के बाद अपने खेत में संकर मक्का की खेती कर सकते हैं, इसके कटने के बाद धान की फसल लेकर अतिरिक्त लाभ पा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में उर्द्, मूंग के बीज राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों के साथ साथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों में भी सूची लगवाई जाये, जिसमें बीज भण्डार पर बीजों की उपलब्ध मात्रा, दर तथा भण्डार प्रभारी का नाम व मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाये। किसान दिवस में उपस्थित कृषकों द्वारा मांग की गयी कि धान-गेहूं की तरह मक्का की भी सरकारी खरीद की जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि यथा सम्भव जनपद के किसानों की मक्का की भी सरकारी खरीद की जाये। श्रीराम ने गेहूं खरीद के संदर्भ में चर्चा की मांग की गयी कि बिचौलियों को गेहूं खरीद से दूर रखा जाये तथा किसानों से निर्धारित रेट पर खरीद की जाये, उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत विभाग द्वारा पहले तो किसानों के विद्युत बिलों में गड़बड़ी की जाती है फिर कर्मचारियों द्वारा बिल संशोधन के नाम पर मनमानी की जाती है, मांग की गयी कि विद्युत बिलों में गड़बड़ी की समस्या समाप्त की जाये। प्रेमशंकर बाजपेई द्वारा शिकायत की गयी कि जनपद के कीटनाशी दवा विक्रेता कीटनाशक खरीद का पक्का बिल नहीं देते हैं, जिससे किसान बन्धु कीटनाशक दवा के खराब होने की शिकायत नहीं कर पाते, साथ ही जनपद में कीटनाशक के रेट में एकरूपता नहीं रहती है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के सभी कृषि रक्षा इकाइयों में उपलब्ध कीटनाशक विभाग द्वारा निर्धारित रेट पर मिलते, परन्तु निजी विक्रेता भिन्न-भिन्न ब्राण्ड के कीटनाशक की बिक्री करते हैं, जिनके रेट कम्पनियों द्वारा अलग-अलग हो सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कीटनाशी दवाओं के रेट सार्वजनिक किये जायें तथा रेट के सम्बन्ध में टोल-फ्री नम्बर भी जारी करें। स्वयं भी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर प्रत्येक माह कृत कार्यवाही से अवगत करायें। कृषकों द्वारा मांग की गयी कि निराश्रित गायों की अपेक्षा सांड को पकड़वाकर गौशाला या नन्दी शालाओं में रखवाया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस कार्य में प्रशासन के साथ-साथ ग्रामवासियों की भी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की कि निराश्रित गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में भिजवाने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। अंत में उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित अधिकारियों व कृषक बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। किसान दिवस में कृषि एवं सम्बद्ध विभागों जैसे कृषि, सहकारिता, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन, सिंचाई, नलकूप, विद्युत, मनरेगा, खाद्य विपणन, नेडा आदि विभागों के समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि तथा जनपद के कृषकगण उपस्थित रहे।



# पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन ने किया पसगवां थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**मितौली खीरी।** जनपद के पसगवां थाना क्षेत्र के शारदा नहर की झाल में नहाने गये 6 युवकों को डूबने से बचाने वाले पसगवां थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख खान को पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन लखीमपुर-खीरी के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह , माल्यार्पण, अंग वस्त्र फूलों के गुलदस्ता से किया सम्मानित व इसी तरह जनपद वासियों की सेवा करते रहने का किया आग्रह।जानकारी के मुताबिक लखीमपुर खीरी जनपद के पसगवां थाना क्षेत्र में सोमवार को दोपहर में शारदा नहर में नहाने गये 6 युवकों की झाल में नहाने गये थे तभी गहरे पानी में पहुंचने पर डुबने लगे तभी लोगों ने युवकों को बचाने की कोशिश की लेकिन कोई भी गहरे पानी में उतरने की कोशिश नहीं की तभी घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पसगवां थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर अपनी जान की परवाह न करते हुए तुरंत पानी में छलांग लगा दी साथ ही पीछे से कांस्टेबल शाहरूख खान भी कूद पड़े आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख खान ने 6 युवकों को पानी से बाहर निकाला गया जिसमें खरगापुर निवासी राम किशुन के 18 वर्षीय पुत्र की हालत नाजुक होने पर तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी लेकिन 5 युवक सही-सलामत बच गए जिसके बाद थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख खान की बहादुरी की चर्चा चारों तरफ फ़ैल गई जिसके बाद मंगलवार को लखीमपुर-खीरी से पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने पसगवां थाना पहुंचकर थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख को उनकी बहादुरी के चलते सम्मानित किया। पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष अब्दुल कवी ने थाना प्रभारी को अंगवस्त्र शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, जिला सह महामंत्री अमित मौर्य ने थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख को स्मृति चिन्ह भेंट किया व माल्यार्पण किया तथा जिला प्रभारी राहुल सिंह ने थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलीम, जिला सचिव गोपाल कृष्ण अवस्थी ने थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख खान को माल्यार्पण किया। तथा जिले में इसी जनपद की जनता की सेवा व मदद करते रहने के लिए आग्रह किया। वहीं पसगवां थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख खान की बहादुरी की चर्चा पूरे जिले में गूंज रही। इस मौके पर थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर व कांस्टेबल शाहरूख खान व पसगवां थाना के सभी पुलिस कर्मी मौके पर मौजूद रहे तथा पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन लखीमपुर-खीरी से पहुंचे पदाधिकारी जिला अध्यक्ष अब्दुल कवी, जिला प्रभारी राहुल सिंह, जिला सह महामंत्री अमित मौर्य, जिला सचिव गोपाल कृष्ण अवस्थी , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलीम खान मौके पर मौजूद रहे।



# शासनादेश को ताक पर रख प्राइवेट अस्पतालों में ऑपरेशन कर रहे डॉक्टर सुनील सर्जन

● जिला अस्पताल में रहते हुए मानक विपरीत अस्पतालों में ऑपरेशन करके दोहरा लाभ लेने वाले सर्जन पर मेहरबान सीएमओ

**लखीमपुर खीरी** एक तरफ जहां सूबे की सरकार के मुखिया सहित प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सरकारी सेवारत डॉक्टर चाहे वह संविदा पर तैनात हो अथवा स्थाई तैनाती पाये डॉक्टर हो के प्राइवेट प्रैक्टिस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश पारित किया गया है वहीं दूसरी तरफ ठीक इसके विपरीत शासन के आदेशों को ताक पर रखकर जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल में तैनात सर्जन डॉक्टर सुनील द्वारा जमकर प्राइवेट प्रैक्टिस किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है वैसे जनपद में तैनात कई डॉक्टर खुलेआम प्रैक्टिस करते देखे जा सकते हैं और कई डॉक्टरों ने अपनी क्लिनिके व कईयो ने अपने-अपने आवासों पर मरीज देखने का गोरख धंधा चला रखा है सबसे मजेदार बात तो यहां तक प्रकाश में आई है कि कई डॉक्टरों के अप्रत्यक्ष रूप से नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहे हैं और सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता को इसकी भनक तक नहीं लग रही है ताजा मामला दिनांक 19 मार्च 2025 का है जब जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर सुनील सर्जन समय करीब 1꞉30 कस्बा खीरी स्थित शारदा अस्पताल में सीजर करने पहुंचे जहां पर मौजूद एक मीडिया कर्मी द्वारा डॉक्टर साहब का वीडियो बना लिया गया डॉक्टर सुनील द्वारा जब उक्त मामले की जानकारी अस्पताल संचालक को दी तो उक्त अस्पताल संचालक द्वारा पत्रकार को धमकाने का प्रयास किया गया अपने वीडियो क्यों बनाया अच्छा नहीं किया गलत बात है आदि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त शारदा हॉस्पिटल का पंजीकरण का रिन्यूएबल भी नहीं है और ना ही कोई एलोपैथिक पद्धत से प्रशिक्षित डॉक्टर ही है सूत्र तो यह भी बताते हैं कि उक्त अस्पताल का संचालन भी स्वास्थ्य विभाग में तैनात चिकित्सक प्रमोद कुमार का चेला बनकर काम करता चला आ रहा है और इसी की आड़ में जिला अस्पताल से मरीजों को अपने अस्पताल में भर्ती करवाने में सफल रहता है इस सब की जानकारी सीएमओ को होने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की जो सरकार के आदेशों की अवमानना है।



## पुलिस ने शांति भंग के आरोप में दो को भेजा जेल

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस टीम ने शान्ति भंग करने वाले दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा। प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद प्रवीर गौतम ने जानकारी देते हुए बताया थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा बुधवार को शान्ति भंग करने वाले दो अभियुक्तो दीनदयाल पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम भवानीगंज को गिरफ्तार कर धारा 170/126/135 बीएनएसएस में विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।



# जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**लखीमपुर - (खीरी)** लखीमपुर खीरी 19 मार्च। मा.भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले में विद्यमान सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम/डीईओ दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल जनपद खीरी के प्रतिनिधियों से कहा कि वे निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन से सम्बन्धित अन्य किसी बिन्दु पर किसी प्रकार को सुझाव एवं शिकायत है तो उसे लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं, जिसका त्वरित निस्तारण आयोग के निर्देशानुसार नियमविहित प्रक्रिया से पूर्ण कराया जायेगा।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने बैठक प्रारम्भ करते हुए उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी ईआरओ द्वारा तहसील स्तर पर 11 मार्च को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की प्रतियां उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया कि पुनरीक्षण की अवधि एवं निरन्तर पुनरीक्षण-2025 की अवधि में निर्वाचक नामावलियो के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों से सम्बन्धित सूची यथा फार्म-9, 10, 11 व 11ए आदि निर्धारित समय-सीमा के अनुसार निरन्तर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पत्र के माध्यम से हार्ड कापी उपलब्ध करायी जाती है और उक्त सूची को जनपद में विद्यमान सभी तहसीलों के नोटिस बोर्ड एवं जनपद की वेबसाइट https://kheri.nic.in/ के DEO Portal पर अपलोड करायी जाती है, जो सामान्य व्यक्ति भी देख सकता है।एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद-खीरी में अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली में कुल मतदाताओं की संख्या 2879067 है, जिसमे से 1529548 पुरूष, 1349451 महिला एवं 68 थर्ड जेण्डर मतदाता एवं ई0पी0 रेशियों-54.75 तथा जेण्डर रेशियो-882 है। जनपद में कुल मतदेय स्थलों की संख्या-2903 तथा मतदान केन्द्रों की संख्या-1640 है। जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर कुल बीएलओ की संख्या-2903 एवं बीएलओ के कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु कुल सुपरवाईजर-296 है। जनपद-खीरी में वर्तमान में 18 मार्च को निर्वाचक नामावली में कुल मतदाताओं की संख्या 2881919 है, जिसमे से 1530992 पुरूष, 1350862 महिला एवं 65 थर्ड जेण्डर मतदाता एवं ई0पी0 रेशियों-54.81 तथा जेण्डर रेशियो-882 है।

**इनकी रही मौजूदगी-** बैठक में एसडीएम राजीव निगम, राजेश कुमार, अश्वनी कुमार सिंह, विनोद गुप्ता, रेणु मिश्रा, तहसीलदार सुखवीर सिंह, भीमचंद, आदित्य विशाल, सुशील प्रताप सिंह, आरती, दिनेश कुमार, तहसीलदार (न्यायिक) सदर सुरभि गौतम, राजनैतिक दलों से राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जिला मंत्री कांग्रेस, मो0 उमर एड0, जिला सचिव सपा, बीपी यादव एड0, जिला सचिव कम्युनिस्ट पार्टी, अभिषेक कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अपना दल (सोने लाल), शिवकुमार सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, धर्मेन्द्र यादव, मण्डल महामंत्री बसपा, उमाशंकर गौतम सदस्य जिला कार्यकारिणी बसपा, पटेल कपिल वर्मा, जिला महासचिव अपना दल उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त ख़बरें

### अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**



प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-19.03.2025 को श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

### "मिशन शक्ति अभियान फेज-5" के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे ÷मिशन शक्ति अभियान फेज-05÷ के अंतर्गत**



अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक-19.03.2025 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

### तहसील परिसर में मधुमक्खियों का आतंक

**चुनार, मीरजापुर।** बुधवार को चुनार तहसील परिसर में मधुमक्खियों के आतंक से परिसर में अफरा तफ़री मच गया।दोपहर लगभग दो बजे मधुमक्खियों के झुण्ड ने अधिवक्ताओं सहित अन्य लोगों पर हमला कर दिया,लोग इधर उधर भागने लगे। मधुमक्खियों ने कई अधिवक्ताओं को काट लिया। साथ ही वहां उपस्थित पप्पू नामक एक व्यक्ति को बुरी तरह से काट कर घायल कर दिया, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया।

### रामचरितमानस से ही मानव जीवन का कल्याण है

**चील्ह, मीरजापुर।** विकासखंड कोन ग्राम सभा तिलठी में चल रही पांच दिवसीय धर्म सम्मेलन में श्री रामकथा के तीसरे दिन के क्रम में जौनपुर की धरती से पधारे मूर्धन्य विद्वान पं0 प्रकाश चंद्र पांडेय विद्यार्थी जी ने कहा कलयुग में मानव जीवन का कल्याण श्रीरामचरितमानस से ही हो सकता है। प्रभु श्रीराम की कथा सुनाते हुए उन्होंने फुलवारी प्रसंग की मनोहर व्याख्या की। विद्यार्थी जी ने बताया किस तरह मार्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम ने अपने भाई लखन लाल के साथ मे गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए पुष्प वाटिका मे माता जानकी से उनकी नज़र मिली अगर आज के परिवेश में आज के युवा उन चीजों का अनुशरण करें तो एक बेहतरीन भविष्य का निर्माण हो सकता है और आने वाले समय मे पुनः रामराज्य की स्थापना सम्भव है। प्रभु श्री राम की कथा सुनकर पंडाल में बैठे स्रोताओं के नयन सजल हो उठे और पूरा पंडाल राममय हो गया।इस मौके पर श्री रुद्रप्रसाद उपाध्याय, राजनाथ चौबे,आशुतोष उपाध्याय, चंदन मिश्रा,विक्कू दुबे,टोनी दुबे, आदित्य दुबे के साथ साथ भारी संख्या श्रोता मौजूद रहें।

## सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

- विकास कार्यों की सीएम डैशबोर्ड सहित त्वरित विकास योजना क्रिटिकल गैप्स योजना,01 करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओ, पूर्वांचल विकास निधि,रोड कटिंग यूटिलिटी की भी डीएम ने की समीक्षा

**जिन-जिन योजनाओं में धनराशि नहीं मिल रही है या धनाभाव के कारण लंबित है,उन सभी की सूची डीईएससटीओ कंपाइल करके दें ,जिसे शासन को कराया जाए अवगत**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 19 मार्च 2025:-सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की मासिक समीक्षा सहित निर्माण कार्यों, त्वरित विकास योजना क्रिटिकल गैप्स योजना वित्तीय वर्ष 2024- 25 ,मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत रुपए 01 करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा, पूर्वांचल विकास निधि भदोही की प्रगति, रोड कटिंग यूटिलिटी की भी समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में विकास कार्यो के फरवरी माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में पूरे प्रदेश में जनपद भदोही 95.47 प्रतिशत के साथ टॉप चौथा स्थान प्राप्त करने पर जनपद के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए नंबर वन पर आने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि कुल 88 परियोजना/इन्डीकेटर्स में विभिन्न विभागों के 66 परियोजनाओं में ए प्लस, 02 परियोजना में ए, 04 परियोजना में बी, एवं सी,डी ई में एक -एक परियोजना है। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम सभी मिलकर और भी कर्तव्यनिष्ठा व लगन के साथ विकास कार्यों को सम्पादित करें, जिससे पूरे प्रदेश में जनपद भदोही प्रथम स्थान प्राप्त कर सके। यह उपलब्धि जनपद भदोही के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और यह दर्शाता है कि जनपद के विकास कार्यों में तेजी आई है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिओ टैग करके अच्छी क्वालिटी की फोटोग्राफ्स सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपलोड करें जिससे जनपद की उपलब्धियों वाली बुकलेट में फोटोग्राफ को दर्शाया जा सके। डीएम ने कहा कि जिन-जिन योजनाओं में धनराशि नहीं मिल रही है या धनाभाव के कारण लंबित है ,उन सभी की सूची डीईएससटीओ कंपाइल करके दें ,जिसे शासन को अवगत कराया जाए। 01 करोड़ से अधिक लागत वाले परियोजनाओं में सभी कार्यदायी संस्थाएं बार चार्ट भी प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने लम्बित कार्यो से सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्यो का निष्पादन समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। विकास कार्यों में शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर कार्य पूर्ण होने की तिथि यदि गलत हुई या फोटो गलत गली तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। शासकीय कार्यालयों एवं बैठकों को पेपरलेस बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने अभी तक ई-ऑफिस न कराने वाले विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अविलम्ब ई-ऑफिस कराना सुनिश्चित करें। सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट माह जनवरी-2025 में खराब श्रेणी -बी, सी, डी एवं ई ,वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी विभाग ए प्लस श्रेणी में लाने का पूरा प्रयास करें। विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में डी श्रेणी में निर्माण कार्य सीएमआईएस ,सी श्रेणी में निपुण परीक्षा आकलन,बी श्रेणी में डे एन आर एल एम बैंक क्रेडिट लिकेज, जल जीवन मिशन हर घर जल, फैमिली आईडी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू उपर्युक्त सभी कार्यों से संबंधित विभागध्यक्षों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अगले मांह की रैंकिंग में ए प्लस श्रेणी में कार्य प्रदर्शित हो।

यूपी राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमि. कार्यदायी संस्था द्वारा त्रिलोकपुर में पाइप पेयजल योजना एवं 100 बेडेड बालिका छात्रावास का निर्माण 24 मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। महाराजा बलवंत सिंह जिला चिकित्सालय में स्वतंत्र व विद्युत फीडर के निर्माण में केबल कनेक्शन की क्वालिटी अप्रूवल हेतु जिलाधिकारी ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को जल्द ही अप्रूवल करने का निर्देश दिया। भदोही विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांजिट हॉस्टल में पाथवे निर्माण के कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश डीएम ने दिया।

फैमिली आईडी बनाने के क्रम में ग्रामीण स्तर पर बीडीओ एवं नगरीय क्षेत्र में ईओ को अपेक्षित प्रगति करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल द्वारा जिला कारागार में 30 क्षमता की 02 नग बैरक की निर्माण, सीड स्टोर, किसान कल्याण केन्द्र, पुलिस लाईन में पुरूषों हेतु 100 क्षमता के बैरक हास्टल का निर्माण, जिला चिकित्सालय में 50 बेड क्रिटिकल केयर का निर्माण, न्यायिक अधिकारी के श्रेणी 05 का 06नग आवास के प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जल्द ही पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा बताया गया कि राजकीय पॉलिटेक्निक भदोही की मेन बिल्डिंग तैयार है, खिड़की एवं दरवाजों की फिटिंग कार्य चल रहा है। प्रिंसिपल आवास व टाईप टू आवास लगभग पूर्ण है, टाईप 01 का कार्य जारी है। 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय के निर्माण में डीएम ने कहां कि वे शनिवार को इसका असली स्थलीय निरीक्षण करेंगे कार्यदायी संस्था सहित सभी संबंधित अधिकारी गण निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित रहे।सीएचसी अभोली की मेन बिल्डिंग में विद्युत ट्रांसफार्मर ,बिजली कनेक्शन का कार्य करा कर अप्रैल में ओ0पी0डी0 शुरू करने का सीएमओ को निर्देश दिया। कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि हेल्थ यूनिट लैब दुर्गागंज के भवन निर्माण का कार्य जून तक पुरा हो जायेगा। एमसीएस व एमबीएस जिला चिकित्सालयों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का कार्य धनाभाव के कारण कार्य रूकने पर जिलाधिकारी ने गम्भीरता से कहा कि अग्नि सुरक्षा कार्य जनहितार्थ अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माणाधीन छोटी-छोटी सड़कों अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया।

प्राविधिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक में 60 सीटस छात्रावास निर्माण हेतु संबंधित कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को प्रगति कर पूर्ण करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। यू0पी0 प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन-16 के द्वारा निर्माणाधीन जिला कारागार में 30 क्षमता की दो नग बैरक निर्माण में अवरोधक कुछ पेड़ों के शाखाओं को काटने हेतु डीएफओ को निर्देशित किया। नगर पालिका परिषद भदोही के फत्तुपुर में निर्माणाधीन कल्याण मण्डप के कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। सभी वाटर सप्लाई स्कीम की बिलम्ब स्थिति पर जिलाधिकारी ने चिन्ता व्यक्त करते हुए प्रगति करने का निर्देश दिया। नगर पंचायत ज्ञानपुर वाटर सप्लाई कार्य को मार्च अंत तक पूर्ण कर क्रियान्वित करने पर बल दिया। पर्यटन विभाग के अन्तर्गत लवकुश बाल्मिकी आश्रम, विकास विधानसभा ज्ञानपुर में रामजानकी मन्दिर, सीता समाहित स्थल का सौन्दरीकरण आदि पर्यटन कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ.संतोष कुमार चक, प्रभागीय वनाधिकारी नीरज आर्य, डीईएसटीओ शशिकांत, उपायुक्त मनरेगा राजाराम, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी ए0के0 पाण्डेय, पीडीडीआरडीए आदित्य कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह सहित सभी अधिशासी अभियंता, अधिशासी अधिकारी व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परेशान हो रहे हैं रेलयात्री वाहन पार्किंग स्थल पर सन्नाटा-जजलाल राय

- 3 माह पूर्व समाप्त हुआ था भदोही रेलवे के वाहन स्टैंड का ठेका

**जब तक नया ठेका नहीं होगा, तब तक बनी रहेगी समस्या**

**इस समस्या को लेकर जल्द ही कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** कांग्रेस कमेटी भदोही के जिला महासचिव जजलाल राय ने कहा कि भदोही रेलवे स्टेशन के वाहन पार्किंग स्टैंड का ठेका समाप्त होने के कारण यात्रियों के सामने अब गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। वाहन जमा करने की कोई सुविधा न होने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। विशेषकर बाइक जमा कर वाराणसी प्रयागराज व अन्य स्थानों पर आवागमन करने वाले दैनिक यात्री इधर उधर भटक रहे हैं। विवशता में उन्हें परिसर में वाहन पार्क करना पड़ रहा है।

कहा कि इसके चलते वाहन चोरी होने का खतरा बराबर बना हुआ है। श्री राय ने कहा कि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नया ठेका मार्च में होने की संभावना है। तब तक स्टैंड संचालित करना अभी असंभव है। रेलवे में वाहन पार्किंग का ठेका उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल कार्यालय के माध्यम से किया जाता है। चार पहिया वाहन के ठेके की अवधि काफी पहले से समाप्त हो गई थी, जबकि दिसंबर में दो पहिया वाहन का ठेका भी समाप्त हो गया है। इसके चलते वाहन जमा करने की सुविधा भी समाप्त हो गई है। जिसको लेकर यात्रियों में काफी संकट उत्पन्न हो गया है। कहा कि इन दोनों वाहन लेकर स्टेशन पहुंचने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। वाहन स्टैंड पर सन्नाटा अब पसरा हुआ है।

जिसको देखते हुए सातिर चोरों के हौसले बुलंद है जिससे आए दिन दो पहिया वाहन चोरी के सिलसिले जारी है। एक तरफ भदोही जनपद के यात्री परेशान है तो दूसरी तरफ रेलवे के संबंधित अधिकारी कान में तेल डालें बैठे हैं और कुंभकरणी नींद में सोए हुए हैं। उनसे भदोही रेलवे यात्रियों से कोई लेना-देना नहीं है। जबकि भदोही कालीन नगरी का एकमात्र रेलवे स्टेशन है और काफी संख्या में रोजाना इसी स्टेशन से यात्रियों का आना जाना है। श्री राय ने कहा कि किसके सहारे वाहन पार्क करें लोगों के सामने जटिल समस्या उत्पन्न हो गई है। स्टैंड पर लावारिस अवस्था में बाइक छोड़कर जाते हैं, तो चोरी का खतरा बनी रहती है। स्टेशन अधीक्षक बीबी मिश्रा का कहना है कि स्टैंड का अनुबंध समाप्त हो गया है। जब तक नया अनुबंध नहीं होगा तब तक स्टैंड का संचालन ठप रहेगा। कहा कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों से लिखा पढ़ी कर समस्या से अवगत कराया गया है। कहा कि जल्द ही कोई ना कोई रास्ता निकाला जाएगा जबकि नया ठेका होने की अभी संभावना नहीं है। श्री राय ने कहा कि शीघ्र ही इस जनहित के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी रेलवे स्टेशन के समक्ष अधिकारियों को धरना प्रदर्शन के माध्यम से एक मांग पत्र सौंपेगी।

## दो होनहार युवाओं ने आईआईटी परीक्षा किया उत्तीर्ण, खुशी की लहर

- अध्यापकों ने मेधावी दोनों छात्रों का माल्यार्पण करके किया स्वागत



स्वतंत्र प्रभात

**सुरियावां।** अभोली ब्लाक के बसवापुर बाजार में बिठौली रोड पर स्थित गुरुकुल इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आईआईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दो मेधावी छात्रों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया है। एक ही विद्यालय के दो होनहार युवाओं का आईआईटी परीक्षा उत्तीर्ण होने से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अभोली ब्लाक के गोकुलपट्टी गांव निवासी विनय कुमार (23) पुत्र लालजी बेनवंशी ने आईआईटी परीक्षा उत्तीर्ण करके 378 वा रैंक हासिल किया है। विनय कुमार की इंटरमीडिएट तक की शिक्षा बसवापुर स्थित गुरुकुल इंटरमीडिएट कॉलेज से हुई और ज्ञानपुर के केएनपीजी कालेल से स्नातक की पढ़ाई किया है। आईआईटी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर 378 रैंक मिलने से विनय के परिजनों सहित गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बुधवार को बसवापुर बाजार में बिठौली रोड पर स्थित गुरुकुल इंटरमीडिएट कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जहां विनय कुमार को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर प्रिंसिपल अरुण कुमार दुबे, प्रबंधक अरुण कुमार दुबे, दिलीप कुमार यादव,विजय पाल, अभिषेक पाण्डेय, डॉ रजनीश चौहान, अरविंद यादव, प्रमोद दुबे आदि मौजूद रहे। इसी तरह अभोली ब्लाक के दुर्गापुर ख्योंखर गांव निवासी स्वर्गीय रघुवंश तिवारी के बेटे अमन तिवारी ने आईआईटी परीक्षा उत्तीर्ण करके परिजनों का मान-सम्मान बढ़ा दिया है। आईआईटी परीक्षा के कटाफ में अमन तिवारी का नाम शामिल हैं हालांकि टेक्निकल दिक्कतों के चलते रैंक नहीं शो कर रहा है मगर बाद में अमन तिवारी का भी रैंक शो होने लगेगा। अमर तिवारी के पिता की कुछ वर्षो पहले ही मौत हो चुकी है ऐसे में पिता की मौत के बाद बेटे की सफलता से परिजनों व क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। अमन तिवारी की भी इंटरमीडिएट तक की शिक्षा बसवापुर स्थित गुरुकुल इंटरमीडिएट कॉलेज से हुई है।

## सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, ने सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

- मण्डलीय चिकित्सालय पहुंचकर महिला वार्ड का भी किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, नीलम प्रभात ने मण्डलीय चिकित्सा पहुंचकर महिला वार्ड का निरीक्षण किया। सदस्य द्वारा अस्पताल में कार्य कर रहे चिकित्सको व अन्य कर्मचारियों के बारे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आने मरीजो व उनके तीमारदारो सभी चिकित्सक व अन्य स्टाफ मधुरता पेश आते हुए उनका उपचार करें। निरीक्षण के दौरान सदस्य द्वारा भर्ती मरीजो से वार्ता की गई तथा ड्यूटी पर तैनात नर्सो को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड में अत्यधिक भीड़ न लगाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल व सभी वार्डो की निरंतर साफ सफाई कराई जाए। निरीक्षण के दौरान सदस्य उपस्थिति पंजिका यथा फैकल्टी रजिस्टर एस0आर0एवंजे0आर0, एम0बी0बी0एस0 इण्टरशिप, चिकित्साधिकारी उपस्थित पंजिका का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात जिला पंचायत सभागार में महिला जनसुनवाई में सदस्य ने प्रार्थना पत्रो का निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारी व विभाग को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सदस्य, महिला आयोग के द्वारा विगत माह की जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गई। तथा उपस्थित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि महिला जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करते हुए अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराये। जिला पंचायत सभागार में डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। तदुपरान्त सदस्य ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पड़री का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित अध्यापको व अन्य स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान दे कि बालिकाओं के पठन पाठन में किसी प्रकार को कठिनाई न हो पाए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### आगामी 29/30 की मध्य रात्रि से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र मेला में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त

**बनाए रखने के दृष्टिगत की गई सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ प्रभारी, मेला मजिस्ट्रेट की तैनाती**



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जारी अपने एक आदेश के तहत दिनांक 29/30 मार्च 2025 की मध्य रात्रि से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र मेला-2025 को सकुशल व निर्विघ्न एवं कानून- व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत अपर जिला मजिस्ट्रेट शिव प्रताप शुक्ल को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ प्रभारी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय को मेला मजिस्ट्रेट नामित किया गया है जो संपूर्ण मेला क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा पूर्ण रूप से उत्तरदाई होंगे।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा का जिले में जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत



स्वतंत्र प्रभात

**हलिया मिर्जापुर।**अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का संविधान सम्मान व जनहित हुकार यात्रा मिर्जापुर का भ्रमण के दौरान दिनांक 18 मार्च 2025 को पतार कला युवा नेता समाजसेवी संदीप कुमार मौर्य अपने टीम के साथ माननीय स्वामी प्रसाद मौर्य संविधान सम्मान यात्रा का स्वागत किए। इसके बाद काठवर में ग्राम प्रधान संजय कुमार मौर्य शाहिद सैकड़ो लोगों ने संविधान सम्मान यात्रा का स्वागत किये। इसके बाद लालगंज में डॉक्टर अरुण कुमार मौर्य ने स्वामी प्रसाद मौर्य को पंचशील पगड़ी पहना कर स्वागत किए और साथ में अन्य कई लोगों ने भी स्वागत किया। इसके बाद इन सभी सम्मानित लोगों से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए सम्राट हॉस्पिटल महुअट बेलन बरौधा में पहुंच कर डॉक्टर अवधेश कुमार मौर्य व डॉक्टर सूबेदार पाल मैनेजर अमर बहादुर मौर्य सहित समस्त स्टाफ व वहां पर स्वागत में खड़े सैकड़ो लोगों से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर उन्होंने कहां की सरकारी संस्थानों को उद्योगपतियों के हाथों बेचा जा रहा है।और जनता की गाढ़ी कमाई से बनी संस्थाओं को अदानी जैसे बड़े उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है। जिससे आम जनता के हितों की अनदेखी हो रही है।और प्रतियोगी परीक्षाओं में गरीबों की भागीदारी कम होने की बात कहते हुए उन्होंने बताया कि एससी-एसटी वर्ग के युवाओं को नई शिक्षा नीति के कारण उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है।जिससे उनकी बेरोजगारी की समस्या और गंभीर हो गई है।स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि ÷जब से यह भाजपा की सरकार आई है, तब से सिर्फ बेरोजगारी व महंगाई लाई है। सरकार हिंदू-मुस्लिम और औरंगजेब जैसे मुद्दों को उछालकर जनता का ध्यान असल समस्याओं से भटकाने का काम कर रही है।गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों से समझौता किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी समय आने पर साझा की जाएगी। इसके बाद उन्होंने कहा कि जनता महंगाई पर रोक लगाने की मांग कर रही है लेकिन सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने बताया कि यह यात्रा रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, भदोही, सोनभद्र, मिर्जापुर होते हुए इलाहाबाद पहुंचेगी और आगे के चरण की रणनीति जल्द तय की जाएगी।इस जनहित हुंकार यात्रा का स्वागत राम भरोसा मौर्य व रामकृपाल सिंह मौर्य और विद्यानंद मौर्य, राकेश मौर्य, बाबू चंद्र मौर्य, महेंद्र मौर्य, प्रहलाद मौर्य, दीपक सिंह, भगवान तिवारी, श्याम धर मौर्य,बृजेश मौर्य के साथ-साथ मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार मौर्य, जिला अध्यक्ष शंकर मौर्य, लालता प्रसाद मौर्य, नानक प्रसाद मौर्य और एडवोकेट मनोज कुमार, मिश्रीलाल पटेल, नंदू गौतम सहित कई लोग स्वागत किया इसी के साथ संविधान सम्मान व जनहित हुकार यात्रा के दौरान माननीय स्वामी प्रसाद मौर्य का काफिला वहां से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर** 19 मार्च 2025- मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन, के आडिटोरियम में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विकास खण्डों से आये हुए कृषकों के साथ-साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार पटेल द्वारा किसान दिवस से सम्बन्धित पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया तथा उपस्थित किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में भी बताया गया।

श्री धर्मदेव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) जनपद-मीरजापुर द्वारा बताया गया कि सिरसी नहर से निकल कर लहंगपुर माईनर बामी तक बना हुआ है इसका नव निर्माण करके ग्राम- धसड़ा से जोड़ दिया जाए। जिसकी लम्बाई महज आठ सौ मीटर है। सिरसी नहर से निकली अतरैला कलां को जाने वाला नहर को बीच में अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे पानी कुछ खेतों में अनियंत्रित होकर इकट्ठा होता है इस कारण किसानों का फसल नुकसान होता है। इस अधूरे नहर को किसी नाले या बरौधा तक नहर बनाकर उसमें पानी का निकासी कर दिया जाए। धीरपुर बंधी में कुलाबा नं0 एक लगायत हरिशकर पाठक के चक से रमापति मौर्या जो लिंक सिंचाई नहर है उसे आर0सी0सी0 कराया जाए।

श्री अली जमीर खां, मण्डल अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर द्वारा बताया गया कि ग्राम पौनी परगना भगवत तहसील चुनार में कृषकों की भूमि जो जरगो फीडर एवं भगवत राजवाहा के बीच में पौनी बैरियर से लेकर पौनी ग्राम तक लगभग 50 एकड़ भूमि पानी से जलमग्न रहता है। विगत 20 वर्षो से पानी का उचित निकास न होने से खेत में धान जैसी फसल का भी पैदावार नहीं हो पा रहा है साथ ही साथ इसी वजह से प्राथमिक विद्यालय तथा सामुदायिक भवन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी पानी में डूबा रहता है जिससे विद्यालय के बच्चे कुएं के जगत पर पढ़ाई करने पर मजबूर रहते है। किसानों एवं ग्रामवासियों की मांग के दृष्टिगत रखते हुए जलभराव की समस्या के समाधान करने हेतु अनुरोध किया गया है। साथ ही अवगत कराया गया कि जरगो फीडर से मेन कैनाल में बड़भुईली के सामने गेट लगा हुआ है उसके पहले कुलाबा है। जिसकी नाली फट चुकी है और अतिक्रमण भी कर लिया गया है। उसको खुलवाया जाए। पथरौरा माइनर गोपालपुर के सामने पश्चिम पटरी में धान एवं गेहूँ की फसल डूब जाती है। वहा पर पटरी से सटी कच्ची नाली है उसे अशोक सिंह के चक से हमीरपुर नाले तक पक्की नाली बनाकर जल निकासी की व्यवस्था करायी जाए। नरायनपुर विकास खण्ड के नलकूपों की स्थिति बद से बदतर है वहाँ सर्वे कराकर नाली, कुलाबा, स्टार्टर वगैरह व पाइप लाइन बढ़ाया जाना आवश्यक है।

भारतीय किसान यूनियन, मीरजापुर के जिलाध्यक्ष श्री कंचन सिंह फौजी द्वारा अवगत कराया गया कि सीटी विकास खण्ड के लहौली गांव में खेल का मैदार तथा खलिहान की जमीन है जो कूड़े से पटा हुआ है जिस पर कूड़े का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। खेत मैदान से कूड़ा हटवाया जाए। साथ ही अवगत कराया गया है कि जनपद में किसानों के गेहूँ की खरीद शुरू हो गई है केन्द्रो पर पर्याप्त बोरा व अन्य सुविधा उपलब्ध कराकर पारदर्शिता के साथ गेहूँ खरीद की जाए। बाण सागर परियोजना से पूर्व की भांति मेजा बांध से पानी देकर जरगो बांध को भरा जाए।सोन लिफ्ट कैनाल के 6 पम्पों को पूरी




क्षमता से चलाकर डोंगिया बांध को भरा जाए। समसपुर पम्प कैनाल के सर्वे के लिए धन उपलब्ध हो चुका है, सर्वे का कार्य पूर्ण कराकर पम्प कैनाल का निर्माण कराया जाए। विद्युत वितरण खण्ड चुनार अन्तर्गत नरायनपुर उप केन्द्र से सम्बन्धित ग्राम गोरखपुर माफी में चमरू यादव के खेत के पास हाई टेंशन लाइन का पोल काफी नीचे झुक गया है और सहंगू पाल के खेत के पास के पोल का तार लूज हो गया है उसे सही कराया जाए अन्यथा दुर्घटनाकी समस्या बनी है। कृषक श्री परशुराम मौर्य द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम फरहदा के सामने कलकलिया नाले पर चेकडैम बनवाने की कृपा करें, जिससे सैकड़ों बिगहा की सिंचाई सुनिश्चित होगी। विकास खण्ड नरायनपुर के ग्राम- लालपुर में जल-नल योजना द्वारा जो पानी दिया जा रहा है, जलनल की योजना की सारी पाइपे ध्वस्त होने के वजह से ग्राम को पानी नहीं मिल पा रहा है। विकास खण्ड नरायनपुर के ग्राम चकलिया (पाल बस्ती) के सामने कलकलिया नाला पर मिनी फाल बनवाया जाए।

जय जवान जय किसान जागरण मंच के अध्यक्ष शारदा मिश्र (लाला मिश्र) द्वारा बताया गया कि भरपुरा राजवाहा का पानी बाणसागर से समय-समय पर मिल रहा है, जिसमें कुलाबा बहुत जगह नहीं लगाया गया है और कुलाबा से निकलने वाली नाली का पानी किसानों के हित में नहीं हो पा रहा है, नाली सब जोत लिए है, जिससे किसानों को नहीं मिल पा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं लेखपाल की टीम बनाकर नाली जो सिकान जोत लिए है, उसकी नाप कराकर नाली छोड़वाकर उसका कार्य कराया जाए जिससे किसानों को लाभ मिल सके। लोवर खजुरी प्रणाली की नहरें जीर्ण शीर्ण है, कुलाब एवं नाली की समस्या बरकरार बनी हुई है उसमें टीम बनाने की आवश्यकता है। हिनौती प्रणाली एवं थानापुर की नहर बहुत खराब है कई जगह नाली टूटी हुई है उसका मरम्मत कराया जाए। भरपुरा से गहिरा, अयोध्या उमरिया जो 12 किमी0 की रोड है, उसमे पड़ने वाले गहिरा के आगे दो पुलिया टूटी है, उसे तत्काल बनवाया जाए। किसानों के द्वारा लिया गया के0सी0सी0 का ऋण किसानों ने बनवाया गया है और किसानों का के0सी0सी0 का ऋण बकाया है, उसमें गलत ब्याज लगी है, ब्याज सही कराकर किसानों को परेशान न करके उचित ब्याज के साथ बैंक के अधिकारी एवं किसान से पैसा लें। अमीनों द्वारा किसान को प्रताड़ित किया जा रहा है। बैठक में उप निदेशक कृषि विकेश पटेल, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, जिला कृषि अधिकारी अवधेश यादव, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ए0आर0 कोआपरेटिव, अग्रणी जिला प्रबन्धक व अन्य विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# महा कुंभ उत्तर प्रदेश पुलिस को AI आधारित डिजिटल तकनीक के पहल पर ETGovernment DigiTech Award

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में महाकुंभ-2025 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं डिजिटल महाकुंभ बनाने की दिशा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया। इसी ऐतिहासिक पहल के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को प्रतिष्ठित ETGovernment DigiTech ward 2025 से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा नामित *अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज, डॉ. अजय पाल शर्मा ने 18 मार्च 2025 को नई दिल्ली में आयोजित zth DigiTech Conclave & Award समारोह में ग्रहण किया। AI और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ 2025 में अभूतपूर्व व्यवस्थाएँ। प्रयागराज पुलिस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), बिग डेटा एनालिटिक्स, फेस रिकग्निशन सिस्टम एवं IoT आधारित स्मार्ट निगरानी जैसी




अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर महाकुंभ-2025 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण को अभूतपूर्व रूप से सरल और प्रभावी बनाया। Surveillance & Crowd Management System के तहत हाई-टेक CCTV नेटवर्क, AI ड्रोन एवं इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की मदद से वाहनों एवं पैदल यात्रियों की आवाजाही को सुव्यवस्थित किया गया। AI-Powered ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये प्रयागराज में लाखों वाहनों की रीयल-टाइम ट्रैकिंग एवं डायवर्जन प्लान लागू किया गया, जिससे जाम मुक्त एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई। फेस रिकग्निशन एवं बायोमेट्रिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षा एजेंसियों को संभावित संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई करने में सहायता मिली। AI एवं डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर श्रद्धालुओं के मूवमेंट पैटर्न का अध्ययन किया गया, जिससे आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया एवं बेहतर आपदा प्रबंधन संभव हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया प्रयागराज पुलिस का डिजिटल नवाचार इस तकनीकी नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है और यह पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश पुलिस, स्मार्ट एवं टेक-संचालित लॉ एंड ऑर्डर मैनेजमेंट की दिशा में एक नई मिसाल कायम कर रही है। ETGovernment DigiTech Award 2025 की यह उपलब्धि न केवल प्रयागराज पुलिस बल्कि सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए गौरवपूर्ण क्षण है, जो भविष्य में भी तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देकर जनता की सुरक्षा व सुविधा के लिए समर्पित रहेगी।

# किशोरी का अपहरण करके किया बलात्कार ,आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज ।** हंडिया में पॉक्सो एक्ट, किशोरी के अपहरण और छेड़छाड़ के केस में पुलिस ने टोल प्लाजा मैनेजर के फर्जी बयान दर्ज करके तीन आरोपियों को क्लीन चिट दे दी। पुलिसिया खेल की पोल मैनेजर के ही हलफनामे से खुली, जिसमें उसने दावा किया है कि वह न तो विवेचक से कभी मिला, न ही कोई बात हुई। पीड़ित की मां ने अफसरों से इन्साफ की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां के मुताबिक, वह हंडिया टोल प्लाजा के पास सपरिवार किराये के मकान में रहती थी। पति के साथ मिलकर वह एक दुकान चलाती थी। इसी से ही गुजारा होता था। 25 अक्तूबर-24 की रात करीब दो बजे उसकी 15 साल की बेटी को झुंसी निवासी जीशान बहला-फुसलाकर साथ ले गया। हंडिया पुलिस ने अगले दिन पॉक्सो एक्ट, अपहरण व छेड़छाड़ में जीशान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कुछ दिनों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। 16 नवंबर-24 को किशोरी ने कोर्ट को बताया कि जीशान उसे घर से बुलाकर जबरन कार तक ले गया था। इसमें तीन अन्य लड़के सूर्यप्रताप सिंह, आशुतोष तिवारी व बलवंत सिंह भी थे। पुलिस ने इन तीनों लड़कों के नाम भी विवेचना के दौरान जोड़ लिए। 18 दिसंबर-24 को चार्जशीट सिर्फ जीशान के खिलाफ ही दाखिल की गई। अन्य तीनों आरोपियों के बारे में विवेचना जारी रखना बताया गया। कुछ हफ्ते बाद, दो फरवरी 25 को तीनों आरोपियों को गुपचुप क्लीन चिट देते हुए जांच खत्म कर दी गई। पीड़िता की मां ने आला-अफसरों से की शिकायत में पुलिस पर कई आरोप लगाए हैं। कहा, तीनों आरोपियों का नाम निकालने की शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इससे पहले रुपये लेकर मुंह बंद कराने का प्रयास हुआ। दबाव भी डाला गया। इन्कार करने पर रोजी-रोटी का एकमात्र साधन रही दुकान भी हटवा दी गई। मजबूरन परिवार को गांव लौटना पड़ा। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# हरदोई के विभिन्न मंदिरो से लेकर मेहंदीपुर बाला जी दरबार तक गूंजे हरदोई के युवाओ के हनुमान चालीसा के स्वर

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व् कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर सत्तानवे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने मेहंदीपुर बाला जी दरबार के साथ भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया। आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने बैजनाथ धाम सरायथोक, श्री शिव श्याम परिवार मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां से लेकर मेहंदीपुर बाला जी दरबार पहुँचकर हनुमान चालीसा, अष्टक व् आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। जिला युवा प्रभारी अमन सिंह के नेतृत्व में युवाओ की टीम ने मेहंदीपुर बाला जी पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ किया व् हनुमान स्तुति व् आरती की। यहां हनुमान चालीसा पाठ करने वालो में अमन सिंह, खुशी गौड, नेहा गौड, पारंगत शुक्ला, अमन मिश्रा, सुमित श्रीवास्तव, अंकुश गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, कोमल गुप्ता, परी गुप्ता,



शौर्य सिंह, अंश गुप्ता, विवेक सिंह, प्रियांशु गुप्ता समेत सैकड़ो संस्था सदस्य मौजूद रहे। कांशीराम कालोनी में श्री शिव श्याम मंदिर में युवा प्रभारी संध्या श्रीवास्तव द्वारा सजाये गए भगवान शिव को सुंदर सिंगार आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर आयोजित मंगल पाठ में इस अवसर पर मधु गुप्ता, पुष्पा श्रीवास्तव, हरीश चंद्र सिंह, साधना सिंह, रामनिवास, राजकुमार, निर्भय मिश्रा, रीता गुप्ता, अनीता कटियार, उमाकांति, रजनी कटियार, पूनम मिश्रा, राधे मिश्रा, अनीता कश्यप, सरिता, पिंटू कश्यप आदि सदस्यो ने सामूहिक मंगल पाठ में भाग लिया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में गायक पंकज गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा का पाठ करवाया।मंदिर पंडित रवि मिश्रा व् अनिरुद्ध तिवारी ने सभी को सस्वर हनुमान चालीसा, हनुमान अष्ठक, श्री राम स्तुति का पाठ कराया। इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव गुप्ता, बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अवध राज, अक्षत गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, शोभित गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री बैजनाथ धाम सरायथोक में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि हरदोई भक्त प्रहलाद की नगरी है जिसकी पुष्टि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपने हरदोई दौरे के दौरान कर चुके है इसीलिए अतिशीघ्र हरदोई को भक्त प्रहलाद नगरी घोषित किया जाना चाहिए। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, शशि गुप्ता, रामवती देवी, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शोधार्थी केवल ज्ञान का उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक सृजनकर्ता भी होता है : कुलपति

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर ।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में नवागत शोधार्थियों के दीक्षारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह ने की। उन्होंने शोधार्थियों को नवाचार, अनुसंधान नैतिकता और अंतर-विषयक अनुसंधान पर जोर देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक शोधार्थी केवल ज्ञान का उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक सृजनकर्ता भी होता है । समाज की समस्याओं के समाधान के लिए अपने शोध को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर कोर्स वर्क में उत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक दो संकायों के दो दो शोधार्थियों के लिए मेरीटोरियस फैलोशिप की भी घोषणा की कार्यक्रम में विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो प्रकृति राय ने विज्ञान संकाय में स्थित केंद्रीय




अनुसंधान प्रयोग शाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शोधार्थियों विद्यार्थियों को अनुप्रयोग परख शोध पर जोर देना चाहिए7 कला संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो नीता यादव ने नई दृष्टिकोण एवं रचनात्मकता के साथ साहित्य, इतिहास, संस्कृति और सामाजिक विज्ञानों के संदर्भ में गहन अध्ययन करने और अंतर-विषयक शोध को प्रोत्साहित करने की सुझाव दिया। वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो सौरभ ने व्यावसायिक और आर्थिक समस्याओं के समाधान हेतु नवीन दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि एक सफल शोधार्थी वही है, जो अपने विषय के व्यावहारिक और औद्योगिक पहलुओं को समझकर समाज के लिए उपयोगी समाधान प्रस्तुत करे। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने पुस्तकालय में स्थित विभिन्न जनरल्स सॉफ्टवेयर्स आदि की जानकारी शोधार्थियों को दी सह कुलानुशासक डॉ. आशुतोष वर्मा ने एक सकारात्मक और अनुशासित वातावरण बनाए रखने की अपील की। क्रीडा संयोजक डॉ विशाल गुप्ता ने विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं, वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं और शोधार्थियों के लिए खेलकूद गतिविधियों के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस प्रेरण कार्यक्रम में नए पीएचडी शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम के प्रारंभ में शोध निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत बोधन एवं विषय प्रस्तावना प्रस्तुत की एवं समन्वयक डॉ अब्दुल हफीज ने दिया और कार्यक्रम संचालन डॉ रक्षा ने किया ।

# जल संरक्षण में दिव्या त्रिपाठी ने रौशन किया धर्मनगरी का नाम

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद के ओरन नगर पंचायत में विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जल प्रहरियों को सम्मानित किया गया। जिसमें जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने समाजसेविका दिव्या त्रिपाठी को विशेष रूप से सम्मानित किया। जो बीते एक दशक से जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। दिव्या त्रिपाठी ने जल बचाने की दिशा में कई ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने सेमरिया जगन्नाथवासी गांव के सरोवरों को पुनर्जीवित करने के साथ मंदाकिनी नदी की सफाई का बीड़ा उठाया। उनके प्रयासों से कई जल स्रोतों को नया जीवन मिला है। उनके नेतृत्व में हुए अभियानों ने स्थानीय समुदाय को भी जागरूक किया है,



जिससे जल संरक्षण एक सामूहिक पहल बनता जा रहा है। ‘हमारा सरोवर हमारी धरोहर‘ कार्यक्रम के आयोजन में पद्मश्री उमाशंकर पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, नरैनी की विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, जिलाधिकारी जे रीभा व मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे 51 जल प्रहरियों को सम्मानित किया गया। जल संरक्षण के साथ-साथ दिव्या त्रिपाठी ने वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए ‘पौधा मित्र अभियान‘ की शुरुआत की है। सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान को गति देते हुए उन्होंने जल संकट और बढ़ते तापमान से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की है। विश्व जल दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम जल संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ। दिव्या त्रिपाठी जैसी जल योद्धाओं का सम्मान न केवल उनके प्रयासों को पहचान दिलाता है, बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है कि वे जल और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। जल संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए इस तरह के जन आंदोलन को और अधिक समर्थन एवं विस्तार देने की आवश्यकता है।

# अमेरिका से लौटते ही मर्जेन्ट नेवी पति को उतारा मौत के घाट

## शव के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में सीमेंट से किया पैक

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** मेरठ जिले के थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र में दिल दहलाने वाली घटना हुई है. मर्जेन्ट नेवी में कार्यरत अमेरिका से लौटे युवक का शव एक ड्रम में मिला है. यही नहीं शव रखने के बाद ड्रम को सीमेंट डालकर पैक कर दिया गया था. सूचना मिलने पर मंगलवार को मौके पर पहुंची पुलिस को शव को ड्रम से निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से ब्रह्मपुरी के इंद्रानगर सेकेंड के रहने सौरभ का आए दिन किसी न किसी बात पर अपने परिजनों से विवाद रहता था. जिसके बाद परिवार वालों ने बेदखल कर दिया था. पिछले 3 साल से सौरभ और उसकी पत्नी मुस्कान इंद्रानगर कॉलोनी में किराए पर रह रहे थे. सौरभ अमेरिका में पानी के जहाज पर काम करता था, वर्तमान में वह लंदन में था. लगभग एक माह पूर्व ही सौरभ छुट्टियां लेकर अपनी पत्नी मुस्कान का जन्मदिन मनाने इंडिया आया था. सौरभ का भाई राहुल बीते कई दिन से अपने भाई का नंबर मिलाकर बात करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसकी बात नहीं हो पा रही थी, जिसकी वजह से वह बेहद परेशान था. राहुल अपने भाई के बारे में जानकारी करने मंगलवार को किराए के घर पर पहुंचा. लेकिन किराए पर लिए घर पर कोई नहीं मिला, जिस पर उसने भाभी को कॉल कर भाई के बारे में पूछा. इस पर भाई ने कहा कि वह तो मायके में आई हुई है, उसे कोई जानकारी नहीं है. राहुल को अपने भाई की और भी ज्यादा चिंता सताने लगी. राहुल किराए के मकान के पास में ही था तभी अचानक उसकी भाभी किसी युवक के साथ वहां पहुंच गई. इसके बाद देवर ने भाभी से पुनः अपने भाई के बारे में जानकारी की, जिस पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई. इस पर राहुल ने भाभी को अन्य युवक के साथ देखकर कुछ अजीब सा लगा. और राहुल ने अपनी भाभी मुस्कान से उसके साथ आए युवक के रिश्ते के बारे में पूछने की कोशिश की, जिस पर वह चुप्पी साध गई.। इसके बाद राहुल ने दोनों को पकड़ लिया और उनसे अपने भाई के बारे में पता करने लगा. मुस्कान कुछ देर तक तो अपने पति के कहीं गायब होने की बात कहकर गुमराह करती रही. लेकिन बाद में घर में से आ रही बदबू की वजह से राहुल के होश उड़ गये. एक बड़े ड्रम में भाई के शव को होने का अंदेशा जताया. ड्रम को लोहे का बड़ा सा ढक्कन लगाकर सीमेंट डालकर पूरी तरह से पैक किया हुआ था. इसके बार राहुल ने शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग भी वहां एकत्र हो गये और मुस्कान और उसके साथ आए युवक को दबोच लिया.। इसी बीच पुलिस को भी सूचना दे दी गई. पुलिस ने सौरभ की पत्नी मुस्कान और उसके साथी से जब सख्ती से पूछताछ की तो पूरे रहस्य से पर्दा उठ गया. पूछताछ में मुस्कान ने सौरभ की हत्या के बाद उसे ड्रम में बंद करने की बात कबूल की है. पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया है. जबकि ड्रम से शव निकालने के लिए पुलिस काफी कोशिश करनी पड़ी. एक घंटे से अधिक समय तक काफी मशक्कत के बाद शव को ड्रम से निकाला जा सका.। एसपी सिटी ने बताया कि ड्रम में सीमेंट जमा हुआ था, ऐसे में पुलिस को शव को निकालने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा. पुलिस ने ड्रिल मशीन से ड्रम को तोड़कर शव को बाहर निकाला. अब तक यही बात सामने आई है कि अवैध संबंधों में बाधक बनने पर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या को अंजाम दिया है. मुस्कान ने पड़ोसियों से बताया था कि वह पति के साथ टूर पर जा रही है.। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि देर शाम को पुलिस को इंदिरापुरम में हत्या की सूचना मिली थी. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल और पूछताछ की तो पता चला कि मर्चेंट नेवी में कार्यरत सौरभ राजपूत 4 मार्च को अपने घर आए थे. इसके बाद से लापता था. शक के आधार पर सौरभ की पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया. पूछताछ के दौरान बताया कि साहिल ने 4 मार्च को ही चाकू से गोदकर सौरभ की हत्या कर दी थी. हत्या करने के बाद शव के टुकड़े कर एक ड्रम में भर कर सीमेंट से पैक कर दिया था. शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. इसके साथ मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर लिया गया है. परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है.।

# प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर गन्दगी फ़ैलाने वालों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के स्टेशनों को स्वच्छ बनाये रखने के लिए समय-समय पर स्टेशनों पर गन्दगी फ़ैलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है । इसी क्रम में आज दिनांक 19.03.2025 को प्रयागराज छिवकी स्टेशन के प्रवेश द्वार के निकट अनधिकृत रूप से लगाए गए ठेलों और गन्दगी फैला रहे 06 लोगों से 1900 रुपये का जुर्माना वसूला गया एवं उन्हें समझाया गया कि



अनाधिकृत रूप से स्टेशन प्रवेश पर दुकान या ठेले न लगाये और न ही गन्दगी फैलाएं । स्टेशनों को स्वच्छ बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है

# एएसपी रैंक के 16 आईपीएस अधिकारियों को मिली नई तैनाती

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** डीजीपी मुख्यालय ने बुधवार को सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात वर्ष 2021 बैच के 16 आईपीएस अधिकारियों को नई तैनाती प्रदान की है। कई अधिकारियों को उनके वर्तमान तैनाती स्थल पर ही पद के अनुरूप तैनात किया गया है।डीजीपी मुख्यालय में आईजी कार्मिक शलभ माथुर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अंजली विश्वकर्मा को वहीं पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बना दिया गया है। इसी तरह नोएडा कमिश्नरेट में तैनात शैव्या गोयल, आगरा कमिश्नरेट में तैनात आदित्य, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात किरन यादव द्वितीय, डॉ. अमोल मुरकुट, प्रयागराज कमिश्नरेट में तैनात पुष्कर वर्मा को भी वहीं पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बना दिया गया है। मुरादाबाद में प्रभारी




अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर आकाश सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पद पर तैनात किया गया है। आजमगढ़ में तैनात अनंत चंद्रशेखर को चंदौली का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। अंशिका वर्मा को बरेली में ही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बना दिया गया है। मुरादाबाद में तैनात अमरेंद्र सिंह को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बनाया गया है। आजमगढ़ में तैनात शुभम अग्रवाल को भदोही का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गोरखपुर में तैनात रल्लापल्ली वसंथ कुमार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। अयोध्या में तैनात अरुण कुमार सिंह को मैनपुरी का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। मुजफ्फरनगर में तैनात व्योम बिंदल को सहारनपुर का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। अलीगढ़ में तैनात भंवरे दीक्षा अरुण को शाहजहांपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

# प्रयागराज अवैध असलहे के साथ युवक की फोटो वायरल, पिता ने ही दिया थाने में तहरीर

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र के मलाक चतुरी गांव में एक युवक की अवैध असलहे के साथ। पवन सोनी की तस्वीर वायरल होने से हड़कंप मच गया। यह मामला तब सामने आया जब युवक के पिता ने खुद थाने में जाकर इसकी लिखित सूचना दी। पिता जोखू लाल सोनी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा गलत संगत में पड़कर अवैध हथियार रख रहा है, वा हम लोगो को मार पीट कर घर से भगा दिया वा एक वर्ष पहले अपनी मां को भी पीट पीट कर मार डाला था जिसका



मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। वायरल असलहा जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी और वायरल फोटो की सत्यता की पुष्टि करने में जुट गई। युवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो युवक पर सख्त कार्यवाही की जाएगी इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, और स्थानीय लोग भी इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं। पवन अपने दबंगई से कई बार अपने पिता को मार पीट कर भाग जाता था। लेकिन जब हद से ज्यादा दबंगई पर उतर आया घर से भगा दिया तो पिता ने ही सोरांव थाने में अवैध असलहा की फोटो वा लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# आईएमए की प्रेस वार्ता में क्षय रोग उन्मूलन की प्रतिबद्धता

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने ट्यूबरक्लोसिस क्षय रोग हमारे देश की गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि विश्व में कुल टीवी के मरीजों में से 27 प्रतिशत हमारे देश में हैं और उसमें भी 20न्न अकेले उत्तर प्रदेश में हैं इसी को दृष्टिगत रखते हुए संगठन ने 24 मार्च को विश्व छह रोग दिवस के अवसर पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया है शहर के नघेटा रोड स्थित निर्मला नर्सिंग होम में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष डॉ अजय अस्थाना ने बताया कि भारत सरकार 2025 तक टीवी के उन्मूलन का लक्ष्य लेकर चल रही है इसी को लेकर आई एम ए समाज में व्यापक अभियान चला कर लोगों को सचेत करेगी




तथा रोगियों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा कार्यक्रम के आयोजक डॉ आर पी गुप्ता डॉक्टर रवींद्र सिंह डॉक्टर अरुण कुमार मौर्य डॉक्टर सी के गुप्ता डॉक्टर आरसी अग्रवाल डॉक्टर संदीप कटिहार डॉक्टर अखिलेश पटेल डॉक्टर नीरज वर्मा और डॉक्टर तिरुपति आनंद ने संयुक्त रूप से बताया की विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम नाघेटा रोड स्थित निर्मला नर्सिंग होम में होगा पत्रकार वार्ता में चिकित्सकों ने बताया कि कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से लक्षण बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी तथा गोष्ठी के माध्यम से क्षय रोग पर परिचर्चा की जाएगी इस दौरान लखनऊ के डॉक्टर राहुल राठौर फेफड़ा रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर राहुल यादव हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क परामर्श प्रातः 9ः00 बजे से अपराह्न 3ः00 बजे तक दिया जाएगा इस दौरान खून बलगम और एक्स-रे की अन्य जरूरी जांच भी निशुल्क की जाएगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### माननीय न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा, जिला दंडाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश



**साहेबगंज, झारखंड-** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में माननीय न्यायालय अंतर्गत लंबित वादों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला दंडाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए समन्वय बनाकर कार्य करें एवं प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए पीड़ित पक्षों को शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने न्यायालयीन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं गति लाने पर जोर दिया। बैठक में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी (राजमहल) सदानंद महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, श्रम अधिक्षक धीरेंद्र नाथ महतो सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित



**साहेबगंज, झारखंड-** समहरणालय स्थित सभागार में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा की संयुक्त अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। बैठक में विद्यालयों में आधारभूत संरचना, मध्याह्न भोजन योजना, छात्रवृत्ति वितरण एवं शिक्षकों की उपस्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ छात्रों तक पारदर्शिता से पहुँचना चाहिए। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने एवं पठन-पाठन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में अन्य आवश्यक बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

### झारखंड में विधानसभा सीटें 81 से बढ़ाकर 160 की जाएं- विजय शंकर नायक



**रांची, झारखंड-** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड में एससी-एसटी की सीटें कम नहीं होनी चाहिए, बल्कि विधानसभा सीटों की संख्या 81 से बढ़ाकर 160 की जानी चाहिए ताकि विधान परिषद का भी गठन हो सके। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में पहले ही विधानसभा सीटें बढ़ाई जा चुकी हैं, लेकिन झारखंड में यह अब तक नहीं हुआ। 2005 में विधानसभा की कमेटी ने सीटें 81 से 150 करने की सिफारिश की थी, जिसे सदन की मंजूरी भी मिली थी, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। श्री नायक ने भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद, वामदल और अन्य दलों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिलकर विधानसभा सीटें बढ़ाने की मांग करें। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है, और सीटें बढ़ने से विकास कार्यों में तेजी आएगी। यदि इस बार विधानसभा सीटें नहीं बढ़ती हैं, तो इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह जिम्मेदार होगी।

### झारोकला गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**दुद्धी** कोतवाली क्षेत्र के झारोकला गांव में रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ का शव बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई।ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे देखा कि ट्रैक के बीच में एक शव पड़ा है जिसके सर से खून का बहाव भी हुआ है।सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान सीताराम पुत्र रामलाल निवासी करमडाड के रूप में हुई है।बताया गया कि भोर में गुजरी शक्तिपुंज के लोकोपायलट ने घटना की सूचना स्टेशन सहित जीआरपी को दी थी,और दुर्घटना से मौत होने की बात बताई। वही सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# पाकुड़िया प्रखण्ड के ढुंगी बरमसिया टोला में पेय जल की भीषण समस्या से जूझते ग्रामीण

**● टोला स्थित पोषाहार केंद्र में भी नहीं लग पाया है नलकूप**



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया से 10 किलोमीटर दूर गनपुरा पंचायत के ढुंगरी बरमसिया ग्राम के पोषाहार केंद्र टोला में पेय जल की भीषण समस्या की बात ग्रामीण महिलाओं ने कही। 18 मार्च को महिलाओं ने बताया कि इस टोला में 2 चापाकल हैं, लेकिन एक नलकूप खराब है जबकि दूसरे से पेय जल कम निकलने के कारण कठिनाई होती है। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र खुला देखा गया और छोटे-छोटे बच्चे व सेविका भी दिखीं। उन्होंने भी पेय जल समस्या के गहराने की बात बताते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में नलकूप नहीं होने के कारण दूर से पेय जल लाना पड़ता है, जिससे इन दिनों कठिनाई और बढ़ गई है। पूछने पर उन्होंने बताया कि पुराना कूप है, लेकिन उसका पानी पीने योग्य नहीं है। लोग बर्तन साफ करने, कपड़े धोने तथा अन्य घरेलू कामों में इस पानी का उपयोग करते हैं, लेकिन पीने में नहीं।

सेविका ने बताया कि इस ग्राम में पांच टोले हैं, परंतु इन दिनों सभी टोले में पेय जल की भीषण कठिनाई है। दूसरे टोला में एक पुराना जल कूप है और लोग उसी कूप से पेय जल भरते हैं। सापादाहा ग्राम के मुख्य पीडब्ल्यूडी पथ के निकट टोला में नलकूप दिखा, जिसमें एक नलकूप बिना मरम्मत के पड़ा है। हालांकि, कड़ी धूप और जल स्तर नीचे जाने से पेय जल की कठिनाई बनी हुई है। जल एवं स्वच्छता विभाग को स्थल जांच कर खराब पड़े नलकूपों की मरम्मत करानी चाहिए, जिससे पेय जल समस्या का कुछ निदान हो सके। ग्रामीणों का मानना है कि जल मानव सहित सभी जीवधारियों के लिए प्रकृति का अनमोल और अनुपम भेंट है, जिस पर सभी का अधिकार है।

यदि विभागीय पहल से पाकुड़िया प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बेकार पड़े नलकूपों को पाइप आदि आवश्यक उपकरणों के साथ पूरी तरह मरम्मत कर दिया जाए, तो यह ग्रामीणों की पेय जल समस्या के समाधान की दिशा में एक प्रशंसनीय पहल मानी जाएगी, जो मानवीय हित को संवर्धित करेगी।

# बरसोत में एटीएम मशीन से 6.17 लाख की चोरी, चोरों ने सीसीटीवी पर किया ब्लैक स्प्रे

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही थाना क्षेत्र के बरसोत नेशनल हाईवे स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को देर रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और पाया कि चोरों का गिरोह एक काले रंग की स्कॉर्पियो से रात करीब 1:30 बजे एटीएम के पास पहुंचा था। इसके बाद चोरों ने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटकर उसमें से 6 लाख 17 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गए। चोरी की इस वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों पर ब्लैक स्प्रे कर दिया, जिससे उनकी हरकतें रिकॉर्ड नहीं हो पाई। इसके बावजूद, पुलिस आस-पास के इलाकों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि उक्त एटीएम को हिटाची नामक निजी कंपनी के माध्यम से संचालित किया जाता है। कंपनी के अधिकारी तनवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को एटीएम में कुल 12 लाख रुपये डाले गए थे, जिसमें से चोर 6.17 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। इस घटना की सूचना कंपनी के टेक्निकल सेल मुंबई की कैमरा टीम ने बरही पुलिस को तत्काल दी, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को हर संभव पहलू पर जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कहा कि अब तक कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है, आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उक्त घटना की जानकारी एटीएम के मकान मालिक मनोज कुमार प्रसाद उर्फ मणिलाल ने स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी और बरही पुलिस को दी। सूचना मिलते ही



पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस एटीएम को पहले भी अपराधियों ने अपना निशाना बनाया है। 27 जुलाई 2023 को चोरों ने एटीएम मशीन को उखाड़कर 18 लाख 11 हजार 500 रुपये चुरा लिए थे। 14 सितंबर 2024 को दूसरी बार ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया था, लेकिन तब चोरों को सफलता नहीं मिली थी। इस बार की वारदात ने एक बार फिर इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी के दावे कर रही है।

# जेल के कैदियों को प्रशासन ने बनाया हुनरमंद, इनके उत्पादों की प्रारंभिक बिक्री होगी सरकारी कार्यालयों में

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़, झारखण्ड-** बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मंडलकारा पाकुड़ के बंदियों का प्रोजेक्ट परिवर्तन के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत 13 दिवसीय सर्फ, साबुन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।* जिसमें सफल बंदी प्रशिक्षुओं को उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, राज्य निदेशक आरसेटी शशि भूषण मिश्रा, जेल अधीक्षक चंद्रशेखर प्रसाद सुमन, निदेशक आरसेटी पाकुड़ राजेश कुमार मिश्रा, मंडल कारापाल दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र दिए।वही दूसरी ओर दस दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया उपायुक्त मनीष कुमार* ने प्रशिक्षित बंदियों के द्वारा बनाए गए फिनाइल एवं अन्य सामानों की बिक्री के लिए प्रारंभिक स्तर पर सरकारी कार्यालयों को चुना। उन्होंने कहा कि उत्पादन




किये सामानों से लाभ प्राप्त कर कैदियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान समय में हुनरमंद होना नितांत आवश्यक है। जेल से बाहर निकलने पर अपना हुनर का उपयोग कर ये स्वालंबी बन सकते हैं। पाकुड़ जिला की युवाओं और सखी मंडल की महिलाएं स्वरोजगार कर अच्छी आय प्राप्त कर रही हैं।

उपायुक्त ने जेल में विभिन्न कौशल प्रशिक्षण को लगातार संचालित करने के लिए आरसेटी पाकुड़ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार* ने कहा कि कैदी कौशल प्रशिक्षण को प्राप्त कर कैदी अपना हुनर का उपयोग सही दिशा में करे। उन्होंने विपणन की असीम संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे कार्यो की असीम संभावनाएं हैं और इन्हें भी सजा समाप्ति के बाद मुख्यधारा से जुड़ने का पूरा अधिकार है।

मंच का संचालन करते हुए आरसेटी पाकुड़ के वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने बंदियों को शुभकामनाएं देते हुए स्वरोजगार करने की सलाह दी। जीवन स्तर को सुधार करने में प्रशिक्षण के महत्त्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लाभुकों को इस प्रशिक्षण के साथ साथ विपणन, उद्यमी योग्यता, समय प्रबंधन, वित्तीय समावेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग एवं बीमा आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

# कोल्हुआकला में श्री श्री 1008 महारूद्र सह शिव पुराण महायज्ञ में प्रवचन मंच का बरही विधायक ने किया उद्घाटन


**● ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव बढ़ता है- मनोज यादव**

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत ग्राम तिलैया बस्ती में श्री श्री 1008 महारूद्र सह शिव पुराण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन प्रवचन मंच का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बरही विधायक मनोज कुमार यादव को माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव बढ़ता है। भगवान शिव की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, यही हमारी कामना है। यह महायज्ञ समाज को आध्यात्मिकता की ओर ले जाने और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का कार्य करेगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, समाजसेवी मनीलाल यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, पंसस प्रभु यादव, उप मुखिया राजेश यादव, डीलो पासवान, पंसस प्रतिनिधि विनोद यादव, यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष राजू राम, सचिव मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पासवान, संयोजक लक्ष्मण यादव, उपाध्यक्ष सहदेव राम, उमेश चंद्रवंशी, मनोज यादव, केदार यादव, इंजीनियर सुरेश यादव, रामदेव यादव, लक्ष्मण यादव, जसपाल यादव, शंकर यादव, नकुल राम, लक्ष्मण पासवान और सनी यादव सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। महायज्ञ के पहले दिन भव्य प्रवचन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने धार्मिक प्रवचनों का लाभ उठाया। आयोजकों के अनुसार, यह महायज्ञ ग्यारह दिनों तक चलेगा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## बघाडू गांव में स्कूल जा रही छात्रा को बाइक ने मारी टक्कर, हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**दुद्धी** कोतवाली क्षेत्र के बघाडु गांव में बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे तेज रफ्तार बाइक ने स्कूल जा रही एक मासूम बालिका को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बोलताकरम प्राथमिक विद्यालय की कक्षा एक की छात्रा 7 वर्षीय अंजनी पुत्री अमरसिंह प्रतिदिन की भांति बुधवार सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन घर से कुछ ही दूरी पर एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मासूम छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन फानन में छात्रा को इलाज के लिए दुद्धी सीएचसी लाया गया। जहाँ मौजूद चिकित्सक विनोद सिंह ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।और रोरोकर बुरा हाल है।हादसे के बाद ग्रामीणों ने आरोपी बाइक सवार को मौके पर ही पकड़ लिया। और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।वही सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# बरही विधायक मनोज यादव ने विधानसभा में मंत्री के समक्ष पुल निर्माण की रखी मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही विधायक मनोज यादव ने झारखंड विधानसभा के सत्र में अपने क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में पुल निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा कि बरही प्रखंड के लठिया और हुटवा को जोड़ने वाले मार्ग पर हुटवा नदी पर पुल का निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। विधायक श्री यादव ने बताया कि हुटवा नदी पर पुल के अभाव में क्षेत्र के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर उत्क्रमित विद्यालय, हुटवा के विद्यार्थियों को बारिश के दिनों में स्कूल पहुंचने में दिक्कत होती है। इसके अलावा, खोड़ाहर और धनवार पंचायत के ग्रामीणों को भी आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ जाने से लोगों को वैकल्पिक और लंबा रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित होती है। इसके अलावा विधायक ने बरही प्रखंड के बरसोत में पार नदी पर पुल निर्माण की मांग भी रखी। उन्होंने बताया कि पार नदी पर पुल बन जाने से बरही के कई गांवों की दूरी जीटी रोड से मात्र 2 किलोमीटर रह जाएगी, जो वर्तमान में लगभग 10 किलोमीटर है। इस पुल के बनने से लखना, दुलमाहा, विजैया, ओरपरता, डपोक सहित अन्य गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और उनका आवागमन सुगम होगा। बरही विधायक की इस मांग को ग्रामीण विकास विभाग मंत्री ने गंभीरता से लिया और इसे पूरी तरह वाजिब करार दिया। मंत्री ने आश्वासन



दिया कि यदि विधायक इन पुलों के लिए अनुशंसा पत्र उपलब्ध कराते हैं, तो विभागीय नीति और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद क्षेत्र के लोगों को उम्मीद जगी है कि जल्द ही पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे उनके आवागमन की समस्या दूर हो सकेगी।

# बीएसएफ मेरू कैंप में 21 मार्च को वार्ब की तिमाही बैठक, पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़ी समस्याओं का होगा समाधान

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखण्ड-** सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों की पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए वार्ब की तिमाही बैठक का आयोजन आगामी बुधवार, 21 मार्च 2025 को किया जाएगा। यह बैठक मेरू स्थित प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के सीमा प्रिया हॉल में सुबह 11:00 बजे से होगी।गौरतलब है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा वार्ब का गठन केंद्रीय पुलिस बलों के पेंशनभोगी सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण के लिए किया गया है। सीमा सुरक्षा बल भी हमेशा अपने सेवानिवृत्त कर्मियों और शहीदों के आश्रितों के कल्याण के लिए प्रयासरत रहा है। इसी उद्देश्य से आयोजित की जा रही इस बैठक में झारखंड और आसपास के राज्यों में रहने वाले बीएसएफ के सेवानिवृत्त कर्मी अपनी पेंशन और रिटायरमेंट लाभ से जुड़ी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। बैठक की अध्यक्षता बीएसएफ के उप महानिरीक्षक (प्रशासन), प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय द्वारा की जाएगी। इस दौरान अनुभवी लेखा अधिकारी, अनुसचिवीय स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों के प्रभारी भी मौजूद रहेंगे, जो सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करेंगे। हजारीबाग जिले और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले बीएसएफ के सेवानिवृत्त कर्मियों से अपील की गई है कि वे इस बैठक में समय पर पहुंचें और अपने साथियों को भी सूचित करें। बैठक के



दिन सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिजनों के लिए केंद्रीय पुलिस कैंटीन सुबह 08:30 बजे से खुली रहेगी, ताकि वे अपनी आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकें। इसके अलावा, मेरू परिसर के मुख्य द्वार पर स्वागत और वाहनों की समुचित व्यवस्था भी की गई है, ताकि सभी आगंतुकों को कोई असुविधा न हो।

## बरही में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**● पीडीएस दुकानदार समय पर कार्डधारकों को उपलब्ध कराएं राशन- जयपाल महतो**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं की कार्य प्रणाली में सुधार और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव सहित प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक समय पर राशन पहुंचाने और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बीडीओ जयपाल महतो ने विक्रेताओं को डिजिटल प्रणाली, शिकायत निवारण प्रक्रिया और वितरण प्रणाली में सुधार से संबंधित जानकारी दी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन वितरण प्रणाली को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाना था, जिससे आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। मौके पर डीलर संघ अध्यक्ष डोमन पाण्डेय, परमेश्वर प्रसाद यादव, मंटू कुमार, अब्दुल कयूम, मणिलाल प्रसाद, मो इरफान रजा, रामचन्द्र महतो, परमेश्वर राम,



आजाद कर्ण सिंह, रामलखन यादव, किशोर कुमार, संतोष केशरी, सुखदेव साहू, देवधारी यादव, जगदीश उरांव, राजेन्द्र साव, नंदकिशोर कुमार, शैलेश कुमार समेत बरही प्रखण्ड के अन्य डीलर मौजूद थे।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अमित शाह से की मुलाकात, विकास योजनाओं पर चर्चा

**● एकराज भवन पत्रिका की प्रति केंद्रीय गृह मंत्री को भेंट**

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली/रांची-** झारखंड के माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य की विकास योजनाओं और विधि-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने इस अवसर पर 'राज भवन पत्रिका' की प्रति गृह मंत्री को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक की अवधि में राज भवन, झारखंड की गतिविधियों, महत्वपूर्ण आयोजनों और पहलों का संकलन है। इसके प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी हैं। राज्यपाल जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं और शिक्षा, सुशासन एवं जनकल्याण के लिए ठोस पहल कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों और विद्यालयों का भ्रमण कर शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया तथा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रेरित किया। राज्यपाल झारखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए भी



विशेष प्रयास कर रहे हैं। उनका यह प्रयास राज्य के सतत विकास और सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मइया सम्मान योजना की राशि भुगतान में देरी से महिलाओं की बढ़ी परेशानी, प्रखंड कार्यालय में उमड़ी भीड़

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मइया सम्मान योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को जनवरी, फरवरी और मार्च माह का कुल 7,500 एकमुश्त मिलने थे। हालांकि, कई महिलाओं को अब तक यह राशि नहीं मिली, जिससे वे बेहद चिंतित हैं। भुगतान में देरी के कारण 19 मार्च को बड़ी संख्या में महिलाएं पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय पहुंचीं और आवश्यक दस्तावेजों की जांच के लिए लंबी कतारों में खड़ी रहीं। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ मुखर्जी ने महिलाओं को समझाया और शांति बनाए रखने की अपील की। प्रदेशभर से इस योजना के तहत राशि नहीं मिलने की शिकायतें आ रही हैं। कई महिलाएं बैंकों, सीएसपी केंद्रों, पंचायत और प्रखंड कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। प्रशासन ने जल्द ही भुगतान प्रक्रिया को सुचारू करने का आश्वासन दिया है। यदि



सरकार जल्द ही इस समस्या का समाधान करती है, तो यह एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक सफलता होगी।

## स्वर्गीय बबलू सिंह की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड पाठ और भव्य भंडारे का आयोजन

**रेणुकूट सोनभद्र** 16 मार्च स्थान स्वर्गीय बबलू सिंह का निवास स्थान, रेणुकूट, सोनभद्र।यह आयोजन हर साल होता है, और इस वर्ष भी इसे धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया।सैकड़ों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।स्वर्गीय बबलू सिंह की पत्नी एवं पूर्व अध्यक्ष निशा सिंह, उनके छोटे भाई डब्लू सिंह, परिवार के अन्य सदस्य, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं स्थानीय लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।इस आयोजन ने समुदाय में प्रेम, भाईचारे और धार्मिक आस्था को बढ़ावा दिया।इस आयोजन की क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रशंसा हो रही है। यह आयोजन स्वर्गीय बबलू सिंह की स्मृति को जीवित रखने का एक तरीका है।यह समुदाय के लोगों को एक साथ आने और अपनी धार्मिक भावनाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करता है।आज हम आपको दो ऐसे शख्सियतों से मिलवाने जा रहे हैं, जो समाज सेवा की मिसाल बनकर उभरे हैं। निशा सिंह और डब्लू सिंह, ये दो नाम आज सोनभद्र के हर कोने में चर्चा का विषय बने बने हुए हैं ।निशा सिंह न केवल अपने क्षेत्र में जनसेवा कर रही हैं, बल्कि गरीब असहाय लोगों के साथ क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति बीमार पड़ जाने के बाद उनके पास तत्काल पहुंचने के बाद उनकी सहायता करने सहित खेल कूद में लोगों को बढ़- चढ़ कर टूर्नामेंट जैसे कार्यों में उत्साह देना और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उनका यह कार्य उनके समर्पण और जन कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मिली जानकारी के अनुसार वे आधी रात हो या तूफान, लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं।समाज सेवा के उभरते हुए सूरज डब्लू सिंह को एक समाज सेवक के रूप में देखा जा रहा है,जो अपने क्षेत्र में रोशनी बनकर उभर रहे हैं। उनकी तुलना उभरते हुए सूरज से दिखाई दे रहा है। उनका इस तरह का कार्य सकारात्मक प्रभाव और ऊर्जा से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।जीवन में संघर्ष एक अनिवार्य हिस्सा है। इनकी मेहनत और संघर्ष ही आपको जीवन में सच्ची सफलता और संतुष्टि दिलाएंगे। जब जीवन का सबसे मूल्यवान सच संघर्ष ही है



तो हममें से हर किसी को इससे बचने की कोशिश नहीं करना चाहिए।निशा सिंह और डब्लू सिंह जैसे लोग समाज के लिए एक अनमोल धरोहर हैं। उनके कार्यों से हमें यह सीख मिलती है कि हम सभी अपने-अपने तरीके से समाज की सेवा कर सकते हैं।इन दोनों ने अपने कार्यों से यह साबित कर दिया है कि सच्ची सेवा और समर्पण से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। वे लगातार लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती हैं। समर्पण और त्याग के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज की सेवा कर रहे हैं ।और उनके कार्यों से हमें यह सीख मिलती है कि हम सभी अपने-अपने तरीके से समाज की सेवा कर सकते हैं।

# धर्म के आधार पर आरक्षण देना असंवैधानिक!



धर्म के आधार पर कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लिए 4 प्रतिशत सरकारी ठेकों में आरक्षण का प्रावधान किया है।कर्नाटक कैबिनेट ने सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4त्न के आरक्षण को मंजूरी दी है। इस पर राजनीति तेज हो गई है। बीजेपी ने इसे असंवैधानिक करार दिया। कानूनी जानकार कहते हैं कि कैबिनेट ऐसे फैसले ले सकती है। अगर किसी को आपत्ति है तो कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दे सकता है, वहां इसका टिकना मुश्किल होगा। रिजर्वेशन संवैधानिक दायरे में है या नहीं, इसको लेकर अब अहम सवाल खड़ा हुआ है। वैसे कर्नाटक में मुस्लिमों के रिजर्वेशन का मामला पहले भी राजनीति का केंद्र रहा है और मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पेंडिंग है।

कर्नाटक कैबिनेट ने सरकारी ठेकों में मुस्लिमों के लिए 4त्न आरक्षण को मंजूरी दी है। लेकिन बीजेपी ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, इस फैसले का संवैधानिक टिकाव मुश्किल है और चुनौती देने पर कोर्ट में यह ठहरने की संभावना कम है।

कर्नाटक कैबिनेट ने सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4त्न के आरक्षण को मंजूरी दी है। इस पर राजनीति तेज हो गई है। बीजेपी ने इसे असंवैधानिक करार दिया। कानूनी जानकार कहते हैं कि कैबिनेट ऐसे फैसले ले सकती है। अगर किसी को आपत्ति है तो कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दे सकता है, वहां इसका टिकना मुश्किल होगा। रिजर्वेशन संवैधानिक दायरे में है या नहीं, इसको लेकर अब अहम सवाल खड़ा हुआ है। वैसे कर्नाटक में मुस्लिमों के रिजर्वेशन का मामला पहले भी राजनीति का केंद्र रहा है और मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पेंडिंग है।

लोकसभा के पूर्व सेक्रेटरी जनरल पीडीटी अचारी कहते हैं कि राज्य सरकार को इस बात का अख्तियार है कि वह रिजर्वेशन दे सकता है। यही कारण है कि अलग अलग राज्यों ने रिजर्वेशन दे रखा है। कर्नाटक, तामिलनाडु और केरल आदि में मुस्लिम को ओबीसी कैटिगरी में राज्य सरकार ने रखा है। इसके तहत सरकारी नौकरी और एजुकेशनल संस्थानों में रिजर्वेशन दिया जाता रहा है। यहां नया सिर्फ यह है कि टेंडर प्रक्रिया में रिजर्वेशन दिया गया है। कैबिनेट फैसला ले सकती है और इसमें कोई शक नहीं है। यह अलग बात है कि इस फैसले को संवैधानिक कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। संसद या विधानसभा से पास किसी भी कानून को संवैधानिक अदालत में चुनौती दी जा सकती है। तब अदालत स्क्रूटनी करती है और यह देखती है कि कानून या सरकार का फैसला संविधान के दायरे में है या नहीं।

आपको बता दें कि कर्नाटक सरकार मंत्रिमंडल ने कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी है और संशोधन विधेयक को इसी बजट सत्र में पेश किया जाएगा। संशोधन विधेयक के पारित होने पर सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा।

दरअसल कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार उपरोक्त संशोधन विधेयक को मंजूरी देते समय यह भूल गई कि 1976 में केंद्र में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, उस समय इंदिरा गांधी ने संविधान में 42वां संशोधन कर संविधान की उद्देशिका में %धर्मनिरपेक्ष% शब्द जोड़ा था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिम समुदाय को धर्म के आधार पर ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देकर धर्मनिरपेक्ष देश की नींव को ही कमजोर करने जा रही है।

आपको बता दें कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का उपरोक्त फैसला गलत है, क्योंकि यह देश को धर्म के आधार पर बांटने का काम करेगा, जिससे देश की अखण्डता को खतरा पैदा हो सकता है। राज्य सरकार तर्क दे रही है कि यह कदम पिछड़े वर्गों के सशक्तीकरण की दिशा में उठाया गया है, लेकिन यह नीति धर्म के आधार पर नागरिकों के साथ भेदभाव करती है, जो सविधान की मूल भावना के प्रतिकूल है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जिसकी नींव समानता, न्याय और अवसरों की निष्पक्षता पर आधारित है। धार्मिक आधार पर आरक्षण देना इन मूल्यों का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। विशेषज्ञों के मुताबिक, सविधान में शिक्षा एवं नौकरी के लिए आरक्षण का प्रावधान है, ठेकों के लिए नहीं। ऐसे फैसले वोट बैंक की राजनीति के तहत किए जाते हैं, जो समाज में ध्रुवीकरण पैदा कर असमानता बढ़ाते हैं। सरकार को समझना चाहिए कि ठेका प्रणाली में योग्यता, पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा का होना अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा इससे भ्रष्टाचार और पक्षपात के नए रास्ते खुल सकते हैं। किसी विशेष धर्म या समुदाय के लिए आरक्षित कोटा लागू करने से सार्वजनिक सेवा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है, और यह समान अवसर की अवधारणा को कमजोर करता है। बेशक सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने हेतु विशेष अवसर देने की आवश्यकता है, लेकिन आर्थिक स्थिति या शैक्षिक पिछड़ापन के आधार पर होना चाहिए, न कि धार्मिक पहचान के आधार पर। यदि प्रत्येक धर्म विशेष को इसी प्रकार रियायत दी जाने लगी, तो यह आरक्षण की अवधारणा का राजनीतिक दुरुपयोग होकर रह जाएगा। धर्म आधारित आरक्षण समाज को बांटने का ही कार्य करेगा, जो राष्ट्रहित में नहीं है। आपको पता रहे कि कांग्रेस स्वतंत्रता के बाद जिस तरह की तुष्टिकरण की नीति अपनाकर चल रही है उसका परिणाम आज उसके सामने है। समय की मांग तो यह है कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राह छोड़कर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देती। कांग्रेस नेतृत्व को कर्नाटक की सरकार को धर्म के आधार पर आरक्षण देने वाले निर्णय को रोकना चाहिए। अगर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार धर्म के आधार पर आरक्षण के निर्णय पर कायम रहती है तो देश भर में धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग उठेगी और धर्म के नाम पर लोग आमने-सामने होते दिखाई देंगे, जो देशहित में नहीं है। आर्थिक या सामाजिक रूप से पिछड़ों को शिक्षा व नौकरियों में आरक्षण देना अलग बात है। धर्म के आधार पर आरक्षण देना गलत है। कांग्रेस हाईकमान मामले की गंभीरता को समझे और कर्नाटक सरकार को संशोधन विधेयक पारित करने से रोके। इसी में कांग्रेस की भलाई है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## देश की आर्थिक समृद्धि, ज्ञान शिक्षा और विज्ञान




**(ज्ञान और शिक्षा से देश का विकास)**

इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंद्य संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैद्य वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैद्य यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैद्य जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगीद्य मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा हैद्य शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैद्य शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील हैद्य

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया हैद्य यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैद्य शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैद्य हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी हैद्य

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है द्य राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय हैद्य भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं।

स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

**संजीव ठाकुर**

# कहानी कहने की परंपरा- दादी-नानी की गोद से वैश्विक मंच तक

**[हर दिल में बसती है एक कहानी- सुनो, कहो और जियो]**




जब शब्द नृत्य करते हैं, भावनाएँ जागती हैं, और समय की धारा में एक जादुई चित्र उभरता है–तब जन्म लेती है एक कहानी। हर साल 20 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व किस्सागोई दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अनमोल परंपरा का उत्सव है जो मानव सभ्यता की नींव में बसी है। कहानियाँ सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं होतीं, वे समय की नदी में बहती जादुई लहरें हैं, जो सुनने वाले को एक अनदेखे सफर पर ले जाती हैं और कहने वाले के मन को अभिव्यक्ति का आकाश देती हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा वजूद, हमारी पहचान और हमारा इतिहास–सब कुछ कहानियों के रंगीन धागों से बुना गया है। चाहे वह दादी-नानी की गोद में सुनी लोककथाएँ हों, किताबों में दर्ज ऐतिहासिक गाथाएँ हों, या आज के डिजिटल मंचों पर वायरल होती कहानियाँ–हर कथा में जीवन को समझने और उसे नई नजर से देखने की शक्ति छिपी है।

विश्व किस्सागोई दिवस एक ऐसा अनुपम उत्सव है, जो कहानियों के अलौकिक आकर्षण को केंद्र में लाता है और मानव सभ्यता की अनमोल विरासत को संजोते हुए सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनता है। इसकी नींव 1991 में स्वीडन में पड़ी, जब इसे ÷राष्ट्रीय किस्सागोई दिवस÷ के रूप में मनाया गया; किंतु 2001 में यह ÷विश्व किस्सागोई दिवस÷ के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित हो गया। 2002 में स्कैंडिनेविया से आगे बढ़ते हुए, 2005 तक यह 25 देशों में अपनी पहचान बना चुका था। यह दिन मौखिक कथाओं और लोकसाहित्य की असीम शक्ति का उत्सव है, जहां हर साल एक नई थीम–2025 में ÷गहरा पानी÷–कथाकारों को प्रेरित करती है। इस थीम के अंतर्गत वे संकट की घड़ियों, जल के रहस्यमयी संसार या सागर की अथाह गहराइयों से कथाएं गढ़ते हैं। 20 मार्च को ये कथावाचक अपनी सम्मोहक कहानियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं–ये कथाएं अतीत को जीवंत करती हैं, नैतिकता की ज्योति प्रज्वलित करती हैं और भविष्य के लिए प्रेरणा का आलोक फैलाती हैं। यह आयोजन केवल कला का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानव रचनात्मकता और वैश्विक सामंजस्य का एक प्रदीप्त प्रतीक है।

कहानी कहना मानवता की सबसे पुरानी कला है। जब हमारे पूर्वज गुफाओं में आग के चारों ओर बैठते थे, तब भी वे अपने अनुभवों को कहानियों में ढालते थे। उन कहानियों ने न केवल उनका मनोरंजन किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जीवन के सबक, नैतिकता और साहस की प्रेरणा दी। आज भी यह सिलसिला जारी है। एक माँ अपने बच्चे को सोते वक्त जो कहानी सुनाती है, वह सिर्फ नींद लाने का जरिया नहीं होती–वह उसके कोमल मन में सपनों के बीज बोती है। एक लेखक जो अपनी किताब में समाज की सच्चाई उकेरता है, वह पाठक के विचारों को झकझोर देता है। कहानी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि एक दर्पण है जो हमें हमारा अतीत दिखाता है, एक खिड़की है जो भविष्य की झलक देता है, और एक पुल है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है।

डिजिटल युग ने कहानियों को नए पंख दिए हैं। पहले जो किस्से गाँव के चबूतरे पर या अलाव की गर्माहट में सुनाए जाते थे, वे आज पॉडकास्ट की आवाज में, वेब सीरीज़ के दृश्यों में, और सोशल मीडिया के छोटे-छोटे वीडियो में जीवंत हो उठे हैं। टेक्नोलॉजी ने कहानी कहने के तरीके को बदला है, लेकिन उसकी आत्मा को नहीं छुआ। आज भी एक अच्छी कहानी सुनते ही हमारा मन उसमें खो जाता है, हमारी आँखों के सामने चित्र उभरने लगते हैं, और हमारा दिल भावनाओं की लहरों में डूब जाता है। चाहे वह नेटफ्लिक्स पर कोई सीरीज़ हो या यूट्यूब पर कोई प्रेरक वीडियो–कहानी की वह ताकत अब भी बरकरार है जो हमें हँसाती है, रुलाती है, और सोचने पर मजबूर करती है।

इतिहास गवाह है कि कहानियों ने समाज को बदलने में अहम भूमिका निभाई है। महाभारत और रामायण जैसी पौराणिक कथाएँ हमें धर्म और कर्म का पाठ पढ़ाती हैं, तो मुंशी प्रेमचंद की कहानियाँ हमें गरीबी और अन्याय की कड़वी सच्चाई से रूबरू कराती हैं। भगत सिंह की डायरी के पन्ने और गांधी जी की आत्मकथा हमें आजादी के संघर्ष की कहानी सुनाते हैं, जो आज भी युवाओं में जोश भर देती हैं। एक कहानी नायक को जन्म दे सकती है, एक क्रांति को प्रज्वलित कर सकती है, और एक समाज को नई दिशा दे सकती है। जब मार्टिन लूथर किंग ने अपने सपनों की कहानी सुनाई, तो उसने नस्लवाद के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा कर दिया। जब मलाला ने अपनी कलम से अपनी कहानी लिखी, तो उसने शिक्षा के लिए लड़ने की प्रेरणा दी। कहानियाँ सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि बदलाव का हथियार हैं।

20 मार्च का यह दिन हमें न केवल कहानियाँ सुनने और सुनाने की प्रेरणा देता है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि हर इंसान के भीतर एक अनकही कहानी छिपी है। आपकी जिंदगी का वह छोटा-सा किस्सा, जो आपको हँसाता है, या वह अनुभव, जो आपको रुला देता है–वह भी एक कहानी है। इस दिन हम यह संकल्प ले सकते हैं कि हम अपनी कहानियों को दुनिया के सामने लाएँगे। एक बच्चे को लोककथा सुनाएँगे, एक दोस्त के साथ अपने जीवन का कोई यादगार पल साझा करेंगे, या अपनी संस्कृति की गाथाओं को अगली पीढ़ी तक पहुँचाएँगे। कहानी कहना सिर्फ कला नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है–खुद को और दूसरों को जोड़ने की, प्रेरित करने की, और दुनिया को बेहतर बनाने की।

कहानी सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं, यह अनुभवों का उजाला है–एक रोशनी, जो न केवल हमारे भीतर के अंधेरे को मिटाती है, बल्कि दूसरों के जीवन में भी उजाला भरती है। जब हम कोई कथा कहते या सुनते हैं, तो यह केवल संवाद नहीं, बल्कि एक यात्रा का आरंभ होता है–एक ऐसी यात्रा, जो समय की सीमाओं को लाँघकर अनंत तक पहुँचती है। 20 मार्च, विश्व किस्सागोई दिवस, केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक अवसर है अपनी कहानियों को मुक्त करने का, अपनी आवाज़ को नई ऊँचाइयाँ देने का। आपकी कहानी, मेरी कहानी, हमारी कहानी–ये वे धागे हैं जो दुनिया को जोड़ते हैं, इसे संवेदनाओं की डोर में बाँधते हैं। तो आज, अपने शब्दों को पंख दें, अपने किस्सों को खुलकर बयां करें और उस जादू को महसूस करें, जो हर कहानी के भीतर छिपा होता है।

हर दिल में बस्ती है एक कहानी अधूरी,
सुनो, कहो, बनाओ इसे दुनिया की सबसे प्यारी सौगात पूरी,
जहां हर सपना सच हो, हर आंसू मुस्कान बन जाए,
और ये अधूरी कहानी, प्यार की अनमोल निशानी कहलाए।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

## संजीव-नी।

**छोड़ तट मिलान के।**

छोड़ तट मिलान के
लहरों में प्यार के
बह रहा हूं मैं असीम
नाव सा सब बंध-हीन।

नूपुर सी पायल के
स्नेहिल बाहों में प्यार के
हो गए छंद हीन
शब्द और गीत विहीन।

बंसी भी उनकी
छूकर अधर मेरे
हो गई स्वर विहीन
हो गई सुर विहीन।

नयनों में मेरे तरसे हुए
छलकती रूप से तेरे
तारिका सी नित नवीन
नभ में प्यार के अंतहीन।

**संजीव ठाकुर**

# कलियुग का बीरबल है मस्क का ग्रोक



आजकल भारत में 'ग्रोक' का हल्ला है। ग्रोक एक ऐसा चैटबॉक्स है जो आपके हर सवाल का जबाब देता है। बेझिझक देता है। लाजबाब है। हाजिर जबाब है। इन दिनों भारत में लोग ग्रोक को अपना गुरू मानने लगे है। ग्रोक एक ऐसा गुरु है जो जाति,धर्म और लिंग भेद से बहुत ऊपर है। ग्रोक ठेठ समाजवादी है। सबके लिए उपलब्ध है। ग्रोक दुनिया में किसी की नहीं सुनता सिवाय अपने मालिक एलन मस्क के। भारत के लोग जब राम मंदिर बना रहे थे, कुम्भ में डुबकियां लगा रहे थे। तब एलन मास्क ग्रोक को अमली जामा पहना रहे थे। आपने भी शायद मेरी तरह बचपन में अकबर-बीरबल के किस्से सुने होंगे । मुल्ला नसरुद्दीन की कहानियां सुनी होंगीं। जो हर सवाल का जबाब देने में माहिर थे। बीरबल की बुद्धिमत्ता के सामने मुग़ले आजम अकबर भी नतमस्तक हो जाते थे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीक के जमाने में आम जनता अकबर है और ग्रोक बीरबल। बस आप सवाल कीजिये और ग्रोक गुरु पलक झपकते आपके सवाल का जबाब पेश कर देंगे। अभी तक ये काम गूगल गुरु के जिम्मे था लेकिन अब ग्रोक ने गूगल गुरु को भी पछाड़ दिया है।ग्रोक 3 "पृथ्वी का सबसे स्मार्ट एआई" है।

दरअसल आज दुनिया के तमाम मुल्कों में फांसीवादी और तानाशाही प्रवृत्तियां तेजी से सिर उठा रही है। दुनिया के तमाम सत्ताप्रतिष्ठान अपनी जनता के सवालों के जबाब देने के लिए राजी नहीं हैं ,ऐसे में ग्रोक-3 के अवतरण ने लोगों को चौंका दिया है । लोग ग्रोक के दीवाने हो गए हैं। ग्रोक वे सब जानकारियां दे रहा है जो सत्ता प्रतिष्ठान छुपाने की कोशिश करता है।

ग्रोक अभी भारत,ऑस्ट्रेलिया ,फिलीपींस और दो अन्य देशों के लिए ही उपलब्ध है। अमेरिका को ग्रोक की जरूरत नहीं है।चीन की और ग्रोक देख नहीं सकता। भारत के नेता ग्रोक से आतंकित हैं क्योंकि ग्रोक दूध का दूध ,पानी का पानी करता दिखाई दे रहा है। भारत की सरकार ने बीबीसी द्वारा मोदी जी को लेकर बनाई गयी फिल्म प्रतिबंधित कर दी थी लेकिन ग्रोक 3 को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। किया भी नहीं जा सकता क्योंकि ग्रोक उस एलन मस्क का दास है जिसके घर आदरणीय मोदी जी बच्चे खिलने गए थे।

आपको सरल भाषा में बताऊँ तो अब ग्रोक कलिकाल का सबसे बड़ा और प्रामाणिक गुरु है। आज की पीढ़ी को यदि गुरु के बारे में बताया जाएगा तो कहा जाएगा

ग्रोक ब्रम्हा,ग्रोक विष्णु,ग्रोक देवो महेश्वरा

ग्रोक साक्षात् परमब्रम्ह तस्मै ,श्री ग्रोको नमो नम- ग्रोक कृत्रिम बुद्धि का ऐसा अनूठा उदाहरण है जो आभासी दुनिया के किसी भी मंचपर उयलब्ध किसी भी सूचना का विश्लेषण कर आपके सामने उपस्थित हो जाता है ,वो भी पलक झपकते हुए। ग्रोक त्रिनेत्र है। ग्रोक आभासी दुनिया पर मौजूद तस्वीरों,वेब सूचनाओं और पीडीएफ फाइलों को पढ़ने में समर्थ है ग्रोक की तीक्ष्ण बुद्धि का आधार उसका विशाल डाटा संग्रह है। इस समय दुनिया में 400 से अधिक सोशल मीडया मंच उपलब्ध हैं लेकिन इनमें 20 ही ज्यादा प्रचलन में हैं। ग्रोक-3 इन सबसे ऊपर है। सबसे आगे है। ग्रोक के रहते आपको कोई पप्पू नहीं बना सकता ,जैसे कि भारत में भाजपा और संघ ने राहुल गांधी को पप्पू बना दिया था। ग्रोक जनता को पप्पू के बारे में असली और प्रामाणिक सूचनाएं देने में समर्थ है ,

प्रश्नाकुल भारतीय समाज के लिए ग्रोक एक अजूबा है। लोग ग्रोक से वे सब सवाल कर रहे हैं जिनका उत्तर उसे सत्ता प्रतिष्ठान की और से नहीं मिल रहा। जनता जितना राहुल गाँधी के बारे में सवाल कर रही है, उससे ज्यादा प्रधानमंत्री मोदीजी के बारे में सवाल कर रही है। ग्रोक जनता को दोनों की हकीकत बता रहा है। ग्रोक के मुंहफट होने से सत्ता प्रतिष्ठान भयभीत है। सत्ता प्रतिष्ठान कोआशंका है कि ग्रोक भाजपा और संघ का तिलस्म तोड़ सकता है। अब भारत की सरकार के सामने दो ही विकल्प हैं। पहला ये कि ग्रोक को प्रतिबनाधित किया जाये और दूसरा ग्रोक से समझौता कर लिया जाये। ग्रोक को प्रतिबंधित करना भारत सरकार के लिए आसान नहीं है ,क्योंकि ग्रोक उन एलोन मस्क का उत्पाद है जो दुनिया के महाबली अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दायां हाथ है।

ग्रोक के प्रहार से बचने का दूसरा रास्ता मस्क से समझौता करना है। भारत की सरकार यदि मस्क के लिए भारत में कारोबार का दरवाजा खोल दे तो मुमकिन है कि मस्क ग्रोक की चाबी ऐंठ दें। उसकी प्रोग्रामिंग को इस तरह बदल दें कि वो मोदी जी की तरह सफेद सच के साथ सफेद झूठ भी बोलने लगे। ग्रोक कठपुतली नहीं है। ग्रोक मस्क के इशारों पर नर्तन करने वाली तकनीक है ,जो निर्बाध रूप से सभी को उपलब्ध है। आने वाले दिनों में ग्रोक भारतीय राजनीति की दशा और दिशा को कितना प्रभावित कर पाएगा कहना कठिन है। लेकिन जिस देश में मुद्दों के बजाय मुर्दो पर सियासत हो रही हो उस देश के लिए ग्रोक एक बड़ी समस्या बनने जा रहे हैं। ग्रोक न औरंगजेब के साथ है और न मोदी जी के साथ। ग्रोक न कांग्रेस के साथ है और न समाजवादियों के साथ। ग्रोक अभी सच के साथ है। सत्यम,शिवम,सुंदरम जैसा है।

आप सोच रहे होंगे कि भूलोक के इस नए गुरु का नाम ग्रोक क्यों रखा गया ? तो आपको बता दूँ ग्रोक शब्द रॉबर्ट हेनलेन के नोवल "स्ट्रेंजर इन ए स्ट्रेंज लैंड" से आया है। इसका उपयोग मंगल ग्रह पर पले-बढ़े एक किरदार द्वारा किया जाता है और इसका मतलब किसी चीज को पूरी तरह और गहराई से समझना है। कुल मिलाकर लोग ग्रोक के आगमन से खुश हैं। आप केवल मोदी जी या राहुल जी के बारे में ही नहीं बल्कि अपने बारे में भी सवाल कर सकते हैं। ग्रोक शायद ही आपको निराश करे ! भगवान ग्रोक को लम्बी उम्र दे ताकि ग्रोक प्रश्नाकुल समज की जिज्ञासाओं को लगातार शांत करता रहे।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बलिया प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राजकुमार बाघ के नाम रखने की मांग हुई तेज़

बलिया (यूपी) में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के नाम को लेकर काफ़ी गहमा गहमी चल रही है। विभिन्न राजनैतिक दलों और संगठनों के कार्यकर्ताओं ने ज़िला कलेक्ट्रेट पर पहुंच कर मेडिकल कॉलेज का नाम चित्तू पाण्डे से बदल कर स्वतंत्रता सेनानी शाहिद राजकुमार बाघ के नाम पर रखने के लिए प्रदर्शन किया। सभी प्रदर्शनकारी ज़िला जेल पहुंच कर जेल परिसर में मौजूद शाहिद राजकुमार बाघ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोगों ने बताया कि 1942 में महात्मा गांधी जी के आंदोलन में राजकुमार बाघ जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बलिया को अंग्रेजों की चंगुल से आजाद कराने में राजकुमार बाघ ने अहम भूमिका निभाई थी। पर अफसोस इस बात का है कि किसी ने अंग्रेजों से उनकी मुखबिरी कर दी। उन्हीं मुखबिरों की मदद से अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ लिया और 23 मार्च 1943 को बलिया जेल परिसर में मौजूद एक पीपल के पेड़ से बांध कर गोली मार दी। प्रदर्शनकारियों में बैरिया के विधायक जय प्रकाश अंचल, एमआईएम पार्टी के प्रदेश मोहम्मद शमीम खान समेत कई कार्यकर्ता और नेता शामिल थे।

### निष्पक्ष मेरिट के आधार पर सरकार कर रही आंगनबाड़ी भर्ती दलालों से बचें मुख्य विकास अधिकारी

शाहजहांपुर/जनपद में न्याय प्रिय अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने वाली मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर लोगों से आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के दौरान नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी



करने वालों से सतर्क रहने की अपील की है बताया कि वर्तमान में शासन की मंशा के अनुरूप बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा नगर व/ग्रामीण क्षेत्र में 342 रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, के पदों पर हो रही भर्ती में ग्रामीण क्षेत्रों से भ्रष्टाचार सम्बन्धी प्राप्त हो रही शिकायतों के दृष्टिगत रिक्त पदों भर्ती प्रक्रिया पूर्णरूप से निष्पक्ष, पारदर्शी कराये जाने के उद्देश्य से जनपद वासियों एवं अभ्यार्थियों को विडियो सन्देश प्रसारित कर, जागरूक कर अवगत कराया गया है कि उक्त भर्ती आनलाईन माध्यम से प्राप्त आवेदनों को शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन्स के अनुरूप मैरिट के आधार पर जिला चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। पात्र अभ्यार्थियों का चयन पूर्णतया मैरिट के आधार पर किया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति/दलाल अभ्यार्थी के आवेदन में त्रुटि या अन्य कारण बताकर अभ्यार्थी या उसके परिवार से किसी प्रकार की धनराशि की मांग करता है तो तत्काल दूरभाष पर फोन कर शिकायत दर्ज कराये। उक्त पदों पर भर्ती पूर्णतया निष्पक्ष/पारदर्शी तरीके से सम्पन्न की जायेगी। किसी प्रकार के प्रलोभन में न आये। शीघ्र ही चयनित अभ्यार्थियों को नियुक्ति आदेश वितरित किये जायेगें।

### ग्राम भगनपुर में सादगी और धूमधाम से फूलों की होली का आयोजन

**चित्रकूट।** रंग पंचमी के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत भगनपुर में देवराज कोटेदार के आवास पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय और गांव के कलाकारों द्वारा होली और फगुआ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम और सादगी से किया गया, जो इस पारंपरिक उत्सव को और भी खास बना गया। कार्यक्रम के आयोजक रामरूप पटेल पत्रकार, राजेश कुमार पटेल और छात्र नेता सचिन पटेल ने बताया कि इस वर्ष भी रंग पंचमी के अवसर पर होली और फगुआ गीतों की प्रस्तुति पहले की तरह भव्य तरीके से की गई। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी बेहद सफल और यादगार रहा, जिसमें गांव और क्षेत्र के सभी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश गौतम, सत्यनारायण गौतम, जानकी प्रसाद पटेल, रामप्रसाद पटेल, नंदकिशोर पटेल, रामप्रसाद सीतापुर, फूलचंद मास्टर नगड़िया मनोहरगंज, नगन प्रसाद, ढोलक मास्टर गौरव, हारमोनियम वादक हनुमान प्रसाद, नरेश पटेल मजीरा मास्टर, शिवलाल भाई मास्टर गोबरिया, जेके मुगौडी, महेश गुप्ता, महेश पटेल, फूलचंद मास्टर, इन्द्रजीत पटेल, मनोज कुमार, मनीष कुमार, रज्जू, नवल किशोर, हीरवा, चिकरम संपत, पप्पू नाई, शिवप्रसाद, जगदीश प्रसाद, सरजो, लक्ष्मणदयाल, संतोष चच्चा, गौकरण, हरक्षट, बूटा सिंह, सुनील कुमार, बाबूराम, श्याम, छोटे लाल प्रजापति, रामिमलन, कल्लू, मुकेश खेंगर, संतोष जमादार और अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क के किनारे रखे पाइप से दुर्घटना होने का खतरा

स्वतंत्र प्रभात

**बलिया( यूपी )।** जनपद के शहरों और गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाइप लाइन का काम बड़े ही ज़ोर शोर के साथ चल रहा है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अभी भी बहुत से पाइप सड़कों के किनारे पड़े हुए हैं जिसे लगाया नहीं गया है। सड़क के किनारे रखे हुए पाइप के कारण कभी भी कोई भारी दुर्घटना घट सकती है। ज़िला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने सख्त निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारी को कहा है कि अगर सड़क किनारे रखे हुए पाइप से कोई घटना घटेगी तो विभागीय अधिकारी पर मुकद्दमा दर्ज किया जाएगा ।योजनाओं में इस्तेमाल होने वाले पाइप को सड़क किनारे रखा गया है। अगर इन पाइप के कारण सड़क हादसे होंगे तो विभागीय अधिकारियो पर एफआईआर दर्ज की जाएगी ।तहसील पत्रकार-अब्दुल रहमान



ने जानकारी देते हुए हमारे वरिष्ठ संवाददाता- सैयद सेराज अहमद को बताया कि जिलाधिकारी ने जल निगम जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया है कि सड़क किनारे रखे गए पाइपों को शीघ्र हटवाया जाए। सड़क पर पड़े हुए पाइपों की वजह से अगर कोई दुर्घटना होती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराई जाएगी। आगे उन्होंने ने कहा की जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने की जरूरत है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

# बच्चा चोरी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार के पुलिस ने तीन वर्षीय बच्चे को किया बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** अतरौली थाना क्षेत्र से 21 फरवरी को तीन वर्षीय बच्चे के गुमशुदा होने के मामले में पुलिस टीम ने आंध्र प्रदेश पुलिस की मदद से बच्चा चोरी करने वाले गैंग की एक महिला सहित तीन बच्चा चोरों को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद किया है ।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बच्चे को बरामद करने वाली टीम को पच्चीस हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया है ।प्राप्त विवरण में 21 फरवरी को बच्चे की मां द्वारा थाना अतरौली पर तहरीर दी गयी कि वह अपने मायके ग्राम गौरीकला थाना अतरौली शादी मे आयी थी। जहां शाम के समय उनका 03 वर्षीय पुत्र रितिक अचानक लापता हो गया है। इस संबंध में तहरीर के आधार पर थाना अतरौली पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। उपरोक्त बालक की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक श्री जादौन द्वारा टीम गठित कर लगाया गया ।पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपहृत / गुमशुदा बच्चों/बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान 卐ऑपरेशन स्माईल卐 के क्रम में गठित पुलिस टीम के मार्कण्डेय सिंह प्रभारी निरीक्षक अतरौली,उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह,रोहित कुमार,कुलदीप कुमार,महिला उपनिरीक्षक सीमा सिंह और पुलिस बल द्वारा साक्ष्य संकलन व मोबाइल सर्विलांस की मदद से अथक प्रसास किया जा रहा था। अपहृत बच्चे रितिक के संबंध में सर्विलांस के माध्यम से अभय वर्मा व उमाशंकर का संदिग्धता प्रतीत हुई जिसपर इनसे पूछताछ की गयी। कई बार की पूछताछ में इनके द्वारा बताया गया कि जनपद हरदोई थाना क्षेत्र अतरौली व जनपद सीतापुर से 02 बच्चों सहित कुल 03 बच्चों को (एक थाना अटरिया में शादी समारोह में से आर्यन उम्र करीब 03 वर्ष को दस फरवरी को व थाना बिसवां से कार्तिक मौर्या उम्र 03 वर्ष को मेले से 27 दिसम्बर 24 को चोरी किये गये



थे) चोरी कर के दिल्ली में रह रही महिला सोनिया को दे देते थे। सोनिया विजयवाडा में रहने वाली शारदा, हसीना व बिजली को बेच देती थी। सोनिया नाम की महिला को पूछताछ के आधार पर बुलवाया गया तथा उससे भी पूछताछ व जानकारी की गयी तो बताया कि हरदोई वाले बच्चे को तेलंगाना शारदा के माध्यम बेचने हेतु भेजा है। उक्त बताये अनुसार एक टीम 14 मार्च को तेलंगाना रवाना किया गया था। सोनिया द्वारा चोरी किये गये तीनों बच्चों को जिसमें हरदोई के बच्चे को शारदा के माध्यम से तेलंगाना में अज्ञात व्यक्ति को बेचा गया तथा सीतापुर के 02 बच्चे जिसमें से एक को राजमुंद्री व एक को विजयवाडा में बेचा गया है। उक्त दोनो बच्चों की बरामदगी हेतु पुलिस की एक टीम वहां मौजूद थी। जिनकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा था कि सोनिया द्वारा बतायी गई जानकारी के आधार पर रवानशुदा टीम अवगत कराया जाता रहा रवानाशुदा टीम द्वारा स्थानीय तेलंगाना व आंध्र प्रदेश की पुलिस द्वारा अपेक्षित सहयोग किया गया तथा बच्चे की सकुशल बरामदगी की गई। मौके से पठान मुमताज उर्फ हसीना, विक्कोल बिजली व मुडावती शारदा फरार हो गई। पुलिस टीम द्वारा बच्चे को हवाई जहाज के माध्यम से सकुशल हरदोई लाया गया। सीतापुर के दोनो बच्चों की बरामदगी हेतु टीम वहां पर कार्यरत है। इन अभियुक्तों द्वारा जो बच्चे चुराये जाते थे उनको 05-05 लाख रुपये में बेचा जाता था ।बच्चे चोरी करने की घटना में संलिप्त गिरोह के अभय वर्मा पुत्र प्रदीप कुमार निवासी अलायपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर, उमाशंकर पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र रावत निवासी ग्राम शाहपुर थाना महगवां जनपद लखनऊ और सोनिया उर्फ सुनीता पत्नी राजकुमार शर्मा निवासी मंगोलपुरी नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया ।पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों का बच्चा चोरी करने का एक अंतर्राजीय सक्रिय गिरोह है जिसमें कई महिलाएं भी शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा क्षेत्र में घूम-घूमकर रैकी की जाती है तथा शादी समारोहों, भीड़ ?भाड़ वाले स्थानों आदि से छोटे-छोटे बच्चों को चाकलेट देकर, मोबाइल दिखाने के बहाने व बहला फुसलाकर उठा ले जाते हैं तथा बच्चों के फोटों अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता उपरोक्त को भेज दी जाती हैं। जिसके आधार पर बच्चों के रंग रुप अनुसार बच्चे की कीमत तय की जाती है। अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता के बताने के अनुसार दोनों अभियुक्तों द्वारा बच्चे को दिल्ली पहुंचा दिया जाता था। जिसे अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता द्वारा बच्चे को दिल्ली में तैयार कराकर विजयवाडा में मौजूद शारदा, मुमताज व बिजली को फोटों भेजती थी। इन बच्चों को उपरोक्त महिलाओं को उचित कीमत पर बेच देती थी ।पलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरदोई द्वारा टीम को 25 हजार रूपये का परस्कार दिया।

# ग्राम भगनपुर में सादगी और धूमधाम से फूलों की होली का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** रंग पंचमी के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत भगनपुर में देवराज कोटेदार के आवास पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय और गांव के कलाकारों द्वारा होली और फगुआ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम और सादगी से किया गया, जो इस पारंपरिक उत्सव को और भी खास बना गया। कार्यक्रम के आयोजक रामरूप पटेल पत्रकार, राजेश कुमार पटेल और छात्र नेता सचिन पटेल ने बताया कि इस वर्ष भी रंग पंचमी के अवसर पर होली और फगुआ गीतों की प्रस्तुति पहले की तरह भव्य तरीके से की गई। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी बेहद सफल और यादगार रहा, जिसमें गांव और क्षेत्र के सभी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश गौतम, सत्यनारायण गौतम, जानकी प्रसाद पटेल, रामप्रसाद पटेल, नंदकिशोर पटेल, रामप्रसाद सीतापुर, फूलचंद मास्टर नगड़िया मनोहरगंज, नगन प्रसाद, ढोलक मास्टर गौरव, हारमोनियम वादक हनुमान प्रसाद, नरेश पटेल मजीरा मास्टर, शिवलाल भाई मास्टर गोबरिया, जेके मुगौडी, महेश गुप्ता, महेश पटेल, फूलचंद मास्टर, इन्द्रजीत पटेल, मनोज कुमार, मनीष कुमार, रज्जू, नवल किशोर, हीरवा, चिकरम संपत, पप्पू नाई, शिवप्रसाद, जगदीश प्रसाद, सरजो, लक्ष्मणदयाल, संतोष चच्चा, गौकरण, हरक्षट, बूटा सिंह, सुनील कुमार, बाबूराम, श्याम, छोटे लाल प्रजापति, रामिमलन, कल्लू, मुकेश खेंगर, संतोष जमादार और अन्य लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम ने पूरे गांव को उत्साह और रंगों में रंग दिया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और ग्रामीण कलाकार इस रंगीन पर्व के जश्न में शामिल हुए और गांव के माहौल को और भी जीवंत बना दिया। फूलों की होली, होली और फगुआ गीतों की प्रस्तुति ने इस आयोजन को एक अलग ही रंग दे दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे एक अभूतपूर्व अनुभव बताते हुए आयोजकों की सराहना की और आने वाले वर्षों में भी इस प्रकार के आयोजनों के लिए उत्साहित रहे।

# मासूम के प्राइवेट पार्ट पर चलाया ब्लेड, हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** बदलापुर थाना क्षेत्र के बदलापुर खुर्द गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। डेढ़ साल के मासूम के प्राइवेट पार्ट पर किसी ने ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर जब परिजन पास पहुंचे तो उसे लहूलुहान हालत में देखकर दंग रह गए। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**बरामदे में सो रहा था मासूम, अचानक हुआ हमला**

रविवार दोपहर डेढ़ साल का श्रेयांश अपने घर के बरामदे में सो रहा था। उसकी तीनों छोटी बहनें पास में खेल रही थीं और मां घर के अंदर काम कर रही थी। इसी दौरान किसी ने मासूम के प्राइवेट पार्ट को ब्लेड से काट दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे तो उसे खून से लथपथ पाया। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बच्चे को बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में वाराणसी से न्यूरोसर्जन बुलाकर बच्चे का ऑपरेशन कराया गया। फिलहाल उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**पड़ोस की महिला पर शक, होली के दिन हुआ था विवाद**

बच्चे के दादा लाल बहादुर निषाद ने आरोप लगाया कि होली के दिन पड़ोस की एक महिला से उनके परिवार का विवाद हुआ था। इसके बाद अचानक उनके नाती के साथ ऐसी घटना हो गई, जिससे परिवार सदमे में है। लाल बहादुर ने आशंका जताई कि वही महिला इस घटना के पीछे हो सकती है। उन्होंने बताया कि घटना के समय बच्चा जींस की पैंट पहनकर सो रहा था। ऐसे में इस बर्बर वारदात को अंजाम देने वाले ने सोची-समझी साजिश के तहत इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया होगा। बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण पूरा परिवार रो-रोकर बेहाल है।

**पुलिस जुटी जांच में, आरोपी की तलाश जारी**

मासूम के साथ हुई इस बर्बरता के बाद पुलिस हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है। क्या वास्तव में वह महिला ही दोषी है, जिस पर परिजनों को शक है, या फिर किसी और ने दुश्मनी निकालने के लिए मासूम को अपना शिकार बनाया? पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है। इस मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा, बदलापुर खुर्द गांव में एक मासूम बच्चे के प्राइवेट पार्ट को चोट पहुंचाने की सूचना मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बच्चे का इलाज कराया जा रहा है और परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**न्याय की मांग, गांव में आक्रोश**

घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जानी चाहिए। वहीं, परिजनों की मांग है कि मासूम को न्याय मिले और इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

**बड़ा सवालः आखिर कौन है मासूम का गुनहगार?**

इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। सवाल उठता है कि आखिर एक मासूम को इतनी बेरहमी से घायल करने के पीछे कौन हो सकता है? क्या यह किसी पुरानी रंजिश का नतीजा है या किसी की घिनौनी मानसिकता की उपज? पुलिस की जांच से ही इस सवाल का जवाब मिल सकेगा। फिलहाल, परिजन बच्चे की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं और न्याय की आस लगाए हुए हैं।

# जिला अधिकारी ने दिए पुराने मुकदमों को शीघ्रता से निस्तारण करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड (राजस्व कार्य), कर-करेत्तर, राजस्व वाद, खनन कार्य, खाद्य एवं औषधि विभाग के कार्य, राज्यकर वसूली की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना के एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों को जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिए कि तहसील की सीमा स्तंभ कार्य को ठीक से अपनी देखरेख में तेज गति से कराना सुनिश्चित करें। अंश निर्धारण कार्य की स्थिति ठीक ना होने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आय, जाति, निवास बनने के आवेदन समय से अधिक लंबित होने पर जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए जिलाधिकारी ने कहा। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सरकारी जमीन पर कहीं भी अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों में लंबित वादों के विषय में गहन समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को समयान्तर्गत मुकदमों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी के कहा कि धारा 24 के मुकदमें अधिक समय नहीं चलने चाहिए। वहीं धारा 34, धारा 38, धारा 67 के मुकदमों को भी समय सीमा में निस्तारण किया जाए, धारा 80 व धारा 116 से सम्बन्धी मुकदमों का समय से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व निर्धारण के कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही खतौनी में अंश निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से और समयानुसार की जाए। उत्तराधिकार, स्वामित्व, रियल टाइम खतौनी और ई- परवाना से सम्बंधित मामलों में समयानुसार कार्यवाही की जाए।

कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से विभिन्न विभागों खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, तहसीलों में बकायेदारों, बैंक आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बंधित सभी बड़े बकायेदारों से राजस्व देयकों की वसूली कार्य को प्राथमिकता से संपादित करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें।

# डियूटी में लापरवाह सफाईकर्मी राम पूजन यादव को मिला नोटिस

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिलेमे सोशल मीडिया पर वायरल / सम्मानित समाचार पत्रों में ड्यूटी से गायब सफाईकर्मी राम पूजन यादव की खबर प्रकाशित होने पर सहायक विकास अधिकारी / एडीओ पंचायत शिवलाल ने उक्त मामले का संज्ञान लिया है । एडीओ पंचायत ने ड्यूटी से गायब सफाई कर्मी राम पूजन यादव को नोटिस जारी कर ड्यूटी से गायब होने की मामले में जबाव मांगा है और प्रतिदिन तैनात ग्राम पंचायत परसा शिवराज में साफ सफाई किये कार्य का फोटो / वीडियो भेजने का निर्देश दिया है । विकासखंड रामनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा शिवराज में तैनात सफाई कर्मी राम पूजन यादव ड्यूटी से गायब रहते थे जिसका खुलासा दिनांक - 10-03-2025 को सावित्री मैरिज हाल में हुए सामूहिक विवाह के दिन हुआ था । सामूहिक विवाह समारोह के दौरान मीडिया टीम और एडीओ समाज कल्याण अधिकारी प्रशान्त खरे के बीच सामूहिक विवाह समारोह में अवस्थाओं को लेकर कहा सुनी हो गया था तब बीच में सफाई कर्मी राम पूजन यादव एडीओ समाज कल्याण अधिकारी प्रशान्त खरे के बचाव में उतर गये थे और सामूहिक विवाह समारोह में समस्त समाग्री की देख भाल का जिम्मेदारी




सफाईकर्मी राम पूजन यादव की थी । सामूहिक विवाह समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सफाईकर्मी राम पूजन यादव की तैनाती के सम्बंध में एडीओ पंचायत / सहायक विकास अधिकारी कप्तानगंज सुशील कुमार श्रीवास्तव से जानकारी की गई तो एडीओ पंचायत कप्तानगंज ने बताया कि सफाईकर्मी राम पूजन यादव की तैनाती कप्तानगंज ब्लाक में नही है । सफाईकर्मी रामपूजन यादव की तैनाती राम नगर ब्लाक में है ।सूत्रों से जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि सफाईकर्मी राम पूजन यादव की वर्तमान तैनाती विकासखण्ड राम नगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसा शिव राज में है जहां ग्राम प्रधान और सचिव को बिना ग्राम पंचायत में डियूटी किये पेरोल प्रमाणित करवाने के लिए प्रतिमाह सुविधा शुल्क देता है ।इस सम्बंध में ग्राम प्रधान एवं सचिव से फोन के माध्यम से जानकारी लेने के लिए मीडिया ने फोन किया था लेकिन ग्राम प्रधान और सचिव ने फोन रिसीव नहीं किया था । उक्त प्रकरण में एडीओ पंचायत शिव लाल ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था ।इस सम्बंध में एडीओ पंचायत शिव लाल ने बताया कि पहले मामला संज्ञान में नहीं था लेकिन सोशल मीडिया पर डियूटी से गायब सफाईकर्मी राम पूजन यादव की खबर वायरल होने पर मामला संज्ञान में आया था ।उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल डियूटी में लापरवाही करने वाले सफाईकर्मी रामपूजन यादव को डियूटी से गायब मामले में नोटिस जारी कर दिया गया है और डियूटी से गायब के संबंध में जबाव मांगा गया है । वर्तमान समय में सफाई कर्मी राम पूजन यादव तैनात ग्राम पंचायत में प्रतिनिधि डियूटी कर रहे हैं और प्रतिदिन ग्राम पंचायत में किये गये साफ - सफाई का फोटो / वीडियो हमारे पास भेज रहे हैं स्पष्टीकरण / जबाव आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।

# हाईस्कूल इंटर बोर्ड परीक्षा की 5790 उत्तर पुस्तिकाओं का पहले दिन हुआ मूल्यांकन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटर बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन मंगलवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में शुरू हो गया। पहले दिन 5790 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन केंद्र पर इस वर्ष हाईस्कूल की 78,808 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है, जिसमें से अब तक 70,189 उत्तर पुस्तिकाएं आ चुकी हैं। पहले दिन कुल 4588 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। वहीं, इंटरमीडिएट की 60,044 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है, जिसमें से 48,312 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हो चुकी हैं और पहले



दिन 1202 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। मुख्य नियंत्रक और जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया और बोर्ड की गाइडलाइनों के अनुसार मूल्यांकन की प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो परीक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए नहीं आए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, पहले दिन अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 38 टीमें बनाई गई हैं, जिनमें एक डिप्टी हेड तैनात किया गया है। वहीं, इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 32 टीमें बनाई गई हैं। मूल्यांकन के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं में जो अंक दिए जा रहे हैं, वे मुख्य पृष्ठ पर भी सही ढंग से अंकित हों और अंदर और बाहर के अंकों में कोई भिन्नता न हो। इसके अलावा, किसी भी प्रकार की ओवर राइटिंग की अनुमति नहीं है। उप नियंत्रक डॉ. रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। अलग-अलग कोठार बनाए गए हैं और अवार्ड ब्लैंक के रखरखाव के लिए पत्राचार विभाग का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होता जाएगा, वैसे-वैसे अवार्ड ब्लैंक को परिषद कार्यालय भेजा जाएगा, ताकि बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने में कोई बाधा उत्पन्न न हो। मूल्यांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपादित करने में मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ. रमेश सिंह चंदेल, हाई स्कूल कोठार प्रभारी रामसिया वर्मा, ज्ञानेंद्र चौधरी, विनय त्रिपाठी और इंटर कोठार में प्रभारी ओंकार सिंह, अमोल सिंह, शिवाधार पांडेय के अलावा पत्राचार प्रभारी एस. एन. त्रिपाठी, विजय कुमार पांडेय सहित कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन कर्मचारियों ने मूल्यांकन कार्य में पूरे दिन मुस्तैदी से काम किया और प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया में पर्यवेक्षक डॉ. आदर्श कुमार त्रिपाठी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सदर बीईओ शशांक शेखर शुक्ला भी पूरे दिन मूल्यांकन कार्य की निगरानी करते रहे। इस प्रकार, बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के शुरू हो गई है और शिक्षा विभाग की ओर से इसे सही दिशा में संचालित करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सिलापथार के ज्योतिनगर रोड पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**धेमाजी असम।** सिलापथार में आज एक दुखद सड़क दुर्घटना घटी। पीड़ित की पहचान 24 वर्षीय बिस्वजीत कोंवर के रूप में हुई, जो सिलापथार पूर्वांचल महा विद्यालयब के चौथे सेमेस्टर का स्नातकोत्तर छात्र था। ज्योतिनगर रोड पर पत्थर ले जा रहे लाल रंग के ट्रैक्टर (एएस 22 सी/5763) ने उसे टक्कर मार दी, जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान डिब्रूगढ़ निवासी के रूप में हुई है। घटनास्थल से सिलापथार पुलीस ने आकर पीड़िता का शव बरामद किया तथा जांच जारी है।

### टैंकर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मृत्यु

**राया।** कस्बा राया में मांट रोड के समीप बाइक पर बैठी महिला को टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक पर बैठी महिला गिर गई और टैंकर के नीचे आ गई। एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। थाना पुलिस ने महिला को कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पति जितेंद्र सिंह ने बताया कि वह बाइक से पत्नी के साथ जा रहे थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**मथुरा।** बुधवार को सुबह करीब नौ बजे सौंख मगोर्रा मार्ग पर तेज गति से आती हुई कार ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है। बुधवार की सौंख मगोर्रा मार्ग पर पर ग्राम मगोर्रा के निकट एक कार ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना में गंभीर घायल गुड्डी देवी निवासी भडकौली थाना फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा को उपचार हेतु जिला अस्पताल मथुरा भेजा गया। जहां चिकित्सकों द्वारा गुड्डी देवी को मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार अन्य घायल रीना तथा विशाल निवासीगण भडकौली थाना फतेहपुर सीकरी का उपचार केएम मेडीकल कालेज पाली डूँगरा में चल रहा है।

### वांछित चल रहे आठ अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना मांट पुलिस ने आठ वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने अभिक्तों को उनके आवास से करीब नौ बजे न्यायालय द्वारा जारी एनबीडबल्यू के क्रम में फत्ते सिंह पुत्र गुलजारी निवासी प्रेम नगर थाना मांट, प्रहलाद पुत्र प्रताप सिंह निवासी प्रेमनगर थाना मांट, सूरज पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी प्रेमनगर थाना मांट को गिरफ्तार किये ये अभियुक्त न्यायालय में विचाराधीन दो मुकदमों में वांछित चल रहे थे। वहीं बलवीर पुत्र जगदीश निवासी जनकपुर थाना मांट, जगदीश पुत्र बुद्धा निवासी जनकपुर थाना मांट, वर्ष 2021 से संबंधित एक अभियोग में गैर जमानती वारंट जारी होने पर गिरफ्तार किया वहीं सोरन पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी मांट मूला थाना मांट तथा रामवीर सिंह पुत्र राम सिंह निवासी मांट मूला थाना मांट वर्ष 2015 से चल रहे एक अभियोग में वांछित होने पर गिरफ्तार किया है। वहीं अभियुक्त लाखन पुत्र हरी सिंह निवासी जहांगीरपुर थाना मांट वर्ष 2016 में दर्ज हुए दो आर्म्स एक्ट के मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहा था। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीत वर्मा थाना मांट, एसआई राकेश कुमार थाना मांट, एसआई शरद कुमार त्यागी थाना मांट तथा एसआई कपिल कुमार थाना मांट आदि थे।

### आधार कार्ड को लेकर सीडीओ ने की महत्वपूर्ण बैठक

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजेया चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित लखनऊ से आए आधार कार्ड प्रतिनिधियों के साथ चार्ज फॉर आधार सर्विस के संबंध में समीक्षा बैठक की। आधार कार्ड प्रत्येक भारतीय निवासी को सार्वभौमिक पहचान करता है। वर्तमान में आम जनमानस को आधार कार्ड की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। आधार कार्ड का उपयोग वर्तमान में विभिन्न शासकीय योजनाओं में किया जा रहा है। सभी आयु वर्गों के कोई भी आवेदक अपने नजदीकी आधार सेवा केन्द्रों पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क अदा कर आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही पूर्ण कर सकता है। इसके अतिरिक्त कोई भी 0-5 आयुवर्ग के बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन कार्य करा सकते है। सभी आयु वर्गों के आवेदक विभिन्न शासकीय डाटाबेसों में आधार लिंकेज एवं अपडेशन, आधार में बायोमेट्रिक डिटेल्स को अपडेट कराना सुनिश्चित करे।

# हीट वेव से निपटने के 'मथुरा प्लान' को मिली मान्यता

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर तेजी से उभर रहे मथुरा में मौसम आपदा प्रबंधन बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। 35 लाख स्थानीय जनता के साथ ही करोड़ों पर्यटक श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमेशा चुनौती देती है। इन चुनौतियों से स्थानीय आपदा प्रबंधन तंत्र कारगर तरीके से निपटता है। मथुरा में सर्दी और गर्मी दोनों रिकार्ड तोडती हैं। राजस्थान की सीमा से सटे और दिल्ली के नजदीक बसे मथुरा में भीषण गर्मी पडती है। हीट वेव की चपेट में जनद जल्द आ जाता है। हीट वेव प्रबंधन विगत कुछ वर्षों में खास कर पिछले दो साल में बडी चुनौती रहा है। मथुरा में हीट वेव से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर किये गये कार्यों को प्रदेश भर में सबसे बेहतर पांच कामों में गिना गया है। मथुरा जनपद को इस सूची में चौथा स्थान मिला है। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से 17 एवं 18 मार्च 2025 को हीट वेव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन लखनऊ स्थित जल एवं भूमि संस्थान में किया गया। जिसमें हीट वेव न्यूनीकरण के लिए किए जाने वाले कार्यों और उपायों पर चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा गत वर्ष 2024 में सभी 75 जनपदों के द्वारा किये गए कार्यों और हीट वेव प्रबंधन




योजना का मूल्यांकन भी किया गया। इस मूल्यांकन में जनपद मथुरा की ओर से आपदा विशेषज्ञ सुशील कुमार ने प्रतिभाग कर जनपद मथुरा में गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष में हीट वेव से निपटने के लिए किए गए न्यूनीकरण प्रयासों का प्रस्तुतिकरण भी किया। प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि जनपद में गत वर्षों की तुलना में उत्तरोत्तर गर्मी की तीव्रता बढ़ती ही जा रही है। हीट वेव से होने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए नवाचारों, जागरुकता एवं प्रशिक्षण माध्यमों को अपनाया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जीरो टॉलरेन्स, अवोइडेवल डेथ नीति पर लगातार कार्य कर रहा है। इस वर्ष में भी जनपद इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ़ता के साथ कार्य करेगा। इसी क्रम में जनपद में वर्ष 2024 में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हीट वेव कार्ययोजना-2024 तैयार की गई एवं इसी कार्ययोजना को जनपद में हीटवेव के दौरान लागू किया गया था। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों द्वारा हीट वेव कार्ययोजना-2024 तैयार की गई। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञों एवं यूनिसेफ द्वारा इन सभी योजनाओं का मूल्यांकन कर पांच सर्वश्रेष्ठ जनपदों को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष योगेंद्र ढिमरी द्वारा सम्मानित किया गया ।जिसमें जनपद मथुरा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

# मथुरा की पहचान खारी पानी ही बनेगा वरदान

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान (दुवासु) मथुरा के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में आज से एनएफडीबी प्रायोजित अंतर्देशीय खारे पानी के क्षेत्रों में झींगा पालन के लिए सर्वोत्तम प्रबंधन पद्धतियाँ विषय पर 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का क्षेत्र खारे पानी के संसाधनों से बहुत समृद्ध है। जिसका उपयोग झींगा फार्मों के विकास के लिए बहुत अच्छी तरह से किया जा सकता है। यह जिले में पहला प्रशिक्षण है। जिसमें प्रशिक्षुओं को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण कुमार मदान ने मछली पालकों को इस प्रशिक्षण अवसर का पूरा लाभ उठाने तथा विशेषज्ञों के व्याख्यानों से झींगा पालन की तकनीक सीखने की सलाह दी। अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान डॉ. नित्यानंद पांडेय ने झींगा पालन से होने वाले आय एवं लाभ के विषय में प्रशिक्षणार्थियों से विस्तृत चर्चा की।




कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं निदेशक प्रसार डॉ. अतुल सक्सेना, निदेशक शोध डॉ. विनोद कुमार, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा डॉ. विकास पाठक, उप निदेशक मत्स्य डॉ. राजेंद्र सिंह चंदेल, मुख्य वक्ता डॉ. देबतनु बरमन, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्रदेश के मत्स्य पालकों के साथ साथ आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान आदि प्रदेशों से भी मत्स्य पालक एवं छात्र उपस्थित रहे। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ .परमवीर सिंह, सहायक आचार्य, प्रशिक्षण सह समन्वयक सहायक आचार्य डॉ. मुक्ता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ लक्ष्मी प्रसाद, विभागाध्यक्ष एक्वाकल्चर विभाग द्वारा दिया गया।

# बलदेव क्षेत्र को मिलेगा अपना पहला मिली स्टेडियम

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** खेल अभी भी न आम आदमी और नहीं जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता हैं। खेलों पर खर्च करने की सोच अभी समाज में विकसित नहीं हुई। खेलों के नाम इक्का दुक्का खुले कुश्ती दंगल ही होते हैं। यह परंपरागत हैं, जिन कुश्तियों में पदक मिलते हैं और खेल आयोजनों का हिस्सा बनती हैं वह गददे की कुश्ती हैं, इसके लिए एक व्यवस्थित स्टेडियम की आवश्यकता होती है। यह दुभाग्य पूर्ण ही है कि मथुरा जैसे जगह पर सभी विधान सभाओं में सलीके का अपना खेल स्टेडियम नहीं है। ऐसी गतिविधियों के लिए युवा सोच की जरूरत होती है। प्रतीक भरंगर बलदेव ब्लाक का अध्यक्ष पद मिला तो युवाओं ने अपने साथी से सबसे पहले क्षेत्र को एक स्टेडियम की मांग की। केंद्रीय स्वतंत्र प्रभार मंत्री ने बलदेव क्षेत्र में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए 30 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी जिलाध्यक्ष राजपाल भरंगर व ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर ने कहा है कि काफी समय से बलदेव क्षेत्र में मिनी स्टेडियम के लिए प्रयासरत थे। जिसकी मांग अपनी पार्टी से की थी। आज वो सुनहरा मौका मिल गया। युवाओं में जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने बताया खेल से शारीरिक विकास होता है। जिसके लिए समय की जरूरत होती है संसाधन होने से कम समय में हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसके लिए जिम की आवश्यकता होती है। अब शहरों की तरह सभी सुविधाओं का लाभ ग्रामीण स्तर पर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र के लोग स्टेडियम के माध्यम से स्वस्थ्य रह सकते हैं। एक ही स्थान पर सभी प्रकार के खेलकूद सहित जिम की व्यवस्था हो जाएगी। अब भटकने की जरूरत नहीं है। शहरों की तरह लोग खेल सामग्री का प्रयोग करके स्वस्थ रह सकेंगे। स्टेडियम में रनिग ट्रैक, चेंजिग रूम, टॉयलेट, आउटडोर जिम, वाच गैलरी सहित अन्य सुविधाएं रहेंगी। युवा ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर ने बताया काफी समय से मिनी स्टेडियम के लिए प्रयासरत थे। युवाओं का सपना साकार होते हुए दिखकर आज खुशी है। युवाओं के लिए क्षेत्र में कुछ करके दिखाना मेरा सपना है। बलदेव क्षेत्र के गांव पचावर कैलाशी देवी इंटर कालेज पर मिनी स्टेडियम पर 30 लाख रुपये की लागत से स्टेडियम का निर्माण होगा।जिलाध्यक्ष राजपाल भरंगर , ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर व पार्टी के कार्यकताओं ने जयंत चौधरी जी आभार प्रकट किया है।

# नगर आयुक्त ने गोविंद नगर सड़क की गुणवत्ता परखी

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नगर आयुक्त द्वारा अर्बन रोड़ इन्फ्रास्टचर डेवलपमेन्ट एजेन्सी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रीन रोड़ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट योजनान्तर्गत निर्माणाधीन गोविन्द नगर सड़क का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के दृष्टिगत स्थलीय निरीक्षण किया गया। पूर्व में नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान कार्य को समयान्तर्गत प्रारम्भ करने एवं कुशल अभियन्ताओं की तैनाती करने के लिये फर्म मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन को तत्काल कार्य प्रारम्भ किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फर्म द्वारा धीमी गति से कार्य प्रारम्भ किया गया है। इस पर नगर आयुक्त द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये फर्म को



कड़ी फटकार लगायी गयी तथा कार्य को तीव्र गति से किये जाने के आदेश दिए गए तथा उक्त मार्ग के नाला निर्माण कार्य एवं लाइटों की केबिलों को भूमिगत किये जाने की समीक्षा की गई। साथ ही 15-15 दिवस के रोस्टर तैयार कर किये जाये, जिसके सापेक्ष नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण किये जायेगें। नगर आयुक्त द्वारा फर्म के प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों, अभियंताओं को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट से सायंकाल में अवगत कराये जाने एवं गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य कराये जाने के दिशा निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद धर्मेश तिवारी मुख्य अभियंता अमरेंद्र गौतम, सहायक अभियन्ता सिविल शंशाक, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग कृष्णा नगर, सीवरेज इकाई उत्तर प्रदेश जल निगम, कार्यदायी संस्था मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन के प्रोपराइटर आदि उपस्थित रहें।

## केंद्रीय मंत्री के कब्जे से खाली करायी जाएगी 15 एकड़ जमीन..........

मंत्री ने उनसे कहा कि पार्टी को चन्नापटना उपचुनाव के लिए 50 करोड़ रुपये की जरूरत है. इस पर विजय ने तुरंत जवाब दिया, सर, मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, मुझे अपने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट पूरे करने हैं, इसलिए मैं पार्टी के काम में शामिल होने की कोशिश करूंगा. उन्होंने कहा, कुमारस्वामी मेरी बातों से नाराज हो गए और कहा मुझे नहीं पता कि अगर आप 50 करोड़ रुपए तैयार नहीं करेंगे तो मैं क्या करूंगा. न केवल आप बेंगलुरु में रियल एस्टेट का कारोबार चलाएंगे, बल्कि यहां रहना भी मुश्किल हो जाएगा, उन्होंने धमकी दी और फोन काट दिया. विजय टाटा ने शिकायत में बताया, मेरे सामने बैठे रमेश गौड़ा ने धमकी दी कि कुमारन्ना (कुमारस्वामी) के कहे अनुसार 50 करोड़ तैयार रखो और मैं एक मंदिर और एक स्कूल बना रहा हूं, उसके लिए 5 करोड़ दो. उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर तुम यह पैसा नहीं दोगे, तो तुम्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा.विजय ने दावा किया कि जब उन्होंने रुपये देने में असमर्थता जताई तो कुमारस्वामी ने कथित तौर पर उन्होंने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी.

# बरसाना में दूसरे दिन भी बाधित रही रोप वे की सेवा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बरसाना के ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित राधा रानी मंदिर पर रोप वे के संचालन आई तकनीकी गड़बड़ी 24 घंटे बाद भी ठीक नहीं हो सकी थी। और रोपवे की सेवा सुचारु नहीं हो सकी थी। बुधवार को दोपहर बाद रोपवे को सहीं करने के लिए इंजीनियर बरसाना पहुंच गए। इंजीनियर बुधवार की शाम तक रोपवे को चालू करने का प्रयास करते रहे। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे राधा रानी मंदिर रोप वे से जाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन थी। मंदिर से तीन ट्रॉली छह छह श्रद्धालुओं को लेकर नीचे की ओर आ रही थीं। नीचे प्लेटफार्म पर आने से पहले तीन ट्रॉली कुछ ऊंचाई पर कुछ देर के लिए रुकती हैं, इस बीच नीचे आ चुकीं ट्रॉली से श्रद्धालु उतरते हैं। जब ऊपर ट्रॉली को रोकने के लिए ब्रेक लगाए गए, तो अचानक ब्रेक फेल हो गए, इससे तीन ट्रॉली तेजी से प्लेटफार्म पर पहुंचीं और आपस में टकरा गईं। इन ट्रालियों में 18 श्रद्धालु सवार थे। एक महिला श्रद्धालु को हल्की चोट आई। सभी श्रद्धालु सकुशल बाल बाल बच गए। इस घटना के बाद रोपवे के मैनेजर संजय सिंह ने वहां पर तकनीकि खराबी का बोर्ड लगा दिया। बुधवार सुबह जब रोप वे से मंदिर जाने के लिए यात्री वहां पहुंचे तो उनको निराशा हाथ लगी। क्योंकि आज भी रोप वे चालू नहीं हो सका। राधारानी रोप वे को चालू कराने के लिए संचालनकर्ता कंपनी के इंजीनियर बुधवार की दोपहर तीन बजे बरसाना पहुंचे। जो ट्रालियों के मरम्मत कार्य करने में जुट गए। इसके अलावा अन्य तकनीकी कमी को खोज रहे थे। शाम तक रोप वे चालू नहीं हो सका था। रोप वे की ट्रॉलियां टकराने के मामले में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने कहा कि हादसा क्यों हुआ इसके कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल संचालन रोक दिया गया है।

# एफएआईवीएम के होली मिलन में कारोबारी समस्याओं पर हुआ चिंतन

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल मथुरा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव और जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर अश्विनी मिश्रा ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और सुझाव जाने। फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के व्यापारियों ने जीएसटी व पुलिस विभाग से संबंधित अपनी समस्याएं रखी और उनके सुझाव भी साझा किए। एसपी ट्रैफिक ने कहा कि व्यापारी समाज के बंधुओं के सामंजस्य से ही किसी भी स्थानीय समस्या को हल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के समन्वय आयोजन प्रत्येक मास होने चाहिये। जीएसटी मथुरा के असिस्टेंट कमिश्नर अश्विनी मिश्रा ने कहा कि जीएसटी सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिये विभाग निराकरण के लिए तत्पर पर है। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि मथुरा वृन्दावन में जो भी ई रिक्शा चल रहे हैं। नगर निगम उन सबके चालकों के आई कार्ड बनाये। इसमें केशव ने हेल्थ इंश्योरेंस, बालकृष्ण चतुर्वेदी, कन्हैया दास, नितिन मसाले वालों, संदीप, महानगर महामंत्री सौरभ, अतुल शोरा वालों, जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने विचार व्यक्त किए। महानगर अध्यक्ष रासबिहारी अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन जिला महामंत्री सुभाष सैनी ने किया। कार्यक्रम में मनीष, चंद्रमोहन बंसल, रितिक सीए, मनीष गर्ग, आशीष अग्रवाल, योगेश गर्ग, लवी गोयल, आशीष बब्बू, आशीष, नत्थी लाल पाठक आदि उपस्थित रहे।

# प्राचीन टीलों से छेडछाड बडी आबादी के लिए खतरा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारीयो ने कलेक्ट्री पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय पर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मथुरा महानगर के वार्ड नंबर 64 चौबिया पाड़ा स्थित गली महोली की पौर में निरंतर फट रहे मकानों की समस्या से अवगत कराया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर एड. ने कहाकि चौबिया पाड़ा स्थित गली महोली की पौर में मकान फटने का सिलसिला निरंतर जारी है। यह लम्बे समय से चली आ रही परेशानी है। विगत कुछ समय ये सिलसिला तेज हो गया है। स्थिति यह है कि 18 मार्च 2025 को जिस मकान में तीन इंच की दरार थी एक ही दिन में यह दरार पांच इंच पर पहुंच गई है। गली मोहल्ले की पौर के निवासी भय के माहौल में अपना जीवन जी रहे हैं। मकान फटने का सिलसिला निरंतर जारी है। चौबिया पाडा क्षेत्र में सड़क तो बनती हैं लेकिन नालियां नहीं बनतीं। चार साल पहले विद्युत विभाग ने अंडर ग्राउंड विद्युत लाइन डाल कर इस पूरे टीले को खोखला कर दिया है। टीले से निकाली गई मिट्टी को टीम में ही समाया नहीं गया। कार्य के दौरान निकली मिट्टी को बाहर ले गये। इसके अलावा अंडरग्राउंड पानी की पाइप लाइन अंग्रेजों के जमाने की है। इसके उपर बिजली विभाग ने अपनी अंडर ग्राउण्ड बिजली की लाइन डाल दी। प्राचीन टीलों पर बसे चौबिया पाडा जैसे अतिसंवेदनशील आबादी क्षेत्र में बिना किसी सर्वे और अवैज्ञानिक तरीके से की गई खुदाई ने टीले के निवासियों के लिए



मुशीबत खडी कर दी। किसान संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पीड़ित लोगों को जल्द मुआवजा दिया जाए। चौबिया पाड़ा क्षेत्र के निवासियों के सभी टैक्स माफ किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान यूनियन सुनील के महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष करन पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता जन आंदोलन को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में महानगर संयोजक असलम कुरैशी, युवा नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, नगर सचिव जीतू आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

